www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार...

राष्ट्रीय संस्करण

SUNDAY

नई दिल्ली, रविवार, 24 मार्च , 2024

वर्ष – 16 | अंक –349 | पृष्ठ – 10

मूल्य –3.00 रु.

www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार...

# देशबन्धु

पत्र नहीं मित्र

साहित्य
छायावाद की प्रमुख स्तम्भ–महादेवी वर्मा पृष्ठ 06
विश्व भालू दिवस : आगरा स्थित केंद्र में शान से रह रहे 100 भालू पृष्ठ 10
प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ लोकसभा चुनाव लड़ने... पृष्ठ 02
■ होली को लेकर हाई अलर्ट पर दिल्ली के अस्पताल
■ एबीवीपी ने जीते संस्कृत सेंटर के काउंसलर्स पद 03
■ मॉस्को आतंकी हमले के बाद दिल्ली में रुसी दूतावास ने अपना...
■ पाकिस्तान सीमा पार से उद्योग स्तर पर फैला रहा आतंकवाद... 07



**रमजान मुबारक**

24 मार्च-13

| | | |
|---|---|---|
| खत्म सहरी | : | 5.02 |
| रोजा इफतार | : | 6.37 |

## सार संक्षेप

### कांग्रेस ने कर्नाटक में बनाए पांच कार्यकारी अध्यक्ष



**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कर्नाटक के लिए पांच कार्यकारी अध्यक्ष तथा अन्य पदाधिकारी नियुक्त किए हैं। कांग्रेस महासचिव के सी वेणुगोपाल ने बताया कि पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने इन सभी नियुक्तियों को मंजूरी दी है और उन्हें तत्काल प्रभाव से अपना काम शुरू करने के लिए कहा है। उन्होंने बताया कि वरिष्ठ नेता तनवीर सैव, जीसी चंद्रशेखर, विनय कुलकर्णी, मंजुनाथ भंडारी तथा वसंत कुमार को कार्यकारी अध्यक्ष बनाया गया है।

### चीन से लाया गया कुख्यात गैंगस्टर विट्ठल पुजारी



**मुंबई।** मुंबई पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है। कुख्यात गैंगस्टर प्रसाद विठ्ठल पुजारी को पुलिस चीन से वापस मुंबई ले आई। इंटरपोल ने उसके खिलाफ रेड कॉर्नर नोटिस भी जारी किया था। गैंगस्टर प्रसाद विठ्ठल पुजारी (44) उत्तर-पूर्वी मुंबई के विक्रोली उपनगर का निवासी है। पुलिस के अधिकारियों की एक टीम पुजारी को सुबह फ्लाइट से मुंबई लेकर पहुंची और उसे लॉक-अप में ले जाया गया।

### बिहार में 12वीं परीक्षा के नतीजे घोषित, 87 फीसदी से अधिक पास



**पटना।** बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने शनिवार को 12वीं के परीक्षा परिणाम घोषित कर दिए। इस साल 87.21 प्रतिशत परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए हैं। समिति के अध्यक्ष आनन्द किशोर ने परीक्षाफल जारी करते हुए कहा कि इस वर्ष परीक्षा में कुल 12,91,684 परीक्षार्थी शामिल हुए थे, जिसमें से 11,26,439 परीक्षार्थी पास हुए, यानी 87.21 प्रतिशत परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए।

### अमृतसर में सीमा के पास के गांवों से दो पाकिस्तानी ड्रोन बरामद



**अमृतसर।** पंजाब पुलिस और सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने शनिवार को अमृतसर के सीमावर्ती इलाके के दो गांवों से दो पाकिस्तानी ड्रोन बरामद किए। अटारी के डीएसपी सुखजिंदर सिंह थापर ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर थाना घरिंडा पुलिस और बीएसएफ की तलाशी के दौरान आज नेस्टा और अटलगढ़ गांव के खेतों से एक-एक ड्रोन बरामद किए गए। तड़के पौने तीन बजे नेस्टा गांव के पास से एक छोटा ड्रोन बरामद किया गया। दोपहर बाद दूसरा ड्रोन मिला।

# मास्को में बड़ा आतंकी हमला

**आतंकवादियों ने गोला-बारूद के साथ-साथ स्वचालित हथियारों का भी इस्तेमाल किया**

- हमले में 100 से अधिक लोग घायल
- 11 लोगों को अब तक हिरासत में लिया




## पुतिन ने की राष्ट्रव्यापी शोक की घोषणा

मॉस्को। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने शनिवार को मॉस्को के पास क्रोकस सिटी हॉल कॉन्सर्ट स्थल पर आतंकवादी हमले के पीड़ितों के लिए 24 मार्च को देशव्यापी शोक की घोषणा की। श्री पुतिन ने हमले के बाद रूसियों को अपने संबोधन में कहा, 'मैं 24 मार्च को राष्ट्रीय शोक दिवस घोषित करता हूं।'

**मॉस्को,** 23 मार्च (एजेंसियां)। रूस की राजधानी मॉस्को में एक कॉन्सर्ट हॉल में शुक्रवार को हुए आतंकवादी हमले में मरने वालों की संख्या बढ़कर 143 हो गई है जबकि 100 से अधिक लोग घायल हैं। रूस की जांच समिति ने शनिवार को यह जानकारी दी।

समिति ने कहा कि आपातकालीन सेवाएं आतंकवादी हमले स्थल – मॉस्को ओब्लास्ट में क्रोकस सिटी हॉल से मलबे को हटाने का काम जारी था क्योंकि वहां से और शव पाये गये थे। प्रारंभिक निरीक्षण के बाद समिति ने कहा कि आतंकवादियों ने कॉन्सर्ट हॉल में छोड़े गए गोला–बारूद के साथ–साथ स्वचालित हथियारों का भी इस्तेमाल किया। समिति ने कहा कि बैलिस्टिक, जेनेटिक और फिंगरप्रिंट जांच की जा रही है। समिति ने यह भी कहा है कि यह भी स्थापित हो गया है कि आतंकवादियों ने परिसर में आग लगाने के लिए ज्वलनशील तरल पदार्थ का इस्तेमाल किया था। रूस की खुफिया एजेंसियों ने मास्को के क्रोकस सिटी हॉल पर हमले के मामले की जांच के संबंध में 11 लोगों को हिरासत में लिया है जिसमें चार आतंकवादी बताए जा रहे हैं। ऐसा माना जा रहा है कि ये सभी क्रोकस सिटी हॉल हमले में सीधे तौर पर शामिल थे। समिति ने कहा कि यूक्रेन की सीमा के पास ब्रांस्क क्षेत्र में चार संदिग्धों को हिरासत में लिया गया।

### इस्लामिक स्टेट ने जिम्मेदारी ली

आतंकवादी संगठन इस्लामिक स्टेट ने मॉस्को के क्रोकस कॉन्सर्ट हॉल में हुई गोलीबारी और बम विस्फोट की जिम्मेदारी ली है। मॉस्को के बाहर क्रोकस सिटी हॉल के कॉन्सर्ट स्थल पर गोलीबारी हुई और उसके बाद भीषण आग लग गई। प्रारंभिक आंकड़ों के अनुसार, कई हथियारबंद लोगों ने कॉन्सर्ट स्थल में गोलीबारी की। रूस की जांच समिति ने आतंकवादी हमले में एक आपराधिक मामला दर्ज किया है। समिति ने कहा कि क्रोकस सिटी हॉल में घटनास्थल से हथियार और गोला–बारूद सहित महत्वपूर्ण साक्ष्य बरामद किए गए हैं जिसकी जांच चल रही है और कैमरा रिकॉर्डिंग का अध्ययन किया जा रहा है। आतंकवादी संगठन ने अपनी अमाक समाचार एजेंसी द्वारा पोस्ट किए गए एक बयान में हमले की जिम्मेदारी ली और कहा कि उसके लड़ाकों ने मॉस्को के बाहरी इलाके पर हमला किया था। इस घटना में सैकड़ों लोग मारे गये और कई घायल हुए।

### नेताओं ने की निंदा



हमारी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं पीड़ितों के परिवारों के साथ हैं। भारत दुख की इस घड़ी में रूसी संघ की सरकार और लोगों के साथ एकजुटता से खड़ा है : **नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री, भारत**



चीन सभी प्रकार के आतंकवाद का विरोध करता है और राष्ट्रीय सुरक्षा और स्थिरता बनाए रखने के रूसी सरकार के प्रयासों का दृढ़ता से समर्थन करता है : **शी जिनपिंग, चीनी राष्ट्रपति**



हम जानते हैं कि आतंकी खतरे का क्या मतलब है, यह रूस के खिलाफ हमला है और हम उम्मीद करते हैं कि हमारे दर्द को साझा करने वाले अन्य देश हमारे साथ सहयोग करेंगे : **पुतिन, रूसी राष्ट्रपति**

**टीएमसी नेता की भी मुश्किलें बढ़ीं**

# महुआ के आवास पर सीबीआई का छापा

**नई दिल्ली,** 23 मार्च (एजेंसियां)। तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) नेता महुआ मोइत्रा एक बार फिर मुश्किल में घिरती नजर आ रही हैं। दरअसल, सीबीआई मोइत्रा के आवासों पर छापेमारी की कार्रवाई कर रही है। इतना ही नहीं, टीम कोलकाता तथा अन्य स्थानों पर भी कैश फॉर क्वेरी मामले में छापे मार रही है। टीएमसी के उपाध्यक्ष जय प्रकाश मजूमदार ने कहा कि महुआ मोइत्रा के आवासों पर छापेमारी करवाकर भाजपा अपना डर छिपाना चाहती है। भाजपा का अपने डर को छिपाने का यह एक बेतुका प्रयास है, वे घबराए हुए हैं। वे ईडी, सीबीआई जैसी केंद्रीय एजेंसियों की मदद औ केजरीवाल की गिरफ्तारी से इसे छिपाना चाहते हैं। पश्चिम बंगाल में आप देखेंगे कि हर रोज ईडी,



सीबीआई या आयकर की कार्रवाई हो रही है। यह सिर्फ एक राजनीतिक मुद्दा बनाने के लिए किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह भारतीय लोकतंत्र की दुखद स्थिति है। सत्तारूढ़ दल यह सुनिश्चित करने के लिए यह मार्ग अपना रहा है कि वे फिर से सत्ता में आएं। आपातकाल के समय, यहां तक कि इंदिरा गांधी ने भी केंद्रीय एजेंसियों का इस तरह से इस्तेमाल नहीं किया।

### कविता की ईडी हिरासत 26 तक बढ़ी

राजधानी की एक विशेष अदालत ने शनिवार को दिल्ली आबकारी नीति मामले में गिरफ्तार भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) नेता एवं तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव की बेटी के कविता की प्रवर्तन निदेशालय की हिरासत 26 मार्च तक बढ़ा दी। विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने ईडी और बचाव पक्ष के वकील की दलीलें सुनने के बाद सुश्री कविता की हिरासत को तीन और दिनों के लिए 26 मार्च तक बढ़ा दी। सुश्री कविता को जांच एजेंसी ने 15 मार्च को हैदराबाद में उसके आवास पर छापा मारने के बाद गिरफ्तार किया था और पीएमएलए के प्रावधानों के तहत मनी लॉन्ड्रिंग मामले में पूछताछ के लिए 16 मार्च को सात दिनों की ईडी हिरासत हासिल की थी।

# राष्ट्रपति के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट पहुंची केरल सरकार



- केरल सरकार के चार बिल हैं लंबित
- राज्यपाल का आचरण को बताया मनमाना

**नई दिल्ली,** 23 मार्च (एजेंसियां)। केरल विधानसभा द्वारा पारित चार विधेयकों को जारी करने के लिए केरल सरकार ने सुप्रीम कोर्ट का रूख किया, जो राष्ट्रपति कार्यालय में लंबित हैं। केरल सरकार ने मामले में एक याचिका दायर की है। आरोप लगाया कि केरल के राज्यपाल ने इन विधेयकों को बिना हस्ताक्षर किए ही राष्ट्रपति के पास विचार के लिए भेज दिया था। याचिका में यह भी कहा गया कि विधेयकों को लंबे और अनिश्चित काल तक लंबित रखने और उसके बाद संविधान से संबंधित किसी भी कारण के बिना राष्ट्रपति के विचार के लिए विधेयकों को आरक्षित करने का राज्यपाल का आचरण स्पष्ट रूप से मनमाना है और संविधान के अनुच्छेद 14 (कानून के समक्ष समानता) का उल्लंघन करता है। इसमें कहा गया है, केंद्र द्वारा राष्ट्रपति को उन चार विधेयकों पर सहमति रोकने के लिए दी गई सहायता और सलाह, जो पूरी तरह से राज्य के अधिकार क्षेत्र में हैं। इसके अतिरिक्त, कार्रवाईयां संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत केरल राज्य के लोगों के अधिकारों को बाधित करता हैं, जो कल्याणकारी कानून के लाभों से वंचित करती हैं। गौरतलब है कि इससे पहले भी, राज्य सरकार ने राज्यपाल पर विधानसभा द्वारा पारित कई विधेयकों को मंजूरी नहीं देने का आरोप लगाते हुए सुप्रीम कोर्ट का रुख किया था और अदालत ने पिछले साल 20 नवंबर को याचिका पर राज्यपाल के कार्यालय को नोटिस जारी किया था।

# केजरीवाल को हाईकोर्ट से झटका तुरंत सुनवाई से किया इनकार




- ईडी की गिरफ्तारी व छह दिन की रिमांड को दी चुनौती
- केजरीवाल की याचिका पर 27 को सुनवाई

**नई दिल्ली,** 23 मार्च (एजेंसियां)। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कथित शराब नीति घोटाला मामले से संबंधित मनी लॉन्ड्रिंग मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा उनकी गिरफ्तारी और छह दिन की रिमांड को हाई कोर्ट में चुनौती दी है। केजरीवाल को ईडी ने 21 मार्च को रात करीब 9 बजे गिरफ्तार किया था। शुक्रवार को ट्रायल कोर्ट ने उन्हें 28 मार्च तक ईडी की हिरासत में भेज दिया था। याचिका में कहा गया है कि गिरफ्तारी और रिमांड अवैध है और इसलिए केजरीवाल तुरंत रिहा होने के हकदार हैं। केजरीवाल ने मामले को तत्काल सूचीबद्ध करने की मांग की थी। इस पर कोर्ट ने उनकी याचिका को तत्काल सूचीबद्ध और सुनवाई के इनकार कर दिया है। दिल्ली हाईकोर्ट केजरीवाल की याचिका पर 27 मार्च को सुनवाई करेगा। अपनी गिरफ्तारी के बाद केजरीवाल ने तुरंत अपनी गिरफ्तारी को चुनौती देते हुए सुप्रीम कोर्ट के समक्ष एक तत्काल याचिका दायर की थी।

**पत्नी आई सामने, पढ़ा केजरीवाल का पत्र**

### अंदर रहूं या बाहर, देश की सेवा करता रहूंगा

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल ने जेल से अरविंद केजरीवाल का भेजा गया पत्र पढ़कर सुनाया। यह पत्र पढ़ने के लिए सुनीता केजरीवाल जनता के सामने आईं। केजरीवाल के लिखे पत्र को पढ़ते हुए उनकी पत्नी ने बताया, मुझे गिरफ्तार कर लिया गया है। मैं अंदर रहूं या बाहर, देश की सेवा करता रहूंगा। मेरा एक–एक पल देश के लिए समर्पित है। मेरे शरीर का एक–एक कतरा देश के लिए है।

**गुजरात में भाजपा को झटका**

# दो भाजपा उम्मीदवारों ने चुनाव लड़ने से मना किया



- वडोदरा व साबरकांठा सीट से उम्मीदवार नहीं लड़ना चाहते चुनाव

**नई दिल्ली,** 23 मार्च (एजेंसियां)। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को गुजरात में एक के बाद एक बड़ा झटका लगा है। साबरकांठा लोकसभा सीट से भाजपा के उम्मीदवार भीकाजी ठाकोर ने चुनाव लड़ने से मना कर दिया है। वहीं, वडोदरा से भाजपा सांसद रंजनबेन धनंजय भट्ट ने भी चुनाव नहीं लड़ने की इच्छा जताई है। गुजरात में वडोदरा लोकसभा सीट से तीसरी बार चुनाव लड़ रहीं भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के मौजूदा सांसद रंजन भट्ट ने शनिवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एलान किया कि उन्होंने व्यक्तिगत कारणों की वजह से आगामी चुनावों के लिए अपनी उम्मीदवारी वापस लेने का फैसला किया है।

रंजनबेन धनंजय भट्ट ने एक्स पर कहा, 'मैं अपने व्यक्तिगत कारणों की वजह से लोकसभा चुनाव 2024 नहीं लड़ना चाहती हूं।' भाजपा के एक अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर भट्ट की अपनी उम्मीदवारी वापस लेने के फैसले की पुष्टि की है।

वहीं, ठाकोर ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट कर एलान किया कि वह चुनाव नहीं लड़ना चाहते हैं। उन्होंने लिखा, 'मैं भीकाजी ठाकोर अपने व्यक्तिगत कारणों की वजह से लोकसभा चुनाव 2024 नहीं लड़ना चाहता हूं।'

### भट्ट के खिलाफ लगाए गए पोस्टर

दो बार सांसद रहीं भट्ट का यह फैसला वडोदरा में उनके नामांकन को लेकर एक पोस्टर प्रचार शुरू होने के कुछ दिनों बाद आया है। दरअसल पोस्टर में लिखा था, 'क्या सत्ता के नशे में चूर भाजपा किसी को भी उम्मीदवार बनाएगी। वडोदरा के लोग असहाय हैं, क्योंकि लोग मोदी से प्यार करते हैं।' वहीं, एक पोस्टर में लिखा था, 'वडोदरा का विकास कहां चला गया? किस के घर या आंगन में? जनता जांच चाहती है।' इसके अलावा एक बैनर में लिखा था, मोदी तेरे से बैर नहीं, रंजन तेरी खैर नहीं।



होली पर अपने घरों को जाने के लिए रेलवे स्टेशनों पर उमड़े लोग

# भाजपा में शामिल हुए 6 बागी कांग्रेस विधायक

- केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने पार्टी में किया स्वागत

**नई दिल्ली,** 23 मार्च (देशबन्धु)। हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस को बड़ा राजनीतिक झटका लगा है। हिमाचल प्रदेश कांग्रेस के 6 बागी विधायकों ने शनिवार को भाजपा का दामन थाम लिया।

भाजपा राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह, केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर, हिमाचल प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर, हिमाचल प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिन्दल और अन्य नेताओं की मौजूदगी में कांग्रेस के 6 बागी विधायकों –– सुधीर शर्मा, राजेंद्र राणा, रवि ठाकुर, इंद्रदत्त लखनपाल, देवेंद्र भुट्टो और चैतन्य शर्मा ने पार्टी मुख्यालय में भाजपा का दामन थाम लिया।

**आरोप** *चुनावी बांड पर लगातार मोदी सरकार को घेर रही कांग्रेस*

# मोदी ने चुनावी बांड के जरिए भ्रष्टाचार को वैध किया

**नई दिल्ली, 23 मार्च (देशबन्धु)। चुनावी बांड को लेकर कांग्रेस मोदी सरकार पर बेहद हमलावर है। अब पार्टी ने चुनावी बांड स्कीम की सुप्रीम कोर्ट की निगरानी वाली एसआईटी से जांच कराने की मांग की है। एक प्रेस कांफ्रेंस में पार्टी के संचार विभाग के प्रभारी महासचिव जयराम रमेश ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री मोदी ने चुनावी बांड के जरिए भ्रष्टाचार को वैध किया।**

उन्होंने ये भी कहा कि स्टेट बैंक ऑफ बॉन्ड की डिटेल्स को उजागर करने को लेकर सुप्रीम कोर्ट से 30 जून तक के समय की मांग इसलिए की क्योंकि मोदी सरकार नहीं चाहती थी , कि इससे जुड़ी जानकारी जनता के सामने जाए। जयराम रमेश ने सिलसिलेवार तरीके से चुनावी बांड पर मोदी सरकार को घेरा।

### 179 इन्फ्रास्ट्रक्चर से जुड़े प्रोजेक्ट मिले

उन्होंने कहा कि सरकार ने चार रास्तों के जरिए बॉन्ड के माध्यम से भ्रष्टाचार किया। इनमें पहला तरीका चंदा दो, धंधा लो का है, जिसके जरिए 38 कॉरपोरेट समूहों ने चुनावी बांड के जरिए चंदा दिया। बदले में इन्हें सरकार की ओर से 179 इन्फ्रास्ट्रक्चर से जुड़े प्रोजेक्ट मिले, जिनकी कीमत करीब 3.8 लाख करोड़ थी। इन ग्रुप ने 2000 करोड़ से ज्यादा का चंदा बीजेपी को दिया। रमेश ने कहा कि 192 मामलों में चंदा मिलने के तीन महीने के भीतर ही 1.32 लाख करोड़ के प्रोजेक्ट्स क्लियर कर दिए गए। इसके बाद दूसरा तरीका ठेका लो, रिश्वत दो से जुड़ा है। जिसमें ठेके के बदले चंदा रिश्वत के तौर पर दिया गया। उन्होंने कहा कि इसके तहत 49 कंपनियों को 62 हजार करोड़ के प्रोजेक्ट्स मिलने के तीन महीने के भीतर उन्होंने बीजेपी को 580 करोड़ की पोस्टपेड रिश्वत बॉन्ड के रूप में दी।



- सुप्रीम कोर्ट की निगरानी वाली एसआईटी से हो जांच

### सरकार पर हफ्ता वसूली का आरोप लगाया

इसके साथ ही कांग्रेस नेता ने सरकार पर हफ्ता वसूली का भी आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि ऐसे 41 कॉरपोरेट ग्रुप हैं, जिन्हें ईडी, सीबीआई और आईटी जांच का सामना करना पड़ा। इन सभी ने 2,592 करोड़ रुपए बीजेपी को दिए जिसमें से 1853 करोड़ रुपए रेड पड़ने के बाद दिए गए।

# देश

**उवाच** "पिछले दस सालों में प्रवर्तन निदेशलय द्वारा लगाए गए मुकदमों में 95 प्रतिशत विपक्षी नेताओं पर लगे हैं। स्पष्ट है मोदी सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ बोलने वाले सभी विपक्षी दल और नेताओं को राजनीतिक बदले की भावना से फंसाया जा रहा है।

–दीपंकर भट्टाचार्य, भाकपा-माले के महासचिव



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 33.0 | 20.0 |
| मुंबई | 28.0 | 26.0 |
| कोलकाता | 31.0 | 25.0 |
| चेन्नई | 31.0 | 26.0 |

# प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ लोकसभा चुनाव लड़ने को तैयार : दिग्विजय सिंह

**भोपाल,** 23 मार्च (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री व कांग्रेस के दिग्गज नेता दिग्विजय सिंह लोकसभा चुनाव 2024 के लिए लगभग 33 साल के बाद राजगढ़ लोकसभा सीट से मैदान में हैं, जिसकी घोषणा दिग्विजय सिंह ने स्वयं राजगढ़ जिले में की है। उसके बाद राजनीतिक चर्चाएं जोरों पर हैं और भारतीय जनता पार्टी भी कटाक्ष करने से पीछे नहीं हट रही है। राजगढ़ लोकसभा सीट से चुनाव लड़ने को लेकर उनकी घोषणा के पश्चात प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कटाक्ष करते हुए कहा था कि कांग्रेस को चुनाव लड़ने के लिए उम्मीदवार नहीं मिल रहे हैं। इसलिए दिग्विजय सिंह को चुनावी मैदान में उतारा गया है, जबकि उन्हें भोपाल से चुनाव लड़ना था। मुख्यमंत्री मोहन यादव की उक्त प्रतिक्रिया को लेकर मीडिया के द्वारा जब पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह से सवाल किया गया तो उन्होंने कहा कि मैं तो पीएम नरेंद्र मोदी के खिलाफ लड़ने के लिए तैयार हूं। शिवराज सिंह चौहान के खिलाफ लड़ने के लिए तैयार हूं, पार्टी ने कहा है यहां से लड़ो तो यहां से लड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि मैं चाहता था कि प्रियव्रत सिंह, हेमराज कल्पोनी, चंदर सिंह सोंधिया और रामचंद्र दांगी में से कोई चुनाव लड़े, लेकिन पार्टी ने मुझसे चुनाव लड़ने के लिए कहा है। पार्टी का आदेश मानना पड़ता है। दिग्विजय सिंह 33 साल बाद फिर से अपने गढ़ में लौटने वाले हैं।

- **उम्मीदवार को लेकर भाजपा के कटाक्ष पर कांग्रेस नेता ने किया पलटवार**
- **33 साल के बाद राजगढ़ लोकसभा सीट से चुनाव लड़ने का किया है ऐलान**



**शिवराज के खिलाफ भी लड़ने को तैयार हूं, पार्टी ने कहा यहां से लड़ो तो लड़ रहे हैं चुनाव : दिग्विजय**

राजगढ़ लोकसभा सीट पर उन्होंने 1991 में आखिरी बार इस सीट से चुनाव लड़ा था, 1993 में वह मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री बने थे। ऐसे में करीब 33 साल बाद वह एक बार फिर अपनी पुरानी सीट से चुनाव लड़ने जा रहे हैं, दिग्विजय सिंह ने दो बार राजगढ़ लोकसभा सीट से चुनाव जीता है।

राजगढ़ लोकसभा सीट पर दिग्विजय सिंह का मुकाबला भाजपा के रोडमल नागर से होगा। भाजपा ने दो बार के सांसद रोडमल नागर को तीसरी बार मैदान में उतारा है। वहीं अब दिग्विजय सिंह के मैदान में आने से राजगढ़ सीट पर मुकाबला दिलचस्प होने की पूरी उम्मीद है, क्योंकि भाजपा पिछले दो चुनावों से यहां जीत रही है। लेकिन दिग्विजय सिंह की भी इस क्षेत्र में अच्छी पकड़ मानी जाती है। पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह ने 2019 का लोकसभा चुनाव भोपाल सीट से लड़ा था, लेकिन उन्हें साध्वी प्रज्ञा से हार का सामना करना पड़ा था। लेकिन पार्टी इस बार उन्हें उनकी परंपरागत राजगढ़ लोकसभा सीट से चुनाव लड़ा रही है। पहले इस सीट पर पूर्व मंत्री प्रियव्रत सिंह का नाम चल रहा था।

## भाजपा ने राजगढ़ में रोडमल नागर को मैदान में उतारा

राजगढ़ में भाजपा ने रोडमल नागर को फिर से टिकट दिया है। वहीं, गुना से सिंधिया के खिलाफ पूर्व केंद्रीय मंत्री अरुण यादव को प्रत्याशी बनाया जा सकता है। हालांकि उनका नाम उनकी परंपरागत खंडवा लोकसभा सीट से भी चल रहा है। इंदौर से युवा नेता अक्षय कांति बम का नाम तय होने की भी खबर है। इसी सीट से प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी के भी चुनाव लड़ने की चर्चा है। रतलाम सीट से कांतिलाल भूरिया चुनावी मैदान में उतर सकते हैं। हालांकि कांग्रेस ने अभी किसी भी नाम का एलान नहीं किया है। सूत्रों का कहना है कि कांग्रेस ने सभी सीटों पर सिंगल नाम तय कर लिए हैं। उज्जैन सीट से महेश परमार, विदिशा से देवेंद्र पटेल, भोपाल सीट से अरुण श्रीवास्तव, होशंगाबाद सीट से संजय शर्मा, बालाघाट से हिना कावरे, जबलपुर लोकसभा सीट लखन घनघोरिया, दमोह सीट रंजीता गौरव पटेल, रीवा से नीलम अभय मिश्रा, शहडोल से फुंदेलाल सिंह मार्को और सागर सीट से गुड्डू राजा बुंदेला का नाम है।

## निष्पक्ष चुनाव के लिए आपसी समन्वय से करें कार्य : के रवि कुमार

**रांची,** 23 मार्च (एजेंसियां)। झारखंड में लोकसभा चुनाव 2024 को शांतिपूर्ण, स्वच्छ, निष्पक्ष एवं भयमुक्त संपन्न कराने के लिए सभी जिलों के जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन आपसी समन्वय से कार्य-योजना तैयार कर समयबद्धता के साथ कार्य करें। भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा सभी स्तरों पर जिम्मेवारियां तय की गई हैं जिनके शतश: अनुपालन की अपेक्षा की गई है। तदनुसार कार्य किए जाने से निश्चय ही बेहतर परिणाम सामने आएंगे।यह बातें मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, झारखंड के. रवि कुमार ने कही। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी आज पलामू के प्रमंडलीय मुख्यालय स्थित समाहरणालय सभागार में पलामू लोकसभा क्षेत्र के पलामू, गढ़वा, लातेहार एवं चतरा जिले के जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक सहित अन्य वरीय पदाधिकारियों के साथ लोकसभा निर्वाचन -2024 की तैयारी, एवं चुनाव प्रबंधन की समीक्षा कर रहे थे। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, झारखंड ने चतरा जिले के पुलिस अधीक्षक को अपने क्षेत्र के नामजद आरोपितों को अभियान चलाकर गिरफ्तार करने, प्रतिबंधित नशीले पदार्थों एवं अवैध शराब के विरुद्ध कार्रवाई कर हजारीबाग में आयोजित अगली समीक्षा बैठक में प्रतिवेदन समर्पित करने का निदेश दिया।

## आम चुनाव में सिकंदराबाद से गौड़ बीआरएस उम्मीदवार घोषित

**हैदराबाद,** 23 मार्च (एजेंसियां)। भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) ने अपने विधायक टी. पद्मराव गौड़ को तेलंगाना के सिकंदराबाद निर्वाचन क्षेत्र से लोकसभा चुनाव में उतारने का फैसला किया है। पद्मराव गौड़ चौथी बार सिकंदराबाद विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। बीआरएस अध्यक्ष और तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री के.चंद्रशेखर राव ने विधायकों, अन्य जन प्रतिनिधियों और वरिष्ठ नेताओं के साथ परामर्श करने के बाद उनकी उम्मीदवारी को मंजूरी दी। पद्मराव गौड़ तेलंगाना आंदोलन के दिनों से ही पार्टी से जुड़े रहे हैं। उन्होंने 2014 और 2018 के बीच तेलंगाना विधानसभा के उपाध्यक्ष के रूप में भी कार्य किया। वह पहली बार 2004 में सिकंदराबाद से टीआरएस (अब बीआरएस) के टिकट पर संयुक्त आंध्र प्रदेश की विधानसभा के लिए चुने गए थे। हाल ही में हुए तेलंगाना विधानसभा चुनाव में वह लगातार तीसरी बार फिर से निर्वाचित हुए। सिकंदराबाद विधानसभा क्षेत्र सिकंदराबाद लोकसभा क्षेत्र का हिस्सा है। पार्टी ने एक बयान में कहा कि वरिष्ठ नेता निष्ठावान रहे हैं और निर्वाचन क्षेत्र के विकास के लिए प्रयासरत रहे हैं। केसीआर की सिकंदराबाद लोकसभा क्षेत्र के पार्टी नेताओं के साथ शनिवार को हुई बैठक में सर्वसम्मति से पद्मराव गौड़ को पार्टी का उम्मीदवार चुना गया। केंद्रीय पर्यटन और संस्कृति मंत्री और तेलंगाना इकाई के भाजपा अध्यक्ष जी. किशन रेड्डी सिकंदराबाद से फिर से चुनाव लड़ रहे हैं। कांग्रेस ने दो दिन पहले पूर्व मंत्री और मौजूदा विधायक दानम नागेंद्र को अपना उम्मीदवार घोषित किया है। नागेंद्र हाल के चुनावों में बीआरएस टिकट पर खैरताबाद (सिकंदराबाद लोकसभा क्षेत्र के तहत विधानसभा क्षेत्रों में से एक) से विधानसभा के लिए चुने गए थे। वह 17 मार्च को कांग्रेस पार्टी में शामिल हुए। बीआरएस ने नरेंद्र को अयोग्य घोषित करने के लिए विधानसभा अध्यक्ष गद्दाम प्रसाद कुमार को याचिका दी है। सिकंदराबाद लोकसभा सीट के लिए उम्मीदवारों की घोषणा के साथ बीआरएस ने अब तक तेलंगाना की 17 लोकसभा सीटों में से 14 के लिए उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। बीआरएस ने 2019 में नौ सीटें जीती थीं।



- **बीआरएस अध्यक्ष के. चंद्रशेखर राव ने दी उनकी उम्मीदवारी को मंजूरी**

## सार संक्षेप

### मंगलौर विस उपचुनाव का रास्ता साफ, याचिका वापस

**नैनीताल।** उत्तराखंड की रिक्त मंगलौर विधानसभा सीट पर उप चुनाव कराने का रास्ता साफ हो गया है। कांग्रेस नेता काजी मोहम्मद निजामुद्दीन ने चुनाव याचिका को वापस ले लिया है और उच्च न्यायालय ने तत्काल सूचना भारत निर्वाचन आयोग को प्रेषित करने के निर्देश दिए हैं। सूत्रों के अनुसार मंगलौर विधानसभा के निर्वाचित बहुजन समाज पार्टी विधायक सरबत करीम अंसारी के निर्वाचन को कांग्रेस प्रत्याशी काजी मोहम्मद निजामुद्दीन की ओर से वर्ष 2022 में एक चुनाव याचिका के माध्यम से चुनौती दी गई थी।

### कांग्रेस के एक और पूर्व विधायक भाजपा में शामिल

**रतलाम।** मध्य प्रदेश कांग्रेस के एक और पूर्व विधायक ने आज पार्टी को अलविदा कह दिया व मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की उपस्थिति में भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गए। रतलाम जिले के आलोट से कांग्रेस के पूर्व विधायक मनोज चावला व कांग्रेस नेता प्रमोद गुगलिया भाजपा में शामिल हो गए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दोनों का पार्टी में स्वागत किया। यादव झाबुआ-रतलाम संसदीय सीट के प्रवास पर हैं। इसके पहले चावला ने कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी को पत्र भेज कर कांग्रेस की अपनी सदस्यता से इस्तीफा दे दिया।

### राजस्थान में पांच करोड़ से अधिक मतदाता

**जयपुर।** राजस्थान में आगामी 19 एवं 26 अप्रैल को दो चरणों में होने वाले लोकसभा आम चुनाव-2024 में करीब पांच करोड़ 34 लाख मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग कर सकेंगे और पिछले 25 वर्षों में इनमें 71 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हुई हैं। निर्वाचन विभाग के अनुसार राज्य में अब तक लगभग पांच करोड़ 34 लाख मतदाता हैं जिनमें दो करोड़ 76 लाख 62 हजार 10 पुरुष एवं दो करोड़ 55 लाख 43 हजार 935 महिला मतदाता हैं जबकि 619 ट्रांसजेंडर मतदाता हैं।

### रेवती रमण के कांग्रेस में शामिल होने की सुगबुगाहट

**प्रयागराज।** प्रयागराज के करछना विधानसभा से आठ बार के विधायक और इलाहाबाद लोकसभा क्षेत्र से दो बार सांसद व एक बार के राज्यसभा सदस्य रह चुके कुंवर रेवती रमण सिंह की शनिवार को कांग्रेस के दो नेताओं से हुई औपचारिक मुलाकात को लेकर राजनीतिक गलियारे में उनके कांग्रेस में शामिल होने की चर्चाओं का बाजार गर्म है। सूत्रों ने बताया कि सिंह पीजीआई में उपचार करा रहे हैं। कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव व उत्तर प्रदेश के प्रभारी अविनाश पाण्डेय और कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने अस्पताल पहुंचकर औपचारिक मुलाकात कर उनका कुशल क्षेम पूछा।

## आम चुनाव नहीं लड़ेंगी पूर्व लोकसभा अध्यक्ष मीरा कुमार

**पटना,** 23 मार्च (एजेंसियां)। कांग्रेस की वरिष्ठ नेता और पूर्व लोकसभा अध्यक्ष मीरा कुमार ने भी इस बार का आम चुनाव नहीं लड़ने का एलान किया है। मीरा कुमार ने शनिवार को सोशल मीडिया के जरिए 2024 का लोकसभा चुनाव नहीं लड़ने की घोषणा की। उन्होंने अपने फेसबुक अकाउंट पर पोस्ट किया, 2024 के आम चुनाव में मैंने नहीं लड़ने का निर्णय किया है। मैं अपने देश के लोगों, विशेषकर गरीब, वंचित वर्ग और महिलाओं की सेवा हमेशा करती रहूंगी। गौरतलब है कि मीरा कुमार दो बार बिहार के सासाराम (सुरक्षित) संसदीय क्षेत्र का प्रतिनिधित्व कर चुकी हैं। वह सासाराम से 2004 और 2009 के लोकसभा चुनाव में विजयी हुई थीं। 2004 में वह केंद्रीय मंत्री और 2009 में देश की प्रथम महिला लोकसभा अध्यक्ष बनी थीं लेकिन 2014 और 2019 में वह सासाराम में भाजपा उम्मीदवार छेदी पासवान से हार गईं। उनके पिता जगजीवन राम 1952 के प्रथम चुनाव से 1986 तक सासाराम लोकसभा से लगातार आठ बार सांसद रहे थे।



# झारखंड के 15 विधायक लोकसभा उम्मीदवारी की रेस में

**रांची,** 23 मार्च (एजेंसियां)। झारखंड के करीब 15 विधायक इस बार लोकसभा चुनाव की रेस में हैं। इनमें से कम से कम सात का चुनाव मैदान में उतरना तय माना जा रहा है। तीन-चार तो ऐसे हैं, जो उम्मीदवारी घोषित होने के पहले ही प्रचार अभियान में उतर चुके हैं। भारतीय जनता पार्टी ने राज्य की 14 सीटों से 11 पर प्रत्याशियों का ऐलान कर दिया है, जबकि एक सीट सहयोगी दल आजसू के लिए छोड़ी है। इनमें से एक हजारीबाग लोकसभा सीट पर भाजपा ने विधायक मनीष जायसवाल को उम्मीदवार बनाया है। धनबाद और चतरा सीट से भाजपा उम्मीदवारों का ऐलान बाकी है। धनबाद सीट के लिए वहां के विधायक राज सिन्हा का नाम प्रमुख दावेदारों में है।

- **कम से कम सात का चुनाव मैदान में उतरना माना जा रहा तय**
- **धनबाद व चतरा सीट से भाजपा उम्मीदवारों के ऐलान का इंतजार**

इस सीट पर कांग्रेस की झरिया क्षेत्र की विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह के नाम की भी चर्चा चल रही है। सियासी हलकों में पुरजोर चर्चा है कि वह भाजपा का दामन थाम सकती हैं और तब उन्हें इस सीट से उम्मीदवार बनाया जा सकता है। इसी तरह चतरा सीट पर भाजपा की उम्मीदवारी के लिए जिन लोगों के नाम चर्चा में हैं, उनमें पांकी क्षेत्र के विधायक शशिभूषण प्रसाद मेहता भी हैं। इसके अलावा दुमका सीट पर झामुमो छोड़कर भाजपा में आईं सीता सोरेन की उम्मीदवारी की संभावना जताई जा रही है। हालांकि इस सीट पर पार्टी वर्तमान सांसद सुनील सोरेन की उम्मीदवारी घोषित कर चुकी है, लेकिन अब उनकी जगह सीता सोरेन को आगे लाया जा सकता है। इंडिया गठबंधन में कोडरमा सीट भाकपा-माले को दिए जाने पर घटक दलों में सहमति है और वहां से इस पार्टी के बगोदर क्षेत्र के विधायक विनोद सिंह के समर्थक और कार्यकर्ता भी प्रचार शुरू कर चुके हैं।



लोहरदगा सीट पर झामुमो के चमरा लिंडा मैदान में उतरने की तैयारी कर चुके हैं। उन्होंने चुनाव लड़ने को विधानसभा में एनओसी के लिए आवेदन किया है। अगर पार्टी उन्हें इस सीट से प्रत्याशी नहीं बनाती है, तो वह निर्दलीय मैदान में आ सकते हैं। सिंहभूम सीट पर झामुमो अपने दो विधायकों दशरथ गगराई या सुखराम उरांव में से किसी एक को प्रत्याशी बनाएगी, यह तय माना जा रहा है। गोड्डा लोकसभा सीट के लिए इंडिया गठबंधन के टिकट के लिए दो विधायकों प्रदीप यादव और दीपिका पांडेय सिंह ने जोर लगा रखा है। होली के बाद तय हो जाएगा कि इन 15 में से कितने विधायक लोकसभा चुनाव के मैदान में बतौर उम्मीदवार ताल ठोकेंगे।

### इंडिया गठबंधन से जयप्रकाश को हजारीबाग से उम्मीदवार बनाने की उम्मीद

इंडिया गठबंधन की ओर से मांडू क्षेत्र के विधायक और हाल में भाजपा छोड़कर कांग्रेस में शामिल हुए जयप्रकाश भाई पटेल को हजारीबाग से उम्मीदवार बनाया जाना तय है। हजारीबाग सीट पर कांग्रेस टिकट के लिए बड़कागांव की विधायक अंबा प्रसाद भी दावेदारी कर रही थीं, लेकिन हाल में उनके खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की छापेमारी के बाद अब उनकी उम्मीदवारी की संभावना क्षीण हो गई है। गिरिडीह लोकसभा सीट पर टुंडी क्षेत्र के झामुमो विधायक मथुरा महतो ने खुद को इंडिया गठबधन का प्रत्याशी बताते हुए प्रचार शुरू कर दिया है। उनके नाम पर पार्टी में सहमति है। हालांकि अभी उनकी उम्मीदवारी आधिकारिक तौर घोषित नहीं हुई है। इसी तरह चतरा लोकसभा सीट पर झारखंड सरकार के मंत्री और राजद विधायक सत्यानंद भोक्ता भी खुद को उम्मीदवार बताते हुए प्रचार अभियान में उतर चुके हैं।

# सपा संभाल नहीं पा रही गठबंधन

**लखनऊ,** 23 मार्च (एजेंसियां)। लोकसभा चुनाव के लिए बने विपक्षी इंडिया गठबंधन में अब बिखराव होने लगा है। अपना दल (कमेरावादी) के बाद अब जनवादी पार्टी (सोशलिस्ट) ने भी समाजवादी पार्टी का साथ छोड़ दिया है। घोसी से टिकट न मिलने से नाराज जनवादी पार्टी (सोशलिस्ट) ने अकेले दम चुनाव लड़ने का फैसला किया है। पार्टी के अध्यक्ष डॉ.संजय सिंह चौहान ने बातचीत में कहा कि सपा मुखिया अखिलेश यादव बात तो पीडीए की कर रहे हैं, लेकिन पीडीए के जनाधार वाले नेताओं की अनदेखी कर रहे हैं, सीट नहीं दे रहे हैं। कौन इनके साथ रहेगा। चौहान ने कहा कि 2019 में पार्टी सपा के साथ रही और वह चौंदौली से मामूली अंतर से हार गए थे। उन्होंने कहा कि अब अखिलेश और इंडिया गठबंधन से कोई बात नहीं होगी। गौरतलब है कि पहले राष्ट्रीय लोकदल ने सपा से नाता तोड़ भाजपा के साथ हांथ मिला लिया है। अब वह दो सीटों पर चुनाव लड़ रही है। ऐसे ही अपना दल कमेरावादी ने उपेक्षा का आरोप लगाया है। अब जनवादी पार्टी (सोशलिस्ट) ने भी सपा से नाता तोड़ अकेले चुनाव मैदान में उतरने का निर्णय हुआ।

- **जनवादी पार्टी सोशलिस्ट ने भी सपा का छोड़ा साथ**
- **पीडीए के जनाधार वाले नेताओं की अनदेखी पर उठे सवाल**



### अकेले चुनाव लड़ने का लिया फैसला

जनवादी पार्टी के अध्यक्ष डॉ.संजय सिंह चौहान ने कहा कि हमारी पार्टी अब अकेले दम पर चुनाव लड़ेगी। फिलहाल 14 सीटों पर हमने उम्मीदवार तय कर दिए हैं। अब अपनी विचार धारा को मजबूत करते हुए। अकेले ही चुनाव लड़ने की ठानी है। घोसी से वह खुद चुनाव लड़ेंगे। जनवादी पार्टी का सपा से वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में गठबंधन हुआ था। सपा ने संजय सिंह चौहान को चंदौली लोकसभा सीट से अपने चुनाव चिह्न पर उतारा था। किंतु वह 13,959 वोटों से भाजपा से हार गए थे। इस बार वह घोसी लोकसभा सीट से टिकट मांग रहे थे। सपा ने राजीव राय को टिकट दिया है। इसी से वह नाराज चल रहे थे। उन्होंने सपा से गठबंधन तोड़ने की घोषणा की।

## सुपौल में सांसद रंजीत रंजन पर मुकदमा

**सुपौल,** 23 मार्च (एजेंसियां)। बिहार के सुपौल जिले में सांसद रंजीत रंजन पर आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन और सरकारी आदेश की अवहेलना करने के आरोपों के तहत आज मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस सूत्रों ने शनिवार को यहां बताया कि पूर्वी तटबंध प्रमंडल के कनीय अभियंता और सुपौल प्रखंड के सेक्टर-32 में प्रतिनियुक्ति सेक्टर पदाधिकारी अनिल कुमार की शिकायत के आधार पर रंजन पर सदर थाना में भारतीय दंड विधान की धारा 188, 186 और 290 तथा आपदा प्रबंधन अधिनियम की धारा 51 के आरोपों के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। कुमार ने अपनी शिकायत में कहा है कि सुपौल जिला के बकौर और मधुबनी जिला के भेजा को जोड़ने वाले कोसी नदी पर निर्माणाधीन पुल के पाया संख्या 152 व 153 पर स्लैब गिरने से कानून व्यवस्था की उत्पन्न स्थिति को संभालने के लिए अनुमंडल पदाधिकारी के आदेश से दंडाधिकारी के रूप में उनकी प्रतिनियुक्ति हुई थी।

# बिहार के गया में जीतन राम मांझी के सहारे एनडीए की नाव

**पटना,** 23 मार्च (एजेंसियां)। मोक्ष की धरती बिहार के गया संसदीय क्षेत्र में पिछले पांच चुनावों से किसी न किसी दल के मांझी ही पार उतरते रहे हैं। इस चुनाव में भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए में शामिल हिंदुस्तानी अवाम मोर्चे (हम) की ओर से पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी इस सीट से ताल ठोकेंगे। छह विधानसभा वाले इस लोकसभा क्षेत्र से राजद ने भी अपना सिंबल बिहार के मंत्री रहे कुमार सर्वजीत को दिया है, हालांकि इसकी औपचारिक घोषणा नहीं हुई है।

0गया में प्रथम चरण में मतदान होना है। अभी तक दोनों गठबंधनों के प्रत्याशियों द्वारा नामांकन पत्र नहीं भरा गया है, लेकिन तय मना जा रहा है कि यहां मुख्य मुकाबला दोनो गठबंधनों के बीच ही होगा। इस बार पिछले चुनाव के मुकाबले परिदृश्य बदला है। उस चुनाव में जीतन राम मांझी एनडीए में नहीं थे। एनडीए के प्रत्याशी जदयू के नेता विजय मांझी ने जीतन राम मांझी को हराया था। उस चुनाव में जदयू को 48 फीसदी से अधिक मत मिले थे जबकि हम को करीब 33 प्रतिशत मत हासिल हुआ था। शेरघाटी, बोधगया, बाराचट्टी, गया, बेलागंज और वजीरगंज विधानसभा वाले गया लोकसभा के जातीय समीकरणों को देखे तो यहां मांझी मतदाताओं की संख्या सबसे अधिक है।

यही कारण है कि पिछले करीब ढाई दशकों से इस क्षेत्र का लोकसभा में प्रतिनिधित्व मांझी ही कर रहे हैं। वर्ष 2009 और 2014 के चुनाव में भाजपा के हरि मांझी ने विजय का परचम लहराया था।




- **प्रथम चरण में गया में होना है मतदान**

**चुनौती** *कर्नाटक में दावणगेरे में इस बार दिखेगा कड़ा मुकाबला*

# दावनगेरे सीट पर दो समृद्ध परिवारों से जुड़े उम्मीदवारों का रहा दबदबा

**बेंगलुरु, 23 मार्च (एजेंसियां)। 1999 लोकसभा चुनाव से लेकर अब तक कर्नाटक के दावणगेरे सीट पर भाजपा का कब्जा रहा है। आज तक कोई भी पार्टी इस सीट पर भाजपा को पराजित नहीं कर सकी है। लेकिन इस बार मुकाबला दिलचस्प होने वाला है। यह सीट दक्षिण कर्नाटक का हिस्सा है। दावणगेरे सीट पर दो समृद्ध परिवारों से जुड़े उम्मीदवारों का दबदबा रहा है।**

जो एक-दूसरे के रिश्तेदार भी हैं। अखिल भारत वीरशैव-लिंगायत महासभा के अध्यक्ष और कांग्रेस विधायक, 92 वर्षीय शमनूर शिवशंकरप्पा की बहू प्रभा मल्लिकार्जुन को कांग्रेस ने इस सीट से मैदान में उतारा है। उनके पति एस.एस.मल्लिकार्जुन मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के मंत्रिमंडल में बागवानी मंत्री हैं। इस बार भाजपा ने इस सीट पर गायत्री मल्लिकार्जुन को चुनावी मैदान में उतारा है, जो एमपी जीएम सिद्धेश्वर की पत्नी है। सिद्धेश्वर ने 2004, 2009, 2014 और 2019 के आम चुनावों में भाजपा के लिए दावणगेरे सीट का प्रतिनिधित्व किया है। सिद्धेश्वर के पिता जी. मल्लिकार्जुनप्पा ने लोस 1996 और 1999 के दौरान निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया था। भाजपा के पूर्व मंत्री म.प्र. रेणुकाचार्य, एसए रवींद्रनाथ और वरिष्ठ नेता मदल विरुपाक्षप्पा गायत्री सिद्धेश्वर का विरोध कर रहे हैं और उम्मीदवार को बदलने की मांग कर रहे हैं और जिले के कई अन्य प्रमुख भाजपा नेता भी गायत्री सिद्धेश्वर का विरोध कर रहे हैं। कांग्रेस ने प्रभा मल्लिकार्जुन को मैदान में उतारकर इस बार इस सीट पर मुकाबला दिलचस्प कर दिया है। 2019 में जी.एम.सिद्धेश्वर ने 1.69 लाख वोटों के अंतर से चुनाव जीता।



- **प्रभा मल्लिकार्जुन ने कांग्रेस से व भाजपा से गायत्री ने ठोकी ताल**

2014 के आम चुनाव में उन्होंने 17,607 वोटों से जीत हासिल की थी। कांग्रेस ने उनके खिलाफ मंत्री एस. एस. मल्लिकार्जुन को मैदान में उतारा था। स्थानीय लोगों ने कहा कि मल्लिकार्जुन की पत्नी प्रभा के मैदान में होने से आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा के लिए जीत आसान नहीं होगी। प्रभा मल्लिकार्जुन ने एमबीबीएस की डिग्री हासिल की है और गायत्री मल्लिकार्जुन ने पीयूसी (कक्षा 12) की पढ़ाई की है। प्रभा एसएस केयर ट्रस्ट की आजीवन ट्रस्टी और बापूजी एजुकेशनल एसोसिएशन की गवर्निंग काउंसिल सदस्य भी हैं। दावणगेरे लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में जगलूर, हरपनहल्ली, हरिहर, दावणगेरे दक्षिण, दावणगेरे उत्तर, मायाकोंडा, चन्नागिरी और होन्नाली विधानसभा क्षेत्र आते हैं। हरिहर विधानसभा क्षेत्र को छोड़कर बाकी सभी क्षेत्रों में कांग्रेस ने जीत हासिल की है। भाजपा की अंदरूनी लड़ाई और साधन संपन्न कांग्रेस प्रत्याशी से कड़ी टक्कर की उम्मीद है। हालांकि, आंतरिक कलह के बावजूद भी बीजेपी इस बार अपने प्रत्याशी की जीत को लेकर आश्वस्त है। 1971 से 1991 तक इस सीट पर कांग्रेस का कब्जा रहा।

**उल्टा पुल्टा**

वकील : आपके पति कैसे मरे ?
महिला : जहर खा कर।
वकील : फिर इनके शरीर पर चोट के निशान कैसे ?
महिला : खाने से मना कर रहे थे।

### केजरीवाल ने जेल से देशवासियों को भेजा संदेश, बोले

# ढेरों शक्तियां भारत को कमजोर करना चाहती हैं, इन्हें पहचानकर हराना जरूरी

**नई दिल्ली,** 23 मार्च (देशबन्धु)। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक एवं दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल ने जेल से दिल्ली व देशवासियों के नाम संदेश भेजा है। अरविंद केजरीवाल का देशवासियों को संबोधित यह पहला संदेश है। शनिवार को



**■ सुनीता केजरीवाल ने प्रेस कांफ्रेंस कर केजरीवाल के संदेश को पढ़कर सुनाया**

सीएम की धर्मपत्नी सुनीता केजरीवाल ने प्रेस कांफ्रेंस कर उनके संदेश को पढ़कर देशवासियों को सुनाया। सीएम केजरीवाल ने अपने संदेश में कहा है कि भारत के अंदर और बाहर ढ़ेरों शक्तियां हैं, जो भारत को कमजोर करना चाहती हैं, हमें सचेत रहकर इन्हें पहचाना और हराना है। भारत में ढेरों देशभक्त हैं, जो देश को आगे बढ़ाना चाहते हैं। हमें इनसे जुड़कर भारत को दुनिया का नंबर-1 देश बनाना है। उन्होंने दिल्ली की माताओं-बहनों से कहा है कि ऐसी सलाखें नहीं, जो आपके बेटे और भाई को ज्यादा दिन अंदर रख सकें। आप मुझ पर भरोसा रखें। मैं जल्द बाहर आउंगा और एक हजार रुपए महीना देने का अपना वादा पूरा करूंगा।

सीएम अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल ने दिल्ली और देशवासियों को संबोधित प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि आपके बेटे और भाई अरविंद केजरीवाल ने जेल से आपके लिए संदेश भेजा है। उन्होंने अपने संदेश में लिखा है कि मेरे प्यारे देशवासियों, मुझे कल गिरफ्तार कर लिया गया। मैं अंदर रहूं या बाहर रहूं, हर पल देश के लिए सेवा करते रहूंगा। मेरी जिंदगी का एक-एक पल देश के लिए समर्पित है, मेरी जिंदगी का एक-एक कतरा देश के लिए है। इस पृथ्वी पर मेरा जन्म ही संघर्ष के लिए हुआ है। आजतक बहुत संघर्ष किए, आगे भी मेरी जिंदगी में बड़े-बड़े संघर्ष लिखे हैं। इसलिए यह गिरफ्तारी मुझे अचम्भित नहीं करती है। सुनीता केजरीवाल ने सीएम का संदेश बताया कि आप से मुझे बहुत प्यार मिला है। पिछले जन्म में जरूर मैंने बहुत पुण्य किए होंगे, जो मैं भारत जैसे महान देश में पैदा हुआ हूं।

## आम आदमी पार्टी ने चुनाव आयोग से मांगा समय



**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी ने लोकसभा चुनावों में सभी दलों के लिए समान अवसर सुनिश्चित करने के लिए चुनाव आयोग से तत्काल समय मांगा है। बता दे कि आचार संहिता लगने के बाद भी कल दिन भर आम आदमी पार्टी के ऑफिस को पुलिस द्वारा सील कर के रखा गया और आज भी पुलिस द्वारा बैरिकेडिंग कर आप नेताओं को आम आदमी पार्टी ऑफिस जाने से रोका गया। इस कारण आप के लोकसभा उम्मीदवार और पार्टी नेता प्रचार की बैठकों के लिए पार्टी ऑफिस नहीं जा सके। दोपहर में पुलिस ने भारी बैरिकेडिंग कर पार्टी ऑफिस का रास्ता बंद कर रखा था और आप नेताओं के तमाम अनुरोधों के बावजूद पुलिस ने किसी को भी आम आदमी पार्टी ऑफिस जाने की अनुमति नहीं दी। आप नेता आतिशी, सौरभ भारद्वाज, दुर्गेश पाठक सहित तमाम नेताओं को आम आदमी पार्टी के ऑफिस जाने से रोका गया।

## होली को लेकर हाई अलर्ट पर दिल्ली के अस्पताल



**नई दिल्ली,** 23 मार्च (देशबन्धु)। होली के दिन होने वाली दुर्घटनाओं में घायल मरीज व दूसरे लोगों के इलाज के लिए दिल्ली के सभी अस्पताल हाई अलर्ट पर हैं। पिछले साल होली के दिन करीब 200 लोग घायल होकर एम्स ट्रामा सेंटर, डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल, सफदरजंग, लोकनायक, जीटीबी, डीडीयू, संजय गांधी, अंबेडकर, इंदिरा गांधी, बुराड़ी सहित अन्य अस्पतालों में पहुंचे थे। डॉक्टरों की माने तो होली के दिन ज्यादातर लोग शराब पीकर या नशे में गाड़ियां चलाते हैं। ऐसे में अक्सर दुर्घटनाएं होती हैं। इसमें वाहन चलाने वाले के अलावा दूसरे लोग भी गंभीरता से घायल होते हैं। इसके अलावा सस्ती शराब पीकर भी लोग गंभीर रूप से बीमार हो जाते हैं। ऐसे मरीजों के लिए अस्पतालों में डिजास्टर वार्ड को सक्रिय कर दिया गया है। साथ ही स्टाफ को हाई अलर्ट पर रहने को कहा गया है। सभी अस्पतालों में जरूरत के आधार पर कुछ बिस्तर भी आरक्षित किए गए हैं। इन्हें जरूरत पड़ने पर बढ़ाया भी जा सकता है। लोकनायक अस्पताल में आपातकालीन विभाग की प्रमुख डॉ. ऋतु सक्सेना ने कहा कि पिछले साल होली के दिन 12-15 लोग सड़क दुर्घटना में घायल होकर आए थे। इनमें ज्यादातर लोग शराब के नशे में गाड़ी चला रहे हैं। ऐसे लोगों के कारण दूसरे भी दुर्घटना का शिकार हो जाते हैं।

**सभी अस्पतालों में जरूरत के आधार पर कुछ बिस्तर आरक्षित किए**

### इन्हें करने से बचें

- शराब पीकर वाहन न चलाएं
- पानी वाले गुब्बारे आंखों पर न मारें
- रासायनिक रंगों के प्रयोग से बचें
- होली खेलने से पहले त्वचा पर तेल का प्रयोग करें
- होली खेलने से पहले पूरी बाजू के कपड़े पहने

### घायलों के लिए होगी पूरी व्यवस्था

डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अजय शुक्ला ने कहा कि होली के दिन घायल होकर आने वाले मरीजों के लिए आपातकालीन विभाग में पूरी व्यवस्था रहेगी। जरूरत के आधार पर सुविधा को बढ़ाया भी जा सकेगा। वहीं अन्य डॉक्टर ने बताया कि आपात स्थिति को देखते हुए 12 बिस्तर की व्यवस्था की गई है। पूरे स्टाफ को अलर्ट पर रखा गया है।

## सार संक्षेप

### भाजपा ने सोमनाथ भारती की होली खेलते हुए जारी की तस्वीर

**नई दिल्ली।** दिल्ली बीजेपी के प्रवक्ता प्रवीण शंकर कपूर ने आज एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में आम आदमी पार्टी के विधायक और नई दिल्ली से पार्टी के उम्मीदवार सोमनाथ भारती की आज सुबह ऑरबिंदो कॉलेज के पास विजय पार्क में रंगों से होली खेलते हुए की तस्वीरें जारी कीं। कपूर ने कहा



कि कल शाम आप के दिल्ली संयोजक गोपाल राय ने घोषणा की कि पार्टी कार्यकर्ता अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के विरोध में होली नहीं मनाएंगे, लेकिन 14 घंटे से भी कम समय के बाद आज सुबह आप के सबसे वरिष्ठ नेता सोमनाथ भारती अरबिंदो कॉलेज के पास, मालवीय नगर विधानसभा क्षेत्र के विजय पार्क में सुबह की सैर करने वाले लोगों के चेहरे पर रंग लगाते दिखे और सभी को होली की शुभकामनाएं बांटते दिखे। दिल्ली बीजेपी प्रवक्ता ने कहा है कि इन तस्वीरों और वीडियो ने दिल्लीवासियों को आश्चर्यचकित कर दिया है क्योंकि इनमें पार्टी के फैसले और उनके राजनीतिक बॉस अरविंद केजरीवाल के प्रति सोमनाथ भारती का अनादर साफ दिखता है। लोग सोच रहे हैं कि जब सोमनाथ भारती कठिन दौर से गुजर रहे अपने नेता केजरीवाल का समर्थन नहीं कर सकते तो वह जरूरत और संकट की घड़ी में आम लोगों का समर्थन कैसे करेंगे।

### भगत सिंह, सुखदेव व राजगुरु की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

नई दिल्ली। शहीदी दिवस के अवसर पर प्रताप नगर स्थित शहीदों की मूर्तियों पर माल्यार्पण किया और श्रद्धांजलि अर्पित की। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में पूर्व महापौर जयप्रकाश के साथ संजीव सभरवाल, नितेश राजपूत, देवेंद्र नागर, जसप्रीत अहलूवालिया सहित क्षेत्र एवं समाज के सभी लोग उपस्थित थे। पूर्व महापौर जयप्रकाश ने बताया की 23 मार्च शहीदी दिवस हम सबके लिए एक प्रेरणादाई दिन है। हम सबको अपने



वीर स्वतंत्रता सेनानी जिन्होंने हंसते-हंसते देश को अंग्रेजों की गुलामी से आजाद करने के लिए अपनी जान कुर्बान कर दी से प्रेरणा लेनी चाहिए। आज भी आजाद देश को सुरक्षित रखने के लिए बहुत सारी देश विरोधी ताकते खड़ी हैं। हम सबको उनसे दृढ़ निश्चय से लड़ना चाहिए। देश के अंदर आंतकवाद, अराजकता, भ्रष्टाचार और जातिवाद जैसी बीमारियां अपनी जड़े गहरी करने का प्रयास कर रही हैं लेकिन हम सजग होकर के इस भारतवर्ष को स्वतंत्रत बनाए रखने के लिए काम कर सकते हैं एवं देश के सामने आज जितनी भी चुनौतियां खड़ी हैं उन सभी से लड़ सकते हैं।

### जेसीबी इंडिया ने अपना पांच लाखवां कंस्ट्रक्शन उपकरण किया तैयार

**नई दिल्ली।** भारत की अग्रणी अर्थमूविंग एवं कंस्ट्रक्शन उपकरण निर्माता जेसीबी इंडिया ने अपने पांच लाखवें कंस्ट्रक्शन उपकरण के निर्माण का जश्न मनाया। जेसीबी सन् 1979 से भारत में है और इसके उत्पाद पूरे देश में इंफ्रास्ट्रक्चर विकास में इस्तेमाल होते हैं। भारत में जेसीबी की 6 विनिर्माण इकाईयां हैं जिनके बल पर कंपनी गर्व के साथ 130 देशों में 'मेड इन इंडिया' मशीनें निर्यात करती है। पांच लाखवें कंस्ट्रक्शन उपकरण के तैयार होने का यह जश्न जेसीबी के ग्रुप चेयरमैन लॉर्ड बैमफोर्ड की मौजूदगी में बल्लबगढ़ स्थित कंपनी के भारतीय मुख्यालय में हुआ। इस मौके पर लॉर्ड बैमफोर्ड ने कहा कि भारत आज दुनिया की सबसे मजबूत अर्थव्यवस्थाओं में से एक है।

## शहीदों की कुर्बानी से प्रेरणा लेकर आगे बढ़े युवा : चौधरी सुरेंद्र सोलंकी

**नई दिल्ली,** 23 मार्च (देशबन्धु)। शहीदों की चिताओं पर लगेंगे हर वर्ष मेले, वतन पर मिटने वालों का बाकी यही निशा होगा। शहीद हमारे देश की धरोहर हैं शहीदों की कुर्बानियों से सीख लेकर भारत देश की भावी पीढ़ी युवा बुराइयों व नशे को त्याग कर समाज व देश हित में कार्य करें । यह कहना है पालम 360 खाप के अध्यक्ष चौधरी सुरेंद्र सिंह सोलंकी का।

**■ महंत कालिदास जी ने शहीदों को नमन करते हुए अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि दी**



शहीदी दिवस के अवसर पर विपिन गार्डन में अमर शहीद भगत सिंह की प्रतिमा अनावरण अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे पालम 360 खाप के अध्यक्ष चौधरी सुरेंद्र सिंह सोलंकी व श्री श्री 1008 महंत कालिदास जी ने शहीदों को नमन करते हुए अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि दी। आयोजन समिति द्वारा पालम खाप अध्यक्ष व महंत कालिदास जी का फूलों की माला पहनाकर शहीदों का चित्र भेंट कर स्वागत व सम्मान किया गया।

चौधरी सुरेंद्र सोलंकी ने कहा कि आज भारत देश के युवाओं को सामाजिक बुराइयों के खिलाफ लड़ाई लड़ने के लिए और अपने हको की लड़ाई लड़ने के लिए आगे आना होगा नशे को त्याग कर आज युवाओं को अपने अधिकारों के लिए लड़ना होगा तभी भारत देश का भविष्य सुरक्षित होगा। चौधरी सुरेंद्र सोलंकी ने आह्वान करते हुए कहा कि आज युवाओं में नैतिक शिक्षा के साथ संस्कारों की जरूरत है, युवाओं को जागृत होना पड़ेगा और बुराइयों के खिलाफ लड़ते हुए अपनी मांगों को मनवाना सीखना पड़ेगा।

## एबीवीपी ने जीते संस्कृत सेंटर के काउंसलर्स पद

**जेएनयू छात्रसंघ चुनाव**

**नई दिल्ली,** 23 मार्च (एजेंसियां)। जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) में शुक्रवार को हुए छात्रसंघ चुनाव में बंपर मतदान हुआ। शुरुआती नतीजों में एबीवीपी को संस्कृत सेंटर के सभी काउंसलर के पदों पर जीत मिली है। साइंस सेंटर में भी कुछ पदों पर एबीवीपी ने शुरुआती बढ़त बनाई है। वहीं, विपक्षी वाम समर्थित उम्मीदवारों को भी कई स्थानों पर बढ़त मिली है। छात्र संघ चुनाव के अंतिम नतीजे रविवार तक आने की उम्मीद है। वोटिंग के बाद मतों की गिनती शुक्रवार रात 9 बजे से होनी थी। बाद में रात 11 बजे का समय चुनाव समिति द्वारा बताया गया, किंतु अंत में वोटो की गिनती रात लगभग 3 बजे से प्रारंभ हो सकी। मतगणना की शुरुआत साइंस संस्थानों के काउंसलर से हुई। शनिवार शाम 4 बजे तक आठ सेंटरों के परिणाम



आए हैं, जिनमें एबीवीपी में जोरदार विजय के साथ अपना परचम लहराया। संस्कृत सेंटर के सभी काउंसलर के पदों पर एबीवीपी की जीत हुई है। साइंस सेंटर में भी एबीवीपी शुरुआती बढ़त बनाए हुए है। स्कूल ऑफ कंप्यूटर एंड सिस्टम साइंसेज, स्कूल ऑफ कंप्यूटर एंड इंटीग्रेटेड साइंसेज, स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग, स्कूल ऑफ बायोटेक्नोलॉजी और स्कूल ऑफ संस्कृत एवं इंडिक स्टडीज में एबीवीपी ने क्लीन स्वीप किया है। शनिवार को दोपहर बाद 3:30 बजे स्कूल ऑफ सोशल साइंस की मतगणना प्रारंभ हुई है। स्कूल ऑफ लैंग्वेज एंड कल्चरल स्टडीज तथा स्कूल ऑफ इंटरनेशनल स्टडीज जैसे बड़े स्कूलों की मतगणना भी अभी बाकी है। दो सीटों के लिए स्पेशल सेंटरो के लिए मतगणना भी अभी होनी है। शनिवार शाम 7 बजे से केंद्रीय पैनल के वोटों की गिनती शुरू होने के संभावना है। मतदाताओं के जागरूक होने के कारण यहां जेएनयू छात्रसंघ चुनाव में करीब 73 फीसदी मतदान हुआ। पिछली बार के मुकाबले यह लगभग पांच फीसदी अधिक है। साइंस स्कूल के छात्रों ने मतदान में अधिक रुचि दिखाई। मतदान के बाद एबीवीपी ने जेएनयू छात्रसंघ चुनाव समिति से मतदान में बैलेट पेपर पर तीन सवाल सार्वजनिक करने की मांग रखी है। इनमें बैलेट पेपर की कुल संख्या, कितने प्रयोग हुए और कितने नष्ट किए गए शामिल हैं।

## भारतीय गुर्जर परिषद ने किया जगदीप छोकर को सम्मानित

**नई दिल्ली,** 23 मार्च (देशबन्धु)। सुप्रीम कोर्ट में इलेक्टोरल बॉन्ड की याचिका दायर करके उसको अंजाम तक ले जाने वाले याचिकाकर्ता जगदीप छोकर को भारतीय गुर्जर परिषद के पदाधिकारियों ने सम्मानित किया है। इस अवसर पर भारतीय गुर्जर परिषद के राष्ट्रीय सचिव रोमी भाटी ने कहा कि लोकतंत्र को बचाने में जगदीप छोकर का योगदान ऐतिहासिक है। उधर, जादगीप छोकर को सम्मान देते हुए भारतीय गुर्जर परिषद के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष धर्मवीर सिंह बसोया ने कहा कि पूरे गुर्जर समाज को छोकर पर नाज़ है और हम उनके साथ हैं। धर्मवीर सिंह ने कहा की ये जीत इसलिए भी मायने रखती है क्योंकि जगदीप के लिए ये लड़ाई आसान नहीं थी, कोर्ट में इनका सामना बहुत बड़ी-बड़ी ताकतों से था। वहीं, रोमी भाटी ने कहा कि जगदीप छोकर ने पूरे गुर्जर समाज को नाज है। गुर्जर समाज अब समाज के सुधारों में अग्रणी भूमिका



निभाने की शुरुआत कर दी है। भाटी ने बताया इस लड़ाई में जगदीप के साथ कुछ भी हो सकता था, उनके ऊपर हर तरह के दबाव थे। बिना डरे और सभी कानूनी पहलुओं के साथ इन्होंने लड़ाई जारी रखी और जीत हासिल की।ये इतिहास में दर्ज हो गया है कि इलेक्टोरल बॉन्ड के खत्म होने से भारत के पूरे लोकतंत्र को बचाने का काम हुआ है।

**■ लोकतंत्र को बचाने में जगदीप छोकर का योगदान ऐतिहासिक : भाटी**

## शहीद भगत सिंह ब्रीगेड की ओर से शहीद दिवस पर खेली गई बसंती होली

**नई दिल्ली,** 23 मार्च (देशबन्धु)। शहीद-ए-आजम भगत सिंह, अमर शहीद सुखदेव और राजगुरु को उनके बलिदान दिवस पर शहीद भगत सिंह ब्रीगेड के ओर से शास्त्री नगर में कार्यकर्म का आयोजन किया गया।



शहीद भगत सिंह ब्रीगेड के स्थापक शहीद भगत सिंह के पौत्र यादवेन्द्र सिंह संधू के नेतृत्व में हजारों लोंगों ने शहीद-ए-आजम भगत सिंह, अमर शहीद सुखदेव और राजगुरु को श्रद्धांजलि दी। इस अवसर दिल्ली में पहली बार शहीदों के नाम की बसंती होली खेली गई। पूरी दिल्ली रंग गई भगत सिंह के रंग में। इस मौके पर भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु के दिवाने एक दूसरे को बसंती रंग लगाया और दिल्ली के शास्त्री नगर में विश्व रिकॉर्ड बनाया। इस अवसर पर शहीद भगत सिंह के पौत्र यादवेन्द्र सिंह संधू ने भगत सिंह को याद किया और शहीदों के तैल्य चित्र पर माल्यार्पण और कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर यादवेन्द्र सिंह संधू ने कहा कि शहीदों के त्याग और बलिदान से हम युवाओं को प्रेरणा लेनी चाहिए। उन्होंने कहा कि आज देश की सरकार क्रांतिकारी शहीदों को भूलाने में लगी है। उन्होंने कहा कि सरकारों ने देश भक्तों की शहादत को कभी भी याद नहीं किया लेकिन युवा समाज को इन क्रांतिकारियों के बलिदान के बारे में जागरूक करने का प्रयास किया गया है। उन्होंने चरणजीव मलहोत्रा को कोरोना योद्धा बताते हुए कहा कि जो लोग कोरोना समय में अपनी परिजनों को छूने से डरते थे।


**यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण**
प्रथम तल, कॉमर्शियल कॉम्पलेक्स, पी 2 सैक्टर-ओमेगा-1, ग्रेटर नोएडा, जपनद गौतमबुद्धनगर-201308 उ0प्र0
**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम अमरपुर में उप जिलाधिकारी सदर से प्राप्त परिवार सदस्तया प्रमाण पत्र संख्या 977/एस0टी0-एस0डी0एम0/2023 दिनांक 19.02.2021 श्री सुखवीर पुत्र रूसी उर्फ राम सिंह, नि0 अमरपुर, परगना दनकौर, तहसील व जिला गौतमबुद्धनगर की मृत्यु दिनांक 15.03.2020, को हो चुकी है मृतक के स्थान पर उनके वारिसानों के नाम निम्न प्रकार दर्ज किया जाना प्रस्तावित है-

| ग्राम का नाम | खसरा संख्या | मृतक काश्तकार का नाम | मृतक के पारिवारिक सदस्यों के नाम | मृतक से संबंध | आयु लगभग | विशेष |
|---|---|---|---|---|---|---|
| जगनपुर अफजल पुर | 291/2, 292/293, 294, 295, 311, 313 | श्री सुखवीर पुत्र रूसी उर्फ राम सिंह, नि0 अमरपुर, परगना दनकौर, तहसील व जिला गौतमबुद्धनगर। | श्रीमती बाला देवी | पत्नी | 52 वर्ष | |
| | | | श्री दिनेश | पुत्र | 35 वर्ष | |
| | | | श्री अमित | पुत्र | 26 वर्ष | |
| | | | श्री हरीश कुमार | पुत्र | 24 वर्ष | |
| | | | श्रीमती रीना देवी | पुत्री | 33 वर्ष | विवाहित |
| | | | श्रीमती रेखा देवी | पुत्री | 32 वर्ष | विवाहित |

उपरोक्त वारिसानों के संबंध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अदंर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में मृतक के स्थान पर इनके वारिसानों का नाम 07 प्रतिशत आबादी भूखण्ड, व 64.7 प्रतिशत अतिरिक्त प्रतिकर संबंधी अभिलेखों में दर्ज करा दिया जायेगा।

तहसीलदार
यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण



**यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण**
प्रथम तल, कॉमशियल कॉम्पलेक्स, पी-2, सैक्टर-ओमेगा-1, ग्रेटर नोएडा, जनपद गौतमबुद्ध नगर-201308 (उ0प्र0)
**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि Revnenue Department, Govt of NCT of Delhi Office of the District Magistrate Shahdara द्वारा प्रस्तुत Certification No. 90660000220931 and 90660000225431 दिनांक 07.02.2024 व 15.03.2024 के अनुसार ग्राम धनौरी व भट्टा में निम्न प्रकार मृतक के स्थान पर उनके पारवारिक सदस्यों के नाम दर्ज किये जाने प्रस्तावित है।

| ग्राम का नाम | खसरा संख्या | मृतक काश्तकार का नाम | मृतक के पारिवारिक सदस्यों के नाम | आयु लगभग वर्षो में | मृतक से संबंध |
|---|---|---|---|---|---|
| धनौरी | 1175 | भूदत्त शर्मा पुत्र पीताम्बर शर्मा व परमेशवरी पत्नी स्व0 भूदत्त शर्मा नि. बी.134 ज्योति कालोनी मेन 100 फुटा रोड शाहदरा ईस्ट दिल्ली-110032 | श्रीमती बिमला कौशिक | 64 | पुत्री विवाहित |
| | | | श्रीमती गीता शर्मा | 48 | पुत्री विवाहित |
| भटटा | 208 | | श्री प्रदीप कुमार शर्मा | 47 | पुत्र |
| | | | श्री राजेश कुमार शर्मा | 57 | पुत्र |
| | | | श्री योगेश शर्मा | 55 | पुत्र |

उपरोक्त वारिसानों के संबंध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में मृतक के स्थान पर उनके पारवारिक सदस्यों के नाम 07 प्रतिशत आबादी भूखण्ड व 64.7 प्रतिशत अतिरिक्त प्रतिकर संबंधी अभिलेखो में दर्ज करा दिया जायेगा।

तहसीलदार
यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण



**ग्रेटर नौएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण**
भूखण्ड संख्या-1, के0पी0-4, ग्रेटर नोएडा सिटी
जि0- गौतमबुद्व नगर उ0प्र0
**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि D01 आवासीय भूखण्डो की योजना के अन्तर्गत भूखण्ड संख्या I-193, Area-120 Sqmt., Sector-Delta-02, Allotment No.-D0133098 Greater Noida के आवंटी Sh. Vijay Kumar S/o Late Sh. Manphul Singh के पक्ष में आवंटित/पंजीकृत है। आवंटी Sh. Vijay Kumar की मृत्यु दिनांक 26.12.2023 को हो गयी है। मृतक आवंटी की पत्नी Smt. Shaila Jain W/o Late Sh. Vijay Kumar द्वारा उपरोक्त वर्णित भूखण्ड को पूर्ण रूप से वसीयत के आधार पर अपने पक्ष में म्यूटेशन/नामान्तरण करने हेतु प्राधिकरण में आवेदन किया है। इस म्युटेशन के सम्बन्ध यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखो में स्वर्गीय Sh. Vijay Kumar S/o Late Sh. Manphul Singh के स्थान पर उनकी पत्नी Smt. Shaila Jain W/o Late Sh. Vijay Kumar R/o C-204, Sector-37 (RHO-2) Greater Noida, Distt.-G.B. Nagar (U.P) के पक्ष में पूर्ण रूप से दर्ज कर दिया जायेगा।

विशेष कार्याधिकारी (सम्पत्ति )
ग्रेटर नोएडा औ0 वि0 प्राधिकरण



रेलयात्री कृपया ध्यान दें!

**महत्वपूर्ण सूचना**

दिनांक 25.03.2024 (सोमवार) होली के उपलक्ष्य में दिल्ली क्षेत्र के आरक्षण कार्यालय जो कि मुख्य वाणिज्य प्रबन्धक/यात्री विपणन के अधीन कार्यरत हैं, उनके कार्य करने हेतु निम्नलिखित प्रबन्ध किये गये हैं:-

**आंशिक सेवा**

(1) आई0आर0सी0ए0 भवन (2) दिल्ली जंक्शन व (3) हज़रत निज़ामुद्दीन आरक्षण कार्यालयों में प्रातः कालीन पारी प्रातः 08:00 बजे से 14:00 बजे तक आंशिक सेवायें उपलब्ध रहेंगी, व सायंकालीन पारी (14:00 से 20:00) बजे तक ये कार्यालय यथावत कार्यरत रहेंगे।

प्रातः कालीन पारी में निम्न आरक्षण केन्द्र बन्द रहेंगे (08:00 बजे से 14:00 बजे)

(1) सरोजनी नगर (2) लाजपत नगर (3) ओखला (4) कड़कड़डूमा (5) दिल्ली शाहदरा (6) आदर्श नगर (7) सब्जी मण्डी (8) कीर्ति नगर (9) तुग़लकाबाद (10) शकूरबस्ती (11) रोहिणी (12) अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (13) गाजियाबाद एवं (14) नोएडा

उपरोक्त सभी कार्यालय सायंकालीन पारी (14:00 से 20:00 बजे) तक यथावत कार्यरत रहेंगे।

निम्नलिखित आरक्षण केन्द्र पूरे दिन बन्द रहेंगे

(1) संसद भवन (2) प्रेस क्लब आफ इण्डिया (3) रेलवे बोर्ड (4) सुप्रीम कोर्ट (5) आई0 आर0 सी0 ए0 भवन आरक्षण केन्द्र नई दिल्ली में स्थित अन्तर्राष्ट्रीय टूरिस्ट ब्यूरो।

निम्नलिखित आरक्षण कार्यालय 25.03.2024 (सोमवार) को प्रातः कालीन पारी (08:00 बजे से 14:00 बजे) में दिल्ली मण्डल पर होली के अवसर पर बन्द रहेंगे : आनंद विहार टर्मिनल (पीआरएस), साहिबाबाद, नया गाजियाबाद, गुड़गांव, पालम, दिल्ली कैंट, दिल्ली सराय रोहिल्ला, फरीदाबाद, बल्लभगढ़, पलवल, नरेला, सोनीपत, पानीपत, करनाल, कुरूक्षेत्र, कैथल, जींद, मानसा, रोहतक, बहादुर गढ़, नांगलोई, शामली, मुराद नगर, मोदी नगर, मेरठ कैंट, मेरठ सिटी, मुज़फ़्फ़रनगर, खतौली, देवबन्द, बड़ौत, गोहाना, पटौदी रोड, झज्जर, ग्रेटर नोएडा, नोली, साकेत कोर्ट, द्वारका कोर्ट, केन्द्रीय प्रशासनिक अधिकरण (सीएटी), शकूर बस्ती, समालखा, गन्नौर, शाहाबाद मारकंडा, जाखल, टोहाना, जुलाना, नरवाना, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय (एमटीसी) एवं रोहिणी कोर्ट।

नई दिल्ली (पहाड़ गंज और अजमेरी गेट की तरफ), दिल्ली जं., हज़रत निज़ामुद्दीन, आनंद विहार एवं दिल्ली सराय रोहिल्ला रेलवे स्टेशनों पर वर्तमान आरक्षण कार्यालय हर रोज की तरह सामान्य समयानुसार कार्य करेंगे।

रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139

रेलमदद वेबसाइट देखें : www.railmadad.indianrailways.gov.in

रेलमदद ऐप डाउनलोड करें

हमें फॉलो करें :-

908/2024

**उत्तर रेलवे**
आपकी सुविधा - हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# कैपिटल ज़ोन

उवाच

हाल ही में प्रमुख सचिव स्वास्थ्य पार्थ सारथी सेन शर्मा ने अस्पताल का निरीक्षण किया था। उन्होंने अस्पताल में सीटी स्कैन समेत अन्य जरूरी सुविधाओं को परखा था। निरीक्षण के दौरान कोरोना काल में टाटा कंपनी की ओर से सीएसआर के तहत लगाई गई सीटी स्कैन मशीन के संचालन के लिए निर्देशित किया था।

**डॉ. रेनू अग्रवाल, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक (सीएमएस)**

## 27 को होगा मुख्यमंत्री योगी का गाजियाबाद आगमन

**गाजियाबाद,** 23 मार्च (देशबन्धु)। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 27 मार्च को गाजियाबाद आएंगे। योगी यहां प्रबुद्ध वर्ग के सम्मेलन को संबोधित करेंगे। कार्यक्रम का आयोजन नेहरू नगर स्थित दीन दयाल ऑडिटोरियम में होगा।



सूचना मिलने पर उनके आगमन की तैयारियों में भाजपा संगठन जुट गया है। भाजपा अध्यक्ष संजीव शर्मा ने बताया कि भाजपा के प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन में सभी महानगर क्षेत्र के डॉक्टर्स, इंजीनियर्स, अधिवक्ता, साहित्यकार, उद्यमियों समेत करीब 1500 लोग शामिल होंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करीब 2:30 बजे हेलिकॉप्टर से पुलिस लाइन पहुंचेंगे। यहां से सड़क मार्ग से वह नेहरू नगर दीनदयाल ऑडिटोरियम में पहुंचेंगे। यहां प्रबुद्ध वर्ग से रूबरू होंगे। इसके बाद जनप्रतिनिधियों से मुलाकात भी करेंगे।

## होली का रंग स्वच्छता के संग, नगर आयुक्त ने शहर वासियों से की कचरा पृथक्करण की अपील

**गाजियाबाद,** 23 मार्च (देशबन्धु)। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने शहरवासियों को होली की शुभकामनाएं देने के साथ-साथ स्वच्छता का संदेश भी दिया है। जिसमें गाजियाबाद शहरवासियों को स्वास्थ्य विभाग संबंधित चार प्रकार के रंगों की जानकारी दी है जिसमें हरा, नीला, काला व पीला रंगों के बारे में बताया गया है तथा कचरा सेग्रीगेशन को बढ़ावा देने के लिए जागरूक किया गया है। शहर में कचरा सेग्रीगेशन पर प्राथमिकता पर कार्य चल रहा है स्वच्छ भारत मिशन की टीम शहर वासियों को डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन वाहनों के साथ जाकर कचरा सेग्रीगेशन के बारे में जागरूक कर रहे हैं।

■ **स्वच्छ जीवन के लिए चार रंग हरा, नीला, काला व पीला सदैव रखे संग**

गाजियाबाद नगर निगम द्वारा स्वच्छता का संदेश दिया जा रहा है तथा शहर वासियों को चार प्रकार के डस्टबिन इस्तेमाल करने हेतु जागरूक भी किया जा रहा है। हरा रंग जिसमें गीला कचरा रखने के लिए बताया गया गीले कचरे में प्राकृतिक खाद्य पदार्थ सम्मिलित होते हैं जिसमें फल के छिलके सब्जियों के छिलके ऐसी वस्तुएं जो गल जाती हैं तथा जिनसे खाद बनता है सम्मिलित किया गया है, हरे रंग के डस्टबिन में डालने के लिए कहा गया है। 'नीला रंग' नीले रंग के डस्टबिन में सूखा कचरा डालने के लिए बताया गया है जिसमें प्लास्टिक, रैपर, गत्ता तथा सिंगल यूज प्लास्टिक व अन्य सामान को लिया गया है सूखे कचरे के लिए नीले रंग का डस्टबिन उपयोग में लेने हेतु बताया गया है। काला रंग घरेलू हानिकारक कचरा जिसमें कांच ट्यूबलाइट बल्ब खराब बैटरी लोहा स्टील को सम्मिलित किया गया है तथा काले रंग की डस्टबिन में डालने के लिए अपील की गई है, इसी क्रम को आगे बढ़ते हुए गाजियाबाद नगर निगम द्वारा 'पीले रंग' को स्वच्छता से जोड़ते हुए सेनेटरी कचरे के लिए पीला डस्टबिन इस्तेमाल करने के लिए अपील की गई है सेनेटरी वेस्ट जिसमें इनफेक्टेड बांडेड पी किट मास्क ग्लव्स हानिकारक पैड इत्यादि को लिया गया है।



हरा, नीला, काला, पीला, डस्टबिन के चार रंग से कचरा सेग्रीगेशन को मिलेगा बढ़ावा : विक्रमादित्य सिंह मलिक

नगर आयुक्त द्वारा गाजियाबाद नगर निगम की संबंधित टीम को शहर वासियों को जागरुक करते हुए चार रंग की आदत डालने के लिए कहा गया है, हरा नीला काला पीला रंग की आदत डालने के लिए शहरवासियों को जागरूक भी किया जा रहा है तथा स्वच्छता का संदेश प्रतिदिन गाजियाबाद नगर निगम शहरवासियों को दे रहा है।

## जनपद में 967 स्थानों पर होगा होलिका दहन

■ **सुरक्षा के लिहाज से जनपद को 20 जोन और 45 सेक्टर में किया विभाजित**
■ **42 संवेदनशील हॉट स्पॉट चिन्हित**

**नोएडा,** 23 मार्च (देशबन्धु)। गौतमबुद्धनगर में लगभग 969 स्थानों पर होलिका दहन किया जाना है। ऐसे में इन स्थानों पर भीड़ को देखते हुए भारी पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। इसे अलावा डीसीपी, एडीसीपी के पर्यवेक्षण व सहायक पुलिस आयुक्त के नेतृत्व में थाना प्रभारियों द्वारा पुलिस बल व अर्धसैनिक बल के साथ फ्लैग मार्च किया जा रहा है।

पुलिस अधिकारियों द्वारा पीस कमेटी, धर्मगुरुओं, शांति, समितियों, संभ्रांत व्यक्तियों के साथ अब तक 50 से अधिक गोष्ठियों का आयोजन किया गया। इसके साथ-साथ ही बताया गया है कि अगर किसी भी असामाजिक तत्व द्वारा होली के पर्व के अवसर पर किसी प्रकार से शांति व्यवस्था को बिगाड़ने का प्रयत्न किया गया तो उसके विरूद्ध कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जायेगी। पुलिस द्वारा अभी तक 42 संवेदनशील हॉटस्पाट स्थानों को चिन्हित करते हुए वहां पर अतिरिक्त पुलिस बल, पीएसी बल व अर्धसैनिक बल को तैनात किया गया है।

होली के पर्व को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर को 20 जोन व 45 सेक्टर में विभाजित करते हुए सेक्टर स्कीम लागू की गई है। इन स्थानों पर 50 मोबाइल क्यूआरटी, 1 कंपनी सेंट्रल पैरामिलेट्री फोर्स, 02 कंपनी पीएसी को तैनात किया गया है। 98 स्थानों पर पिकेट ड्यूटी लगाकर ब्रेथ एनालाइजर की सहायता से शराब पीकर गाड़ी चलाने वाले एवं हुड़दंगियों के विरुद्ध समुचित कार्रवाई की जाएगी।

24 अंतर्जनपदीय व 23 अन्तरराज्यीय स्थानों पर बैरियर लगाकर सील किये गये है। आईएसटीएमएस के माध्यम से लगे सीसीटीवी कैमरों से सतर्क निगरानी रखते हुए यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरूद्ध एम.वी. एक्ट व अन्य विधिक कार्यवाही की जाएगी। सभी थाना मोबाइल, पीसीआर, यातायात पुलिस व पीआरवी वाहनों को भी लगातार क्षेत्र के भ्रमणशील रहने हेतु निर्देशित किया गया है।

## सार संक्षेप

### पर्थला ओवर ब्रिज के पास सड़क हादसा, एक युवक की मौत

**नोएडा।** पर्थला ओवरब्रिज के पास बाइक सवार युवक ने पैदल जा रहे राहगीर को टक्कर मारकर घायल कर दिया। उपचार के दौरान घायल व्यक्ति की मौत हो गई। पति के अंतिम संस्कार के बाद पत्नी ने अज्ञात बाइक चालक के खिलाफ सेक्टर-113 थाने में केस दर्ज कराया है। गोंडा जिले के मसकनवा गांव निवासी शांति ने पुलिस को बताया कि उनके पति रामचंदर छिजारसी गांव में रहते थे। वह 22 फरवरी की रात में अपनी कंपनी में काम करके वापस आ रहे थे। पर्थला ओवरब्रिज के पास तेज रफ्तार बाइक सवार ने उन्हें टक्कर मार दी। सिर समेत शरीर के अन्य हिस्से में चोट लगने के कारण रामचंदर गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद युवक बाइक समेत मौके से फरार हो गया। राहगीरों ने घायल को अस्पताल में भर्ती कराया। बाद में उनकी मौत हो गई। गोंडा में पति का अंतिम संस्कार करने के बाद महिला ने अब आरोपी युवक के खिलाफ केस दर्ज कराया है। पुलिस घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगाल रही है।

### मोबाइल टॉवर से कीमती उपकरण चोरी

**नोएडा।** अलग-अलग जगहों से चोर मोबाइल टॉवरों में लगे कीमती उपकरण चोरी कर फरार हो गए। सेक्टर-39 पुलिस को दी शिकायत में फायरफ्लाई नेटवर्क लिमिटेड के अधिकारी ने बताया कि अज्ञात चोरों ने सेक्टर 45 में लगे मोबाइल के टावर से दो कीमती उपकरण आरआरयू चोरी कर लिया। एक अन्य मामले में प्रवीण कुमार ने बताया कि अज्ञात चोरों ने सेक्टर 105 की ग्रीन बेल्ट में लगे मोबाइल के टावर से कीमती उपकरण आरआरयू चोरी कर लिया है। साथ ही सलारपुर गांव के पास लगे दो अन्य मोबाइल के टावर से चोरों ने कीमती उपकरण आरआरयू चोरी कर लिया। सेक्टर 37 के ग्रीन बेल्ट में लगे मोबाइल के टावर से अज्ञात चोरों ने कीमती उपकरण आरआरयू चोरी कर लिया। वहीं सेक्टर 82 में लगे मोबाइल के टावर से अज्ञात चोरों ने कीमती उपकरण चोरी कर लिया।

### आईएमएस में होली उत्सव का आयोजन

**नोएडा।** इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज आईएमएस नोएडा में होली उत्सव का आयोजन हुआ। शुक्रवार को सेक्टर 62 स्थित संस्थान परिसर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान छात्रों ने लोक-नृत्य, लोक-संगीत एवं कृष्ण रास के माध्यम से होली की मोहक प्रस्तुति दी। वहीं कार्यक्रम के दौरान लोकनृत्य एवं लोकगीत के माध्यम से भारतीय संस्कृति को प्रदर्शित किया गया। आईएमएस के महानिदेशक प्रो. (डॉ.) विकास धवन ने संस्थान के सभी शिक्षकों एवं छात्रों को उनके सुखद एवं समृद्ध जीवन की कामना करते हुए होली की बधाई दी। उन्होंने कहा कि शिक्षकों की यह जिम्मेदारी है कि वे विद्यार्थियों के चरित्र निर्माण को प्राथमिकता देते हुए संस्कारों और सभ्यता के सुनहरे रंगों से राष्ट्र निर्माण और समाज के पुनरुत्थान में सक्रिय भूमिका निभाएं। आज संस्थान में रंगों के त्योहार की शुरुआत लोकगीत एवं लोक नृत्य से की गयी। कार्यक्रम के दौरान सभी शिक्षकों एवं छात्रों ने गीले रंग एवं गुलाल के बजाय फूलों की होली खेली।

## जीडीए उपाध्यक्ष ने की संपत्ति की समीक्षा बैठक

**गाजियाबाद,** 23 मार्च (देशबन्धु)। गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) के नवनियुक्त उपाध्यक्ष अतुल वत्स धीरे-धीरे एक्शन मोड में आते जा रहे हैं। शुक्रवार को परवर्ती प्रवर्तन विभाग की समीक्षा कर किसी भी हालत में अवैध कॉलोनी न बनने देने की हिदायत अधिकारियों को दी थी। वहीं शनिवार को उन्होंने जीडीए की निस्तारित संपत्ति, भवन भूखंड आदि की समीक्षा की और उन्होंने अधिकारियों का आदेश दिया कि वह नियम का समीक्षा बैठक कानून के मुताबिक अमल करते हुए निस्तारित संपत्ति का निस्तारण करें। साथ ही हर समस्या का भी हल करें। जीडीए सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक में अतुल वत्स ने कहा कि किसी भी योजना की सम्पूर्ति प्रमाण पत्र देते समय यह भी देखें कि संबंधित कॉलोनी में सभी जरूरी सुविधाएं हैं या नहीं। उन्होंने इंदिरा कुंज आवासीय योजना में आवश्यक सीवर अन्य सुविधाएं सुदृढ़ करने के निर्देश दिए। वहीं इंदिरापुरम में निस्तारित भूखंडों का निस्तारण व बिक्री करने की योजना बनाने के निर्देश दिया। अतुल वत्स ने तुलसी निकेतन में संबंधित पूरी योजना का विस्तृत प्रस्ताव पेश करने को कहा। साथ ही इंद्रप्रस्थ योजना में निस्तारित संपत्ति व अवशेष भूखंडों के निस्तारण की निर्देश भी दिए। कोयल एंक्लेव में उन्होंने ग्रुप हाउसिंग वह भवनों की बिक्री तथा संपत्ति का निस्तारण करने के लिए आदेश दिए। उन्होंने जीडीए की महत्वपूर्ण आवासीय योजना मधुबन बापूधाम आवासीय योजना की समीक्षा बैठक किसी अन्य दिन करने की बात की। इस बैठक में जीडीए सचिव राजेश कुमार सिंह, प्रभारी मुख्य अभियंता मानवेंद्र सिंह, अधिशासी अभियंता आलोक रंजन, लवकेश, राजकुमार वर्मा, अजीत कुमार, अजीत बघड़िया, सहायक अभियंता रूद्रेश शुक्ला अधिकारी शामिल रहे।



सम्पूर्ति प्रमाण देने से पहले सुविधाओं की स्थिति अवश्य देंखे : अतुल वत्स

## होली के दिन मेट्रो के समय में किया बदलाव

**नोएडा,** 23 मार्च (देशबन्धु)। 25 मार्च को होली के दिन एनएमआरसी और डीएमआरसी ने मेट्रो की समय सारणी में बदलाव किया गया है। नोएडा से संचालित होने वाले एक्वा लाइन मेट्रो सेवा दोपहर 2 बजे शुरू की जाएगी। दो बजे के बाद प्रत्येक 15-15 मिनट के अंतराल पर मेट्रो चलेगी। दो बजे एक साथ दोनों टर्मिनल से मेट्रो चलेगी। ताकि आने जाने वाले मुसाफिर को दिक्कत न हो। बता दे नोएडा में एक्वा लाइन से रोजाना करीब 48 हजार के आसपास मुसाफिर मेट्रो में सफर करते है। वहीं, डीएमआरसी की ओर से संचालित मेट्रो सेवाएं दोपहर 2 बजकर 30 मिनट से शुरू होंगी। इससे पहले सुबह दिल्ली मेट्रो की सभी लाइनों पर आवाजाही बंद रहेगी। बता दें, ऐसे में एक रात पहले साढ़े 11 बजे के बाद से ही दोपहर ढाई बजे तक मेट्रो का रखरखाव किया जाएगा। इस दौरान मेट्रो लाइन से लेकर मेट्रो ट्रेन की मरम्मत का काम भी किया जाएगा। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करके डीएमआरसी ने जानकारी दी है, कि रैपिड मेट्रो लाइन से लेकर एयरपोर्ट एक्सप्रेस सर्विस लाइन भी सुबह के वक्त बंद रहेगी। ऐसे में अगर आप भी होली के दिन मेट्रो से सफर करने जा रहे हैं, तो इसी टाइमिंग को ध्यान में रखकर घर से बाहर निकले, जिससे आपको किसी परेशानी का सामना न करना पड़े। ध्यान रहे कि ढाई बजे के बाद आम दिनों की तरह मेट्रो सर्विस जारी रहेगी।



■ **एक्वा लाइन दोपहर 2 बजे से और डीएमआरसी की मेट्रो 2 बजकर 30 मिनट से चलेगी**

## एनजीओ संचालिका ने मुझे गलत जानकारी देकर भड़काया : बीपी त्यागी

**गाजियाबाद,** 23 मार्च (देशबन्धु)। राष्ट्रवादी जनसत्ता दल के स्वास्थ्य प्रकोष्ठ प्रभारी व वरिष्ठ ईएनटी सर्जन डॉ. बीपी त्यागी ने एक एनजीओ संचालिका पर अपने खिलाफ राजनीतिक षड्यंत्र की आशंका जताई है।

यहां जारी एक बयान में डॉ. त्यागी ने कहा है कि शुकवार शाम 3 बजे ऋचा (नींवशक्ति संस्था की संचालिका)। सीएमओ व सीएमएस व सरकारी अस्पताल की शिकायत की। उन्होंने बताया कि सरकारी अस्पताल गाजियाबाद में हियरिंग टेस्ट नहीं होते है।

■ **किसी राजीनीतिक साज़िश की आशंका**

इसकी हक़ीक़त जानने के लिए वह वहां पहुंचे और सीएमओ व सीएमएस के तस्दीक की तो पता चला कि डीईआइसी नामक संस्था के द्वारा सुनने कि सभी जांचे गाजियाबाद सरकारी अस्पताल करा रहा है। सीएमओ गाजियाबाद ने बताया कि ईएनटी विभाग में ऑडियोमीट्री, बेरा, स्पीच थेरापिस्ट, क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट सारी सुविधाएं उपलब्ध हैं।

मतलब साफ है इस महिला ने सीएमओ ऑफिस में कार्यरत डी के सिंह को मेरे खिलाफ भड़काया। उसके बाद सीएमओ गाजियाबाद से आयुष्मान पैनल के बारे में बात हुई। सीएमओ ऑफिस से आयुष्मान के बारे में संतुस्थ जवाब न मिलने पर डॉ. बी पी त्यागी ने नोडल अधिकारी आयुष्मान लखनऊ से बात की। लखनऊ ऑफिस के सुझाव के बाद फिर डॉ बी पी त्यागीं ने डीएम गाजियाबाद से आज सुबह मीटिंग करनी थी लेकिन डीएम गाजियाबाद के ऑफिस में न होने के कारण उनके पीए को सूचना पत्र दे दिया गया।

## भारतीय किसान संगठन ने शहीदों को किया याद

**नोएडा,** 23 मार्च (देशबन्धु)। भारतीय किसान संगठन के राष्ट्रीय कार्यालय पर सेक्टर-52 नोएडा पर शहीद भगत सिंह, राजगुरु, सुखदेव के शहीदी दिवस पर माल्यार्पण कर शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई। इस मौके पर राष्ट्रीय अध्यक्ष भारतीय किसान संगठन राजेन्द्र यादव ने कहा कि आज हम आजादी की खुली हवा में जो सांस ले रहे हैं उसका पूरा श्रेय देश के शहीदों को जाता है। जिन्होंने अपने प्राणों की आहुति दे कर हमे आजादी दी। देश हमेशा शहीदी का ऋणी रहेगा। जिस तरह से देश को आजाद कराने की मुहिम चलाई गईं थीं। उसी तरह से देश के किसान और मजदूर को भी उसका हक दिलाने के लिए अथक प्रयास की जरूरत है। देश के किसान मजदूर ने दिन रात सख्त से सख्त मेहनत मशक्त कर भारत देश को अनाज, दाले, फल, सब्जी, दूध आदि में आत्मनिर्भर बनाया है। आज वहीं किसान अपनी फसल की कीमत कम से कम और मजदूर को मजदूरी कम से कम मिलने के कारण बहुत ही तंगहाली में जीवन यापन कर रहा है। वह अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा स्वास्थ की सहूलियत देने में असमर्थ हैं। सरकार द्वारा किए गए वादों तो किए जाते है पर उन पर अमल नहीं किया जाता। आज देश का किसान अपने अधिकार के लिए धरनारत हैं उसकी सिर्फ अपनी फसल ओर मजदूरी की सही महंताना की मांग है। राजेन्द्र यादव ने कहा एमएसपी सी 2+50 प्रतिशत खरीद गारंटी कानून जल्द बनाया जाए। किसान मजदूर का पूर्ण कर्ज मुक्त किया जाए। मनरेगा योजना को कृषि के साथ जोड़ा जाए। 200 दिन काम व 700 प्रतिदिन मजदूरी दी जाए।भूमि अधिग्रहण कानून 2013 लागू किया जाए। भूमि अधिग्रहण कानून 2021 को निरस्त किया जाए।



## 5863 लाइसेंस शस्त्र जमा 29 का लाइसेंस रद्द

■ **64 अवैध हथियार, 55 कारतूस बरामद**
■ **अब तक 1500 से ज्यादा लीटर शराब बरामद**

**नोएडा,** 23 मार्च (देशबन्धु)। नोएडा पुलिस ने लोकसभा चुनाव कराने के लिए कमर कस रखी है। अब तक कमिश्नरेट पुलिस ने 64 बदमाशों को गिरफ्तार कर 64 अवैध शस्त्र व 55 कारतूस बरामद किये गए है। जिनमें नोएडा जोन ने 23, सेन्ट्रल नोएडा जोन ने 30, ग्रेटर नोएडा जोन ने 11 अवैध शस्त्रों को बरामद किया गया है। अब तक 5863 लाइसेंसी शस्त्रों को जमा व 29 लाइसेंस शस्त्रों को निरस्त कराया जा चुका है। जिनमें नोएडा में 859, सेन्ट्रल नोएडा 1056 व ग्रेटर नोएडा द्वारा 3948 लाइसेंसी शस्त्रों को जमा किया गया है। जनपद में अभी तक 13181 व्यक्तियों के खिलाफ धारा 151/107/116 की कार्रवाई कर 6519 व्यक्तियों को धारा 116(3) में पाबंद कराया गया है। जिनमें से नोएडा जोन द्वारा 3996 व्यक्तियों का चालान कर 2413 व्यक्ति, सेन्ट्रल नोएडा जोन द्वारा 2810 व्यक्तियों का चालान कर 1773 व्यक्ति व ग्रेटर नोएडा जोन द्वारा 6375 व्यक्तियों का चालान कर 2333 व्यक्तियों को पाबंद किया गया है। कमिश्नरेट ने 98 बिना जमानती वारंटियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। अवैध शराब तस्करी में अंकुश लगाते हुए कमिश्नरेट पुलिस ने 91 बदमाशों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 1541.15 लीटर अवैध शराब बरामद की गई है। इसी क्रम में अवैध मादक पदार्थ की तस्करी में संलिप्त व्यक्तियों के विरूद्ध कार्रवाई करते हुए कमिश्नरेट पुलिस द्वारा 31 बदमाशों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 67.36 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ बरामद किया गया है। 11 अभियुक्तों के विरूद्ध गैंगस्टर एक्ट की अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किये गए। 52 अपराधियों के विरूद्ध गुण्डा एक्ट, 52 अपराधियों को जिला बदर और 8 जिला बदर अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है।

## कार, ई-रिक्शा और बुलेट चोरी

**नोएडा,** 23 मार्च (देशबन्धु)। अलग-अलग जगहों से चोर कार, ई-रिक्शा और बुलेट चोरी कर फरार हो गए। सेक्टर-39 पुलिस को दी शिकायत में राजकुमार ने बताया कि वह पीजी की तलाश में अपने दोस्त की कार से छलेरा गांव आए थे। गांव के किनारे कार को खड़ा कर राजकुमार पीजी देखने चले गए। जब वह लौटे तो देखा कि कार गायब है। काफी तलाश करने के बाद भी जब कार नहीं मिली तो पीड़ित ने इसकी शिकायत पुलिस से की। च्च

घटनास्थल के आसपास की सीसीटीवी फुटेज देखने पर कार के पास दो संदिग्ध युवक दिखे हैं। वहीं फेज तीन थानाक्षेत्र से चोरों ने उदयवीर नाम के व्यक्ति का ई-रिक्शा चोरी कर लिया। ई-रिक्शा ही उसके जीविकोपार्जन का साधन था। वारदात को अंजाम देते हुए बदमाश सीसीटीवी कैमरे में कैद हुए हैं। फेज तीन पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। वहीं सेक्टर 62 स्थित सिंबोसिस लॉ स्कूल में पढ़ने वाले एक छात्र की मोटरसाइकिल अज्ञात चोर ने चोरी कर ली। पीड़ित मानस आहूजा ने सेक्टर-58 पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 20 मार्च को वह स्कूल में पढ़ने के लिए गए थे। उन्होंने अपनी बुलेट मोटरसाइकिल कॉलेज के गेट पर खड़ी कर दी, तथा अंदर पढ़ने चले गए। जब वह बाहर आए तो उन्होंने देखा कि अज्ञात चोरों ने उनकी बाइक चोरी कर ली है।

## जिला अस्पताल में होगी वर्चुअल ऑटोप्सी

■ **एमआरआई मशीन लगते ही शुरू होगा काम**
■ **शवों को नहीं काटना होगा, फॉरेंसिक एक्सपर्ट को मिलेगा प्रशिक्षण**

**नोएडा,** 23 मार्च (देशबन्धु)। सेक्टर-39 जिला अस्पताल में वर्चुअल ऑटोप्सी यानी बिना चीर फाड़ के शव का पोस्टमार्टम शुरु करने की तैयारी है। एमआरआई मशीन लगने के बाद इस दिशा काम आगे बढ़ेगा। ये प्रदेश का पहला अस्पताल होगा जहां वर्चुअल ऑटोप्सी की सुविधा मिलेगी। अब तक सड़क हादसे, संदिग्ध मौत, हत्या, आत्महत्या, ऊंचाई से गिरने से, फैक्ट्री, कंपनी, कंस्ट्रक्शन साइट समेत आदि मामले में मैनुअल ही पोस्टमार्टम किया जाता है। वर्चुअल ऑटोप्सी के जरिए पोस्टमार्टम करने में महज आधे घंटे का समय लगता है। दरअसल, वर्चुअल ऑटोप्सी में पोस्टमार्टम करने के लिए शरीर की चीर फाड़ नहीं करनीर पड़ती। इसमें एमआरआई, सीटी स्कैन, डिजिटल एक्स-रे मशीनों के द्वारा शव की जांच की जाती है। मशीनों में लगे डिजिटल एक्सरे तकनीक के जरिए मौत होने का समय और कारण का पता लगाया जाता है। इसमें एमआरआई मशीन में शव को अंदर डाला जाता है, जिसके बाद डाक्टर उसकी स्टडी कर मौत के कारणों और शरीर पर लगी चोट और निशान आदि का अध्ययन करते हैं। हत्या के मामलों की जांच में पोस्टमार्टम अहम हिस्सा होता है। नोएडा के सेक्टर-94 में अभी पोस्टमार्टम हाउस है। कुछ मामलों लोग इसलिए पोस्टमार्टम नहीं कराते कि शव को काटा जाएगा। लेकिन वर्चुअल ऑटोप्सी के जरिए पोस्टमार्टम से परिजनों को भी दिक्कत नहीं होगी। अस्पताल की मुख्य चिकित्सा अधीक्षक (सीएमएस) डॉ. रेनू अग्रवाल का कहना है कि हाल ही में प्रमुख सचिव स्वास्थ्य पार्थ सारथी सेन शर्मा ने अस्पताल का निरीक्षण किया था। उन्होंने अस्पताल में सीटी स्कैन समेत अन्य जरूरी सुविधाओं को परखा था। निरीक्षण के दौरान कोरोना काल में टाटा कंपनी की ओर से सीएसआर के तहत लगाई गई सीटी स्कैन मशीन के संचालन के लिए निर्देशित किया था। वहीं अस्पताल में एमआरआई मशीन को लगाने के लिए निर्देश दिए थे।

### फॉरेंसिक एक्सपर्ट करेंगे वर्चुअल ऑटोप्सी, मिलेगा प्रशिक्षण

अस्पताल में पीपीई मॉडल पर एमआरआई मशीन लगाई जानी है। एमआरआई मशीन लगने के बाद फोरेंसिक एक्सपर्ट की मदद से वर्चुअल ऑटोप्सी भी शुरु करने के लिए कहा है। अस्पताल में फॉरेंसिक एक्सपर्ट के रूप डॉ. ऋषभ कुमार है। एमआरआई मशीन लगने के बाद वर्चुअल ऑटोप्सी शुरू की जाएगी। इसके लिए फॉरेंसिक डॉक्टर को जरूरी प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। शासन स्तर से सभी डॉक्टरों के प्रशिक्षण की व्यवस्था की जाएगी।

## साई कृपा ने मनाया अपना वार्षिक समारोह

**नोएडा,** 23 मार्च (देशबन्धु)। नोएडा के सेक्टर-12 स्थित गैर सरकारी संगठन साईकृपा ने शनिवार को वार्षिक समारोह मनाया। इस मौके पर संस्था की विभिन्न शाखाओं जिसमें बाल कुटीर, साई बाल संसार, सेक्टर -41, अनौपचारिक शिक्षा केंद्र और साई व्यवसायिक प्रशिक्षण केंद्र के बच्चे शामिल हुए। दस दौरान बच्चों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम किए। बच्चों ने संगीत, शास्त्रीय और लोक नृत्य का सहज मिश्रण, स्वास्थ्य और कल्याण पर नाटक, सशक्त भाषण के साथ कई प्रभावशाली प्रस्तुतियां दी। इस मौके पर संस्थान से जुड़े लोग मौजूद रहे। संस्थान की सचिव टीना रवींद्रन ने बताया कि 8 मार्च 2024 को ही साई संस्थान ने अपने सफल 36 साल पूरे किए। महिला दिवस पर ही इस एनजीओ की स्थापना साल 1988 में अंजिना राजगोपाल ने की थी। इसके बाद से बहुत सारे वंचित बच्चों और युवाओं का जीवन बदला। उनके योग्य नेतृत्व और अटल सिद्धांत से प्रेरित होकर साईकृपा आज नोएडा के सर्वश्रेष्ठ गैर सरकारी संगठनों में से एक है। साई कृपा ने न केवल माता-पिता विहीन और परित्यक्त बच्चों को आश्रय दिया, बल्कि उनके लिए मानवीय मूल्यों और संस्कार के साथ आगे बढ़ने के रास्ते भी तैयार किए हैं। यही वजह है कि यहां से निकलने वाले बच्चे कई बड़े संस्थानों में अपनी सेवाएं दे रहे है।



■ **बच्चों ने संगीत, लोक नृत्य और प्रस्तुत किए सांस्कृतिक कार्यक्रम**

उवाच

आज सांप्रदायिकता देश की एकता और अखंडता के लिए खतरा बन गई है लोगों को धर्म जाति क्षेत्र के आधार पर बाटकर लड़ाया जा रहा है। किसान सभा के उपाध्यक्ष गबरी मुखिया ने कहा कि किसान सभा 10 फीसदी आबादी प्लाट नए कानून की मांग को लेकर लगातार संघर्ष कर रही है और जीत कर ही दम लेगी।

**डॉ. रुपेश वर्मा, किसान सभा जिला अध्यक्ष**

# कैपिटल ज़ोन

## दादरी बस स्टेशन पर उप्र रोडवेज की बसें न जाने से यात्री परेशान

**ग्रेटर नोएडा,** 23 मार्च (देशबन्धु)। होली पर यूपी रोडवेज बस दादरी स्टेशन के बजाय अधिकांश बसें बाई पास होकर गुजर रही हैं, कस्बे से होली पर विभिन्न शहरों को जाने वाले यात्रियों को भारी परेशानी हो रही है। यात्रियों को लंबी दूरी की बस पकड़ने के लिए पैदल लंबी दूरी तय करके बाईपास पर जाना पड़ रहा है। इसका फायदा निजी बस उठा रहे हैं। दादरी रेलवे स्टेशन पर निजी बस लगी रहती है। इससे यूपी रोडवेज को राजस्व का भी नुकसान हो रहा है। क्षेत्रीय प्रबंधक यूपी रोडवेज गाजियाबाद केसरी नंदन चौधरी से आर्य प्रतिनिधि सभा के जिलाध्यक्ष डॉ. आनंद आर्य ने दादरी बस स्टेशन से यूपी रोडवेज की बसे होकर जाए इसकी मांग रखी है। उन्होंने कहा कि बसें अनिवार्य रूप से दादरी रोडवेज बस स्टेशन होकर गुजारी जाए ताकि होली पर अपने घर जाने वाले हजारों यात्रियों को दादरी से ही पूर्ववत लंबी दूरी की बसें उपलब्ध हो सकें। दादरी बस अड्डे पर रोडवेज बस सेवा के अभाव में सवारी ढोते निजी वाहन नजर आ रहे हैं। लोगों को लंबी दूरी की रोडवेज बसें पकड़ने बाई पास जाना पड़ रहा है।



## संयुक्त किसान मोर्चा ने शहीदी दिवस को लोकतंत्र बचाओ दिवस के रूप मनाया

**ग्रेटर नोएडा,** 23 मार्च (देशबन्धु)। संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर शनिवार पारसौल गांव में किसान सभा ने भगत सिंह, राजगुरु सुखदेव का शहीद दिवस लोकतंत्र बचाओ दिवस के रूप में मनाया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता किसान सभा की केंद्रीय समिति के सदस्य कांग्रेस डीपी सिंह रहे कार्यक्रम का आयोजन उदयवीर मलिक चंद्रपाल सिंह कुंवर पाल सिंह मलिक मंगू त्यागी ने किया। विचार गोष्ठी में शामिल लोगों को संबोधित करते हुए किसान सभा के संयोजक वीर सिंह नागर ने कहा कि भगत सिंह सुखदेव राजगुरु देश में लोकतंत्र की स्थापना के लिए शहीद हुए थे वर्तमान सरकार लोगों की आवाज बंद कर लोकतंत्र का अपहरण कर रही है विपक्ष को खत्म कर रही है तानाशाही कर रही है जिसके खिलाफ खड़े होकर मुकाबला करने की चुनौती है। किसान सभा के जिला अध्यक्ष डॉ. रुपेश वर्मा ने कहा कि आज सांप्रदायिकता देश की एकता और अखंडता के लिए खतरा बन गई है लोगों को धर्म जाति क्षेत्र के आधार पर बाटकर लड़ाया जा रहा है।

■ **शहीदी दिवस पर भगत सिंह, राजगुरू और सुखदेव को दी श्रद्धांजलि**



किसान सभा के उपाध्यक्ष गबरी मुखिया ने कहा कि किसान सभा 10 फीसदी आबादी प्लाट नए कानून की मांग को लेकर लगातार संघर्ष कर रही है और जीत कर ही दम लेगी। विचार गोष्ठी को मुख्य वक्ता डीपी सिंह ने कहा कि यह वक्त बड़ा नाजुक है खेती किसानी मजूरी सब खतरे में है कुछ चंद कंपनियों के साथ सांठगांठ कर देश के सभी प्राकृतिक संसाधन और रोजगार खतरे में आ गए हैं बेरोजगारी अपने चरम पर है किसानों की जमीन कॉर्पोरेट के लिए कब्जा की जा रही है आजादी से पहले भी किसान सभा कंपनियों के खिलाफ लड़ी थी जमींदारों के खिलाफ लड़ी थी और जमीदारी उन्मूलन कराने में सफल रही थी किसान सभा की विचार गोष्ठी का संचालन उदयवीर मलिक ने किया सतीश यादव एवं रतन गंभीर ने सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किया। विचार गोष्ठी को बाबा रंगीलाल, सुरेंद्र यादव, विजय यादव, शिशांत भाटी, भोजराज रावल, सुरेश यादव, गुरप्रीत एडवोकेट, भगत सिंह एडवोकेट, धर्मेंद्र भाटी एडवोकेट, मनोज यादव, नितिन चौहान समेत बड़ी संख्या में किसान मजदूर उपस्थित रहे।

## एयरपोर्ट से प्रभावित 6 गांव के लोगों ने पंचायत कर चुनाव बहिष्कार का किया ऐलान

**जेवर,** 23 मार्च (देशबन्धु)। क्षेत्र के गांव रन्हेरा में शनिवार को एयरपोर्ट के दूसरे व तीसरे चरण से प्रभावित 6 गांव के ग्रामीणों ने एक पंचायत का आयोजन किया। जिसमें ग्रामीणों ने भूमि अधिग्रहण, विस्थापन नीति आदि मांगों पर प्रशासन व जन प्रतिनिधियों द्वारा उनकी उपेक्षा व तानाशाही करने का आरोप लगाते हुए आगामी लोकसभा चुनाव के वहिष्कार करने का ऐलान किया। गांव रन्हेरा में शनिवार को पंचायत में रन्हेरा, थोरा, नीमका, नगला हुकम सिंह, नगला जहानु व कुरैव के ग्रामीण पहुंचे।

ग्रामीणों ने कहा कि एयरपोर्ट के विस्तारीकरण के लिए किये जा रहे भूमि अधिग्रहण, विस्थापन व अपनी मुलभुत सुविधाओं आदि मांगों को लेकर वह पिछले दो वर्षों से आंदोलन कर रहे हैं इसके बाबजूद भी किसानों व मजदूरों के साथ अन्याय किया जा रहा है। ग्रामीणों ने जनप्रतिनिधियों व प्रशासन पर उपेक्षापूर्ण व तानाशाहीपूर्ण रवैया



अपनाने का आरोप लगाते हुए आगामी लोकसभा चुनाव के बहिष्कार का ऐलान किया। ग्रामीणों ने कहा कि जब तक ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान नहीं होगा, तब तक लोकसभा के साथ विधान सभा आदि अन्य सभी चुनावों का भी बहिष्कार करेंगे। पंचायत कि अध्यक्षता ठा गणपत सिंह सूबेदार ने की। इस मौके पर प्रभु नंबरदार, सतपाल सिंह, रनवीर सिंह, विपिन चौधरी, जय किशन शर्मा आदि हजारों ग्रामीण मौजूद रहे।

## जिम्स के चिकित्सकों ने खेला होली



**ग्रेटर नोएडा**, 23 मार्च (देशबन्धु)। राजकीय आयुर्विज्ञान संस्थान में होली मिलन समारोह कार्यक्रम का आयोजन हुआ, समारोह में संस्थान के सभी संकाय सदस्यों व रेजिडेंट्स व चिकत्सा अधिकारी सम्मिलित हुए।

मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. सौरभ श्रीवास्तव ने सभी डॉक्टर्स और कर्मचारियों को होली की हार्दिक शुभकामनाएं दी और

■ **होली पर सावधानी बरतने की सलाह**

निदेशक डॉ. ब्रिगेडियर राकेश गुप्ता के होली के त्योहार पर अपातकालीन सेवाओं के साथ ही आंख, नाक, कान व गले के मरीजों के लिए उचित व्यवस्था किए जाने के निर्देश को दोहराया, उन्होंने कहा कि होली का त्योहार उत्साह के साथ मनाएं और खेलते समय आंख, नाक कान का विशेष ध्यान रखें। इस अवसर पर डॉ. सतेन्द्र कुमार, डॉ. विकास शर्मा, डॉ. रितु शर्मा, डॉ. मोहित कुमार माथुर, डॉ. अजय कुमार साहनी, डॉ. बृज मोहन, डॉ. मनीषा सिंह, डॉ. रुचि सिंह, डॉ. देवेश, डॉ. भुवन, ललित कुमार सिंह, अरविंद, सुमित, कीर्ति आदि उपस्थित रहे।

## सेंट जोसेफ में छठें पुरा छात्र मिलन समारोह का आयोजन

**ग्रेटर नोएडा,** 23 मार्च (देशबन्धु)। सेंट जोसफस्कूल में छठीं एलुमनाई मीट का आयोजन हुआ, साथ ही विद्यालय के मैनेजर फादर एंड्रयू कोरिया का जन्मदिन भी मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. आलविन पिंटो, मैनेजर फादर एंड्रयू कोरिया, सिस्टर सीथा सिस्टर मेबल उपस्थित रहें। कार्यक्रम की शुरुआत दीप जलाकर की गई। तदोपरांत विभिन्न प्रकार के नृत्य प्रस्तुत किए गए, जिसमें मेरे ढोलना एवम पंजाबी डांस ने मुख्य रूप से सबका ध्यान आकर्षित किया। सेंट जोसफ स्कूल के पूर्व छात्रों ने मेडिकल, इंजीनियरिंग, लॉ एवम कई अलग-अलग क्षेत्रों में अपनी पहचान बनाई है। सभी विद्यार्थियों ने अपने कैरियर में विद्यालय के योगदान के बारे में अपने अपने विचार प्रस्तुत किए तथा बीते दिनों को याद किया। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्य ने सभी को भावी जीवन के लिए शुभकामनाएं दी तथा आभार प्रस्तुत किया। इस अवसर पर सभी के लिए दोपहर के खाने की व्यवस्था भी की गई थी।



## आईईए के होली मिलन समारोह में मथुरा के कलाकारों ने दी मनमोहक प्रस्तुति

**ग्रेटर नोएडा,** 23 मार्च (देशबन्धु)। इंडस्ट्रियल इंटरप्रिन्योर एसोसिएशन ने अवध ग्रीन बैंक्वेट में होली मिलन समारोह आयोजित किया गया। संस्था के उपाध्यक्ष महेंद्र शुक्ला ने बताया कि सभी सदस्यों एवं मेहमानों का चंदन से टीका कर पटका पहनाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में मथुरा के कलाकारों ने रंगारंग प्रस्तुति दी और रसिया गाकर सभी का मनोरंजन किया। उद्यमियों ने भी कविताएं एवं गाने गाकर कार्यक्रम का आनंद उठाया। अतिथियों में मुख्य रूप से जीएनआईओटी के चेयरमैन राजेश गुप्ता, एमएसएमई के निदेशक आर.के. भारती, सहायक निदेशक सुनील कुमार, गौतमबुद्धनगर की जिला रोजगार अधिकारी मनीषा अत्रि, अनमोल इंडस्ट्रीज के प्रबंधक निदेशक गोविंदराम चौधरी, लॉयड इंस्टिट्यूट के निदेशक राजीव अग्रवाल एवं उनकी टीम, जी.एन. ग्रुप की निदेशक दीपाली धर, शारदा यूनिवर्सिटी से अविनाश देशमुख एवं उनकी टीम, ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के वरिष्ठ प्रबंधक चेतराम एव उनकी टीम, यूपीएसआईडीए से वरिष्ठ प्रबंधक एन. के. जैन, प्रबंधक हरिओम, एनपीसीएल से हरिंदर सिंह, अभिषेक जैन, गौरव शर्मा, विस्वा कुमार सम्मलित हुए। कार्यक्रम में आईईए के जापनीज और चीनी सदस्यों ने भी होली के गीतों पर जमकर थिरके। सभी उद्यमियों ने एक दूसरे से जमकर फूलों की होली खेली और गले मिलकर होली की बधाई दी। सभी मेहमानों ने उद्यमियों के साथ फूलों की होली खेलकर बधाई दी। संस्था के उपाध्यक्ष गुरदीप सिंह तुली एवं नरेंद्र सोम ने मंच संचालन किया। संस्था के अध्यक्ष अमित उपाध्याय ने सभी आगंतुकों का धन्यवाद किया। इस अवसर पर उपाध्यक्ष पी.एस. मुखर्जी, विशाल गोयल, अभिषेक जैन, पवन गर्ग, राजेन्द्र शर्मा, सी. पी. राय, प्रमोद झा, सुनील दत्त, हरबीर सिंह, बीरेंदर सिंह, खुशबू, नरेश चौहान, कपिल कौशिक, सिद्धार्थ सेठी, पराग अग्रवाल, शैलेश सिंह,नीरज गुप्ता, विजय सिंह, रूपेश चौधरी, उमेश तंवर, श्रीओम पुंढीर, अनिल सिंह, सोमेश कौशिक, शिसुपम त्यागी, राजीव वर्मा, हीरा सिंह सहित बड़ी संख्या में उद्यमी एवं उनके परिवारजन सम्मलित हुए।




## आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों ने खेली होली

**ग्रेटर नोएडा,** 23 मार्च (देशबन्धु)। आर्थिक रूप से कमजोर परिवार के नन्हें मासूम बच्चों को रंगों की फुहार और फूलों की बौछार के साथ-साथ नाच गाना, पुआ- पकवान, मौज मस्ती के साथ टीम नन्हक फाऊंडेशन ने धूमधाम से मनाया होली का त्योहार। इन बच्चों को समाज की मुख्य धारा में लाने की कोशिश में निरंतर लगी संस्था नन्हक फाऊंडेशन न केवल नि:शुल्क शिक्षा बल्कि इनके स्वास्थ्य, पौष्टिक आहार एवं सर्वांगीण विकास के लिए भी निरन्तर प्रयसरत है। ईटा-एक स्थित एजूकेशन सेंटर पर टीम सदस्य एवं उपस्थित अतिथियों ने बच्चों के साथ मिलकर खूब धमाल किया।



■ **नन्हक फाऊंडेशन गरीब बच्चों को दे रही है नि:शुल्क शिक्षा**

फाऊंडेशन की अध्यक्ष साधना सिन्हा ने यह आह्वान किया कि अपने घर होली मनाने के पहले आप अपने आसपास यह सुनिश्चित करें कि हर घर में होली मन पा रही है या नहीं। अगर कहीं ऐसी कुछ कमी दिखाई देती है तो आप उनका भी ध्यान करें। उनके घर भी रंग और मिठाई का डब्बा जरूर पहुंचाएं। इस अवसर पर पूनम सिंह, साधना गुप्ता, सतेंद्र, डॉक्टर शिवांगी गुप्ता, ललित गुप्ता, संजय श्रीवास्तव, फाल्गुनी श्रीवास्तव कुछ बच्चों के अभिभावक तथा केंद्र के आसपास रहने वाले लोगों के अतिरिक्त साधना सिंहा उपस्थित रहे।

## सचिन भाटी व वीरेंद्र यादव ने कुश्ती में जीता स्वर्ण पदक

**ग्रेटर नोएडा,** 23 मार्च (देशबन्धु)। उत्तर प्रदेश राज्य स्तरीय जूनियर कुश्ती प्रतियोगिता में सचिन भाटी ने स्वर्ण पदक, वीरेंद्र यादव ने स्वर्ण व अजय भाटी ने रजत पदक जीता। वंश भाटी ने रजत पदक, आकाश भाटी ने कांस्य पदक भावेश भाटी ने कांस्य पदक देवा भाटी ने कांस्य पदक जीता। सभी पहलवानों ने अच्छा प्रदर्शन करते हुए पदक हासिल किए। रंजीत पहलवान ने बताया कि राज्य स्तरीय जूनियर कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन 20 मार्च से 23 मार्च तक अयोध्या नंदिनी नगर में आयोजित हुई। इस मौके पर उतर प्रदेश कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष करण भूषण, उत्तर प्रदेश कुश्ती संघ के उपाध्यक्ष सुरेश उपाध्याय और चतर सिंह गुरुजी कोच रवि गुर्जर, सत्तन यादव, योगी भाटी, वनीष प्रधान, जयवीर पहलवान, ब्लॉक प्रमुख ईश्वर पहलवान, विजेंद्र भाटी, दीपक नागर, नवीन पहलवान, अंतरराष्ट्रीय राजेंद्र पहलवान, रविंद्र पहलवान, राजेश पहलवान, अमित भाटी, वोबू पहलवान आदि ने बधाई दी।



## पुलिस मुठभेड़ में ठक-ठक गिरोह के दो बदमाश गिरफ्तार

**ग्रेटर नोएडा,** 23 मार्च (देशबन्धु)। नॉलेज पार्क थाने की पुलिस ने जांच के दौरान रेलवे लाइन के ओवर ब्रिज की तरफ उतरने वाले कच्चे रास्ता पर से हुई पुलिस मुठभेड़ में ठग-ठग गैंग के दो बदमाशों सुनील उर्फ मोनू उर्फ नन्दकिशोर निवासी मीरपुर कटोरी, अगौता, बुलन्दशहर को मुठभेड़ के दौरान घायल अवस्था में व प्रवीन निवासी राजीव नगर, पटना, बिहार कांबिंग के दौरान गिरफ्तार किया गया है। बदमाश द्वारा पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायर किया गया था जिसपर पुलिस टीम द्वारा की गई जवाबी कार्रवाई में बदमाश सुनील उर्फ मोनू उर्फ नन्दकिशोर पैर में गोली लगने से घायल हो गया। बदमाशों के कब्जे से चोरी की घटना में प्रयुक्त एक स्कूटी, चोरी के मोबाइल फोन, लैपटॉप व 1 अवैध तमंचा मय 01 जिन्दा व 01 खोखा कारतूस बरामद किये गए है। उपरोक्त बदमाश थाना नॉलेज पार्क व एनसीआर क्षेत्र में पढ़ने वाले बच्चों के मोबाइल फोन व लेपटॉप चोरी करते है। घायल बदमाश को इलाज हेतु अस्पताल भेजा जा रहा है। बदमाश सुनील के विरूद्ध दिल्ली/एनसीआर क्षेत्र में कुल 30 से अधिक मुकदमा दर्ज है।




**यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण**

प्रथम तल, कॉमशियल कॉम्पलेक्स, पी-2, सैक्टर-ओमेगा-1, ग्रेटर नोएडा, जनपद गौतमबुद्ध नगर-201308 (उ0प्र0)

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है उप जिलाधिकारी सदर से प्राप्त परिवार सदस्यता प्रमाण पत्र 256/एस.टी.-एस.डी.एम/2024 दिनांक 22.03.2024 मृतक स्व0 कालीचरण पुत्र इंदर व श्रीमति देवकौर पत्नी स्व0 श्री कालीचरण नि0 ग्राम मूंजखेडा परगना दनकौर तहसील सदर जनपद गौतमबुद्धनगर की मृत्यु दिनांक 27.01.2024 व 25.09.2014 हो चुकी है। जिसके अनुसार निम्न प्रकार निम्न प्रकार मृतक के स्थान पर उनके वारिसानों के नाम दर्ज किये जाने प्रस्तावित है।

| ग्राम का नाम | खाता संख्या | खसरा संख्या | मृतक काश्तकार का नाम | मृतक के परिवारिक सदस्यों के नाम | आयु लगभग | मृतक से संबंध |
|---|---|---|---|---|---|---|
| मूंजखेडा | 60 | 802 | कालीचरण पुत्र इंदर नि0 ग्राम बल्लूखेडा माजरा मूंजखेडा परगना दनकौर तहसील सदर जनपद गौतमबुद्धनगर | श्री शिवकुमार | 41 वर्ष | पुत्र |
| | | | | श्री सतीश कुमार | 35 वर्ष | पुत्र |
| | | | | श्रीमती आभा सिंह | 44 वर्ष | पुत्री विवाहित |
| | | | | श्रीमति सुदेश | 36 वर्ष | पुत्री विवाहित |

उपरोक्त वारिसानों के संबंध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अन्दर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में मृतक के स्थान पर इनके वारिसानों का नाम 07 प्रतिशत आबादी भूखण्ड व 64.7 प्रतिशत अतिरिक्त प्रतिकर संबंधी अभिलेखों में दर्ज करा दिया जायेगा।

तहसीलदार
यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण



**यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण**

प्रथम तल, कॉमशियल कॉम्पलेक्स, पी-2, सैक्टर-ओमेगा-1, ग्रेटर नोएडा, जनपद गौतमबुद्ध नगर-201308 (उ0प्र0)

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम अमरपुर में उप जिलाधिकारी सदर से प्राप्त परिवार सदस्यता प्रमाण पत्र संख्या 936/एस0टी0-एस0डी0एम0/2022, दिनांक 14.07.2022 श्रीमती खजानी पत्नी राम सिंह नि0 अमरपुर, परगना दनकौर, तहसील व जिला गौतमबुद्धनगर की मृत्यु दिनांक 05.07.2018 को हो चुकी है मृतक के स्थान पर उनके वारिसानों के नाम निम्न प्रकार दर्ज किया जाना प्रस्तावित है।

| ग्राम का नाम | खसरा संख्या | मृतक काश्तकार का नाम | मृतक के परिवारिक सदस्यों के नाम | मृतक से संबंध | आयु लगभग | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| जगनपुर अफजलपुर | 291/2 292, 293 294, 295 311, 313 | श्रीमती खजानी पत्नी राम सिंह, नि0 अमरपुर परगना दनकौर तहसील व जिला गौतमबुद्धनगर | श्री सतवीर | पुत्र | 37 वर्ष | |
| | | | श्रीमती बाला देवी पत्नी स्व0 सुखवीर | पुत्रवधू | 53 वर्ष | |
| | | | श्री दिनेश पुत्र स्व0 सुखवीर | पौत्र | 36 वर्ष | |
| | | | श्री अमित पुत्र स्व0 सुखवीर | पौत्र | 27 वर्ष | |
| | | | श्री हरीश पुत्र स्व0 सुखवीर | पौत्र | 25 वर्ष | |
| | | | श्रीमती रीना पुत्री स्व0 सुखवीर | पौत्री | 34 वर्ष | विवाहित |
| | | | श्रीमती रेखा पुत्री स्व0 सुखवीर | पौत्री | 32 वर्ष | विवाहित |
| | | | श्रीमती कान्ति | पुत्री | 47 वर्ष | विवाहित |
| | | | श्रीमती कुनतेश | पुत्री | 50 वर्ष | विवाहित |
| | | | श्रीमती पुष्पा | पुत्री | 51 वर्ष | विवाहित |
| | | | श्रीमती भरपाई | पुत्री | 38 वर्ष | विवाहित |

उपरोक्त वारिसानों के संबंध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अन्दर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में मृतक के स्थान पर इनके वारिसानों का नाम 07 प्रतिशत आबादी भूखण्ड व 64.7 प्रतिशत अतिरिक्त प्रतिकर संबंधी अभिलेखों में दर्ज करा दिया जायेगा।

तहसीलदार
यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण



**LOST & FOUND**

I, Col. Pankaj Devgan S/o K K Devgan R/o C-402 Garden Apartment 11/1 Sector 4, Vaishali Ghaziabad have lost my Original Lease Deed of Plot No. D-15, UPSIDC Site-C, Extn. Bahi No.-1, Jild No. 15905, Page No. 63-234 Date 15/05/2014.




## कला प्रतियोगिता में प्रतिभागी बच्चे हुए सम्मानित

**ग्रेटर नोएडा,** 23 मार्च (देशबन्धु)। दीक्षा एन.जी.ओ. अल्फा वन में दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल ने बच्चों में उत्साह वर्धन के लिए खेलकूद के कार्यक्रम तथा कला-प्रतियोगिता का आयोजन कराया। जिसमें प्रबंधक कंचन कुमारी, प्रधानाचार्या डॉ. हीमा शर्मा ने विद्यार्थियों को पुरस्कृत करते हुए उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। इस कार्यक्रम में ज्योति का पूर्ण सहयोग रहा, जिसमें उपस्थित अल्फा वन आर. डब्ल्यू.ओ के अध्यक्ष शेर सिंह भाटी, दादरी नगरपालिका अध्यक्ष गीता पंडित, सब इंस्पेक्टर उर्वशी मौर्या देते हुए जीवन में अग्रसर रहने की प्रेरणा दी।

## विदेशी छात्रों को आकर्षित करने के लिए जीबीयू साझेदारियों के साथ तैयार

**ग्रेटर नोएडा,** 23 मार्च (देशबन्धु)। जीबीयू ने विविध विषयों के पाठ्यक्रमों के लिए विदेशी छात्रों को आकर्षित करने के लिए देशी-विदेशी संस्थानों के साथ करार की एक रणनीतिक कदम बढ़ाया है, जिससे की विदेशी छात्रों का अध्याय विश्वविद्यालय की ओर आकर्षित कर सकें। जैसे शिक्षा मंत्रालय के स्टडी इन इंडिया कार्यक्रम के साथ उसके संबंध के माध्यम से सुविधाजनक बनाया गया है। इसके अलावा, यूनिवर्सिटी सरकारी छात्रवृत्तियों के लिए एडमिशन-2 एलुम्नाई (ए2ए) पोर्टल में सूचीबद्ध की जाएगी, जो अंतरराष्ट्रीय छात्रों को अधिक आकर्षित करने में और भी मदद करेगा। इस प्रयास में एक महत्वपूर्ण कदम उच्च शिक्षा संस्थानों (एचईआई) के लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम था, जो नई दिल्ली में ऑल इंडिया टेक्निकल एजुकेशन कौंसिल (एआईसीटीई) के मुख्यालय में आयोजित हुआ। इस कार्यक्रम का उद्देश्य एचईआई से अधिक जानकारी प्राप्त करना था, जो शिक्षा मंत्रालय के एडमिशन पोर्टल के माध्यम से सहयोग करने के अवसरों और लाभों के बारे में संस्थानीय अधिकारियों को संवादित करना था। जीबीयू के डॉ. अरविंद कुमार सिंह और डॉ. जितेन्द्र सिंह राठौड़, जो विश्वविद्यालय में विदेशी छात्रों के नामांकन की प्रक्रिया की देखरेख करते हैं, नई दिल्ली में आयोजित ओरिएंटेशन कार्यक्रम में जीबीयू का प्रतिनिधित्व किया है।





पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
पश्चिमी उत्तर प्रदेश ब्यूरो कार्यालय
209 कृष्णा अपरा प्लाजा अल्फा कॉमर्शियल बेल्ट, ग्रेटर नोएडा
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के लिए संम्पर्क करें
खोया-पाया/ सूचना/ नाम परिवर्तन/ आवश्यकता
फोनः- 0120-4270009

पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के संपर्क करें
क्षेत्रिय कार्यालय रबुपुरा
Mob: 9411492655

Shiv Mahima Enterprises
सभी प्रकार के विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
नाम परिवर्तन, खोया पाया, सूचना, अवश्यकता
Mob.: 9910280173
Off.-221, 2nd Floor, Meridian View Plaza, Alpha Comm. Belt, Gr. Noida


## पुलिस कर्मियों की स्वास्थ्य जांच के साथ किया गया जागरुक

**ग्रेटर नोएडा,** 23 मार्च (देशबन्धु)। पुलिस कर्मियों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के लिए उत्तर प्रदेश पुलिस के सहयोग से फोर्टिस हॉस्पिटल-ग्रेटर नोएडा ने मल्टी-स्पेशलिटी नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया। रिजर्व पुलिस लाइन में लगाए गए शिविर में लगभग 250 पुलिस कर्मियों ने नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच का लाभ लिया। कैंप में ब्लड प्रेशर, ब्लड शुगर, ईसीजी की जांच नि:शुल्क की गई। इसके साथ ही आंखों की जांच व फिजिशियन, खान-पान और हड्डी रोग से संबंधित डाक्टरी सलाह भी नि:शुल्क प्रदान की गई। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पुलिस कमिश्नर, गौतमबुद्ध नगर, लक्ष्मी सिंह (आईपीएस) मौजूद रहीं। विशिष्ट अतिथियों के रूप में बबलू कुमार, ज्वाइंट सीपी, पुलिस मुख्यालय, शिवहरी मीना, ज्वाइंट सीपी, लॉ एंड ऑर्डर और रवि शंकर निम, डीसीपी, पुलिस मुख्यालय, शामिल रहे। कार्यक्रम में काफी संख्या में पुलिसकर्मियों ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि पुलिस कमिश्नर, गौतमबुद्ध नगर, लक्ष्मी सिंह ने कहा कि हम सभी को स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहना चाहिए, अच्छा स्वास्थ्य ही असली धन है। जब हम स्वस्थ्य होंगे तभी हम देश और समाज की सेवा कर पाएंगे। उन्होंने फोर्टिस हॉस्पिटल, ग्रेटर नोएडा के इस प्रयास की सराहना करते हुए धन्यवाद दिया। फोर्टिस हॉस्पिटल ग्रेटर नोएडा के सीईओ डा. प्रवीण कुमार ने कहा कि मल्टी-स्पेशलिटी फ्री हेल्थ चेकअप कैंप में जिस तरह से बढ़-चढ़कर हमारे सम्मानित पुलिस कर्मियों ने हिस्सा लिया और अपनी स्वास्थ्य जांच कराई उससे हम बेहद उत्साहित है। स्वस्थ तन से ही हम अपने कर्तव्यों का पालन ठीक तरह से कर सकते हैं, इसलिए हमें अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग रहना चाहिए। उन्होंने बताया कि लोगों की जागरूकता के लिए आगे भी ऐसे कैंप लगाए जाते रहेंगे।



■ **पुलिस विभाग व फोर्टिस अस्पताल ग्रेटर नोएडा के सहयोग से पुलिस लाइन में शिविर का आयोजन**


**यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण**

प्रथम तल, कॉमशियल कॉम्पलेक्स, पी-2, सैक्टर-ओमेगा-1, ग्रेटर नोएडा, जनपद गौतमबुद्ध नगर-201308 (उ0प्र0)

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है उप जिलाधिकारी दादरी गौतमबुद्धनगर से प्राप्त परिवार सदस्यता प्रमाण पत्र 30/एस.टी.-एस.डी.एम/2024 दिनांक 06.03.2024 स्व0 भगवत पुत्र स्व0 लालसिंह नि0 ग्राम की मृत्यु दिनांक 02.05.2010 को हो चुकी है, जिसके अनुसार निम्न प्रकार मृतक के स्थान पर उनके वारिसानों के नाम दर्ज किये जाने प्रस्तावित है।

| ग्राम का नाम | खाता संख्या | खसरा संख्या | मृतक काश्तकार का नाम | मृतक के परिवारिक सदस्यों के नाम | आयु लगभग | मृतक से संबंध |
|---|---|---|---|---|---|---|
| जगनपुर अफजलपुर | 506 | 862M, 863M, 865M, | स्व0 भगवत पुत्र स्व0 लालसिंह नि0 ग्राम मायचा तहसील व जिला गौतमबुद्धनगर | श्री नेतराम | 86 | पुत्र |
| | | | | श्रीमती कमलेश पत्नी स्व0 श्री चेतराम | 56 | पुत्रवधु |
| | | | | श्री जितेन्द्र पुत्र स्व0 श्री चेतराम | 34 | पौत्र |
| | | | | श्री नरेन्द्र पुत्र स्व श्री चेतराम | 30 | पौत्र |
| | | | | श्रीमती कविता पुत्री स्व0 चेतराम विवाहित | 37 | पौत्री |

उपरोक्त वारिसानों के संबंध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अन्दर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखों में मृतक के स्थान पर इनके वारिसानों का नाम 07 प्रतिशत आबादी भूखण्ड व 64.7 प्रतिशत अतिरिक्त प्रतिकर संबंधी अभिलेखों में दर्ज करा दिया जायेगा।

तहसीलदार
यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण

## मुग़ल दरबार में कई दिनों तक मनाया जाता था

# होली का जश्न

■ ज़ाहिद ख़ान

हमारे देश में वैसे तो सभी त्यौहार, एक-दूसरे धर्म के लोग आपस में मिल-जुलकर मनाते हैं। लेकिन देश में मनाए जाने वाले तमाम त्यौहारों में होली एक ऐसा त्यौहार है, जो अपनी धार्मिक मान्यताओं से इतर विभिन्न धर्मों के लोगों को आपस में जोड़ने का महत्वपूर्ण काम करता है। मुस्लिम, जैन और सिख जैसे अल्पसंख्यक समुदाय भी बिना किसी धार्मिक भेदभाव के अपने हिंदू भाईयों के साथ होली को जोश-ओ-ख़रोश से मनाते हैं। आम हो या ख़ास होली हमेशा से ही सभी का पसंदीदा त्यौहार रहा है। मुग़ल सल्तनत काल में भी विभिन्न हिंदू एवं मुस्लिम त्यौहार ज़बर्दस्त उत्साह और बिना किसी भेदभाव के मनाए जाते थे। होली पर्व को मुग़ल शासकों ने राजकीय मान्यता दी थी। मुग़ल दरबार में कई दिनों तक होली का जश्न मनाया जाता था। अमीर उमराव भी राज्य के सामान्य जन के साथ होली में शामिल होते थे। मुग़ल शहंशाह न सिर्फ़ ख़ुद उत्साह से होली खेलते, बल्कि अपनी हिंदू रानियों को भी होली खेलने से नहीं रोकते थे।

धर्म को लेकर बेहद कट्टरपंथी माने जाने वाले मुग़ल बादशाह औरंगज़ेब की हुकूमत में होली का त्यौहार रंग और उमंग से मनाया जाता था। इस उत्सव में मुस्लिम कुलीन जन अपने हिंदू भाईयों के साथ खुले दिल से शामिल होते थे। औरंगज़ेब के जीवनी लेखक भीमसेन ने अपनी किताब में उल्लेख किया है, 'औरंगज़ेब की हुकूमत के दौरान होली के पर्व पर ख़ान जहान बहादुर कोटलाशाह राजा सुब्बान सिंह, राय सिंह राठौर, राय अनूप सिंह और मोकहम सिंह चंद्रावत के घर जाकर रंग पर्व का आनंद उठाते थे। जिसमें भी ख़ान बहादुर के बेटे मीर अहसान और मीर मुहसिन होली खेलते समय राजपूतों की बनिस्बत ज़्यादा जोश से भरे रहते थे।' औरंगज़ेब के परिवार के सदस्य उनकी नाराज़गी के बावजूद होली समारोहों में जोश-ओ—ख़रोश से शामिल होते थे। मिर्ज़ा क़तील की किताब 'हफ़्त तमाशा' जो कि अठारहवीं सदी के आस-पास लिखी गई है। इसमें मिर्ज़ा क़तील ने होली पर्व पर एक महत्वपूर्ण टिप्पणी की है। अपनी इस टिप्पणी में वे कहते हैं, 'अफ़गानों और कुछ विद्वेष रखने वाले लोगों के अलावा सब मुसलमान होली खेलते थे। कोई छोटा-सा-छोटा व्यक्ति भी बड़े-से-बड़े संभ्रान्त आदमी पर रंग डालता था, तो वह उसका बुरा नहीं मानता था।'

मुग़ल बादशाहों में ही नहीं, बल्कि बंगाल में भी मुस्लिम नवाब मुर्शीद कुली ख़ान, अली वरदी, सिराजुद्दौला, और मीर जाफ़र होली का त्यौहार धूमधाम से मनाया करते थे। इतिहास की किताबों में यह साफ़-साफ़ ब्यौरा मिलता है कि अली वरदी के भतीजों शहमत जंग और सबलत जंग ने भी एक बार मोती झील के बगीचे में लगातार सात दिन तक होली मनाई।



जहां रंगों का त्यौहार मनाने के लिए रंगीन पानी और अबीर का ढेर तथा केसर तैयार कर रखा गया था। होली की बात हो और अवध का ज़िक्र ना हो, ऐसा हो ही नहीं सकता। अवध के नवाब हमेशा विभिन्न उत्सवों में अपनी रियाया के साथ त्यौहारों में शामिल होते थे। उनके दरबार में कई दिन पहले से ही होली की महफ़िलें सजने लगतीं, जिसमें लोग बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते। यह तो बरतानवी इतिहासकार और हिंदू-मुस्लिम समुदाय में शामिल कट्टरपंथी थे, जिन्होंने यह सब कभी पसंद नहीं किया। उन्होंने इतिहास का विकृतिकरण किया और समरसता के इस माहौल को मटियामेट कर दिया। वरना, धार्मिक समरसता का यह माहौल आगे चलकर हिंदू-मुस्लिम को आपस में एक-दूसरे से और भी अच्छी तरह से जोड़ता। सही बात तो यह है कि हिंदू और मुस्लिम के बीच एक-दूसरे के प्रति मन में जो भ्रांतियां और शक़ की दीवारें खड़ी की गईं, उसके पीछे धार्मिक असहिष्णुता नहीं, बल्कि सियासी मायने ज़्यादा हैं। जिसको मौजूदा पीढ़ी को जानने की बेहद ज़रूरत है।

होली पर्व के ज़ानिब मुस्लिम शासकों का ही अकेले उदार नज़रिया नहीं था, उर्दू अदीब भी इस त्यौहार से काफ़ी प्रभावित थे। यही वजह है कि उर्दू अदब में दीगर त्योहारों की बनिस्बत होली पर ख़ूब लिखा गया है। होली, शायरों का पसंदीदा त्योहार रहा है। उर्दू शायरों की ऐसी कई मस्नवियां मिल जाएंगी, जिनमें होली के तमाम रंग और त्योहार का उल्लास बेहतरीन तरीक़े से सामने आया है। मीर, कुली कुतबशाह, फ़ाएज़ देहलवी, नज़ीर अकबरावादी, महजूर और आतिश जैसे अनेक बड़े शायरों ने होली पर कई शाहकार रचनाएं लिखी हैं। उत्तर भारत के शायरों में अमूमन सभी ने होली के रंग की फुहारों को अपने शे%र—ओ—शायरी में बांधा है। अठारहवीं सदी की शुरुआत में दिल्ली में हुए शायर फ़ाएज़ देहलवी ने अपनी नज़्म 'तारीफ़—ए-होली' में दिल्ली की होली का मंज़र बयां करते हुए लिखा है, %ले अबीर और अरग़ज़ा भर कर रूमाल/छिड़कते हैं और उड़ाते हैं गुलाल/ज्यूं झड़ी हर सू है पिचकारी की धार/दौड़ती हैं नारियां बिजली की सार।% हातिम भी इसी दौर के एक बड़े शायर थे। उन्होंने भी होली पर कई नज़्में-गज़लें लिखीं। उनकी ज़बान बड़ी सादा थी। होली पर लिखी अपनी एक नज़्म में हातिम का अंदाज़ है,%मुहय्या सब है अब अस्बाब-ए-होली/उठो यारो भरो रंगों से झोली/इधर यार और उधर खूंबा सफ़आरा/तमाशा है तमाशा।%

आज़ादी की तहरीक के दौरान %इंक़लाब ज़िन्दाबाद% जैसा नारा देने वाले मौलाना हसरत मोहानी भगवान कृष्ण और उनकी लीलाओं के मुरीद थे। वे लिखते हैं, %मोहे छेड़ करत नंद लाल/ लिए ठाड़े अबीर गुलाल/ढीठ भई जिन की बरजोरी/औरां पर रंग डाल-डाल।% लखनऊ निवासी शायर महजूर ने भी होली पर ख़ूब नज़्में लिखीं हैं। उनकी होली नज़्में ख़ूब मशहूर हैं। 'नवाब सआदत की मज़लिस—ए—होली' शीर्षक से लिखी अपनी एक नज़्म की शुरुआत महजूर कुछ इस तरह से करते हैं, %मौसम—ए—होली का तेरी बज़्म में देखा जो रंग।% इन सब शायरों के अलावा इंशा और ताबां जैसे शायरों ने भी होली पर नज़्में लिखी हैं।

### ग़ज़ल

■ भारतेंदु हरिश्चंद्र

गले मुझ को लगा लो ऐ मिरे दिलदार होली में
बुझे दिल की लगी भी तो ऐ मेरे यार होली में

नहीं ये है गुलाल-ए-सुर्ख़ उड़ता हर जगह प्यारे
ये आशिक़ की है उमड़ी आह-ए-आतिश-बार होली में

गुलाबी गाल पर कुछ रंग मुझ को भी जमाने दो
मनाने दो मुझे भी जान-ए-मन त्यौहार होली में

%रसा% गर जाम-ए-मय ग़ैरों को देते हो तो मुझ को भी
नशीली आँख दिखला कर करो सरशार होली में

# छायावाद की प्रमुख स्तम्भ-महादेवी वर्मा



■ सीमाहरि शर्मा

जयंती विशेष

महादेवी वर्मा का जन्म 26 मार्च 1907 को फरुखाबाद उत्तर प्रदेश में हुआ था 9 वर्ष की उम्र में सन 1916 में महादेवी का विवाह बरेली के पास नबाव गंज कस्बे के निवासी डॉ स्वरूप नारायण वर्मा से कर दिया गया, जो उस समय दसवीं कक्षा के विद्यार्थी थे। श्री वर्मा इण्टर करके लखनऊ मेडिकल कॉलेज में पढ़ने चले गये। महादेवी जी उस समय क्रास्थवेट कॉलेज इलाहाबाद के छात्रावास में थीं। महादेवी वर्मा को विवाहित जीवन से विरक्ति थी। पर श्री स्वरूप नारायण वर्मा से इनका कोई वैमनस्य नहीं था। सामान्य स्त्री-पुरुष के रूप में उनके सम्बन्ध मधुर ही रहे। दोनों में कभी-कभी पत्राचार भी होता था। यदा-कदा श्री वर्मा इलाहाबाद में उनसे मिलने भी आते थे। उन्होंने महादेवी जी के कहने पर भी दूसरा विवाह नहीं किया। इलाहबाद महादेवी जी का कर्म स्थल था।सन् 1966 में पति की मृत्यु के बाद वे स्थायी रूप से इलाहाबाद में रहने लगीं।

वे जब आठवीं में पढ़ती थी तभी से लिखना प्रारम्भ कर दिया था। आपकी अभिरुचि चित्रकला और संगीत में भी थी।

सूर्यकांत त्रिपाठी निराला उन्हे 'हिंदी साहित्य के विशाल मंदिर की सरस्वती' कहते थे। आपने लेखन के साथ पत्रिकाओं का सम्पादन भी किया। वे प्रयाग महिला विद्यापीठ की प्रधानाचार्य एवं कुलपति रहीं। इलाहबाद में उन्होंने 'साहित्यकार संसद' की नींव रखी और महिला कविसम्मेलन का प्रारम्भ भी आपने किया। सुभद्रा कुमारी चौहान महादेवी की समकालीन थीं और दोनों की आपस में मित्रता थी। सामाजिक रूढ़ियों की उन्होंने खुलकर निन्दा की। इसलिए उन्हें महिला मुक्तिवादी भी कहा गया। नैनीताल से 25 किलोमीटर दूर रामगढ़ कस्बे के उमागढ़ नामक गाँव में महादेवी वर्मा ने एक बंगला बनवाया था। जिसका नाम उन्होंने मीरा मन्दिर रखा था। जितने दिन वे यहाँ रहीं इस छोटे से गाँव की शिक्षा और विकास के लिए काम करती रहीं। विशेष रूप से महिलाओं की शिक्षा और उनकी आर्थिक आत्मनिर्भरता के लिए उन्होंने बहुत काम किया। आजकल इस बंगले को 'महादेवी साहित्य संग्रहालय' के नाम से जाना जाता है।

महादेवी जी ने पद्य के साथ संस्मरण, रिपोर्ताज, कहानी,उपन्यास और निबंध लिखे हैं लेकिन गीति काव्य में उनका विशेष स्थान है उनके गीतों में करुणा है प्रेम है कोमलता है। भावों की तीव्रता है। साथ ही संगीत और चित्रकला का ज्ञान होने से लयबद्धता और बिम्ब की प्रधानता है।

महादेवी जी के गीतों की भाव,भाषा,बिम्ब और लय मिलकर भाव विभोर कर देते हैं। आपने अपने भावों को काव्य,संस्मरण,रेखाचित्र, कहानिययाँ, उपन्यास और निबंध आदि विधाओं में व्यक्त किया। यूँ तो उनके गद्य भी उत्कृष्ट साहित्य में धरोहर हैं परन्तु उनकी पहचान कवयित्री के रूप में स्थापित है। महादेवीजी को भारत सरकार द्वारा पदम् भूषण और मरणोपरांत पद्म विभूषण, से सम्मानित किया गया। काव्य संग्रह 'यामा' को सर्वोच्च साहित्य पुरस्कार ज्ञानपीठ प्रदान किया गया। भारत भारती एवं साहित्य अकादमी के प्रतिष्ठित पुरस्कार के साथ कई अन्य पुरस्कार जिनकी फेहरिस्त बहुत लंबी है,से उन्हें पुरस्कृत किया जा चुका हैं। 'डी लिट्' की उपाधि भी उन्हें प्रदान की गई। भारत सरकार के डाक तार विभाग ने 1991 में 2 रू का डाक टिकिट जयशंकर प्रसाद के साथ जारी किया।।वे उत्तरप्रदेश विधान परिषद की सदस्य मनोनीत की गईं। और उनके संस्मरण 'वह चीनी भाई' पर मृणाल सेन ने एक बांग्ला फ़िल्म 'नील आकशेर नीचे' बनाई। महादेवी वर्मा जब विद्यार्थी थीं। उनके मन में बौद्ध भिक्षुणी बनने का विचार आया। उन्होंने लंका के बौद्ध विहार को पत्र लिखा, 'मैं भिक्षुणी बनना चाहती हूं। दीक्षा के लिए लंका आऊं या आप भारत आएंगे?' वहां से उत्तर मिला,'हम भारत आ रहे हैं, नैनीताल में ठहरेंगे। तुम वहां आकर मिल लेना।' तय तारीख को महादेवी नैनीताल पहुंच गईं। उनको गुरुजी के सम्मुख उपस्थित किया गया। सिंहासन पर गुरुजी बैठे थे। उन्होंने चेहरे को पंखे से ढक रखा था। महादेवीजी उनके दर्शन करना चाहती थीं। पंखे की आड़ में होने के कारण गुरुजी का चेहरा दिख नहीं रहा था। सो महादेवी दूसरी ओर बढ़ीं, पर गुरुजी ने मुंह मोड़कर दूसरी तरफ कर लिया और फिर चेहरा ढक लिया। महादेवी ने कई बार कोशिश की, लेकिन हर बार गुरुजी के मुंह मोड़ लेने या पंखे को सामने कर देने के कारण महादेवी उन्हें देख नहीं पाईं। गुरुजी का व्यवहार महादेवी को समझ नहीं आया। बाद में जब सचिव महोदय महादेवी को बाहर तक छोड़ने आए, तब उन्होंने उनसे पूछा, 'महास्थाविर मुख पर पंखा क्यों रखते हैं?' सचिव ने उत्तर दिया, 'वे स्त्री-मुख के दर्शन नहीं करते।'

इस उत्तर ने महादेवी को निराश किया। वह बिना भिक्षुणी बने ही लौट आईं। बाद में लंका के बौद्ध विहार से कई पत्र आए। उन पत्रों में यही सवाल होता कि 'आप कब दीक्षा लेंगी? फिर महादेवी ने उन्हें जवाबी पत्र लिखा, 'आत्मा न स्त्री है न पुरुष। पुरुष या स्त्री तो यह देह है जो नश्वर है। इस तथ्य से अवगत होने के बावजूद महास्थाविर इसे हृदयंगम नहीं कर पाए हैं। इसीलिए वह स्त्री मुख की ओर नहीं देखते। इतने कमजोर मनोबल वाला हमें क्या दीक्षा देगा और हम क्या साधना कर पाएंगी?' इस तरह महादेवी बौद्ध भिक्षुणी बनते-बनते रह गईं और उनके रूप में हिंदी साहित्य जगत को छायावाद का एक महान स्तंभ मिला। हिंदी साहित्य में आधुनिक काल के इतिहास में महादेवी वर्मा का नाम छायावाद के चार स्तम्भों पंत, प्रसाद, महादेवी और निराला के साथ एक स्तम्भ के रूप में स्वर्ण अक्षरों में अंकित है। महादेवी को समझने के लिए छायावाद समझना आवश्यक है। वे हिन्दी साहित्य में रहस्यवाद की प्रवर्तिका भी मानी जाती

प्रकृति पर मानव व्यक्तित्व का आरोप छायावाद की एक प्रमुख विशेषता है ।

महादेवी जी की निम्न पंक्ति -

'मैं नीर भरी दुख की बदली'

यहाँ वे बदली में स्वयं को देखती हैं। और बदली में भरे जल में दुख की कल्पना करती हैं। इसी तरह जब अज्ञात सत्ता के प्रति कवि के हृदय में प्रेम और कौतूहल जागृत होता है तो वह रहस्यवाद हो जाता है।

महादेवी के गीतों में अज्ञात के प्रति आकर्षण और प्रेम यत्र तत्र दिखाई देता है।

'नक्षत्रों के मिस मौन
निमंत्रण देता मुझको कौन'

इस अलौकिक के प्रति प्रेम और समर्पण के कारण ही उन्हें आधुनिक युग की मीरा कहा जाता है।

आलोचकों का एक वर्ग यह मानकर चलता है कि महादेवी का काव्य नितांत वेयत्तिक है। कुछ उन्हें पीड़ा और निराशा की कवयित्री मानते हैं। परन्तु उनके काव्य में पीड़ा है तो प्रेरणा भी है ऊर्जा भी है निम्न पंक्तियाँ देखिए-

'चिर सजग आंखे उनींदी आज कैसा व्यस्त बाना! जाग तुझको दूर जाना!

महादेवी 11 सितंबर 1987 को देह त्याग परमसत्ता में विलीन हो गईं। लेकिन अपने स्वर्णिम सृजन से साहित्य में अमर हो गईं।

# होली के रंग में सराबोर रचना

व्यंग्य



■ अखतर अली

दीवाली पर जैसी व्यापारी की तैयारी होती है वैसी ही होली पर व्यंग्यकार की तैयारी होती है। होली व्यंग्य वालों का सीज़न है। जैसे दीवाली के बाज़ार में जाम पड़ा स्टाक भी क्लीयर हो जाता है वैसे ही होली पर कहीं न छपी रचनाये भी प्रकाशित हो सकती है बशर्ते व्यंग्यकार व्यापारी की तकनीक अपना ले। व्यापारी जैसे पुराने सामान की नई पेकिंग करता है वैसे ही लेखक को अप्रकाशित रचनाओं के शीर्षक बदलने होगे। होली की रचनाओं में महत्वपूर्ण शीर्षक होता है। पूरी रचनाओं में होली का ज़िक्र न हो तो भी चलेगा लेकिन शीर्षक में होली शब्द का होना ज़रूरी है क्योकि होली अंक के लिये संपादक उसी रचना का चयन करते है जिनके शीर्षक में होली हो। पाठक भी तो अब सिर्फ़ शीर्षक ही तो पढ़ते है पूरी रचना पढ़ने का तो अब चलन ही नहीं रहा।

होली पर नई रचना उसी की मानी जाती है जो लेखक नया शीर्षक रचे। बुरा न मानो होली है , फिर देख बहारे होली की , होली के रंग फलां फलां के संग इन पारंपरिक शीर्षक से जिसने रचना को बचा लिया उसी की रचना पार लगेगी बाकी होली के रंगीन पानी में डूब जायेगी।

जो कलेंडर के अनुसार लेखन करते है वे सभी नये वर्ष और वेलेंटाईन डे पर लिखने के बाद होली की तैयारी शुरू कर देते है। वेलेंटाईन डे के बाद तीन प्रकार की तैयारी होती है ङ्क छात्र द्वारा परीक्षा की , लेखक द्वारा होली अंक की और व्यापारी द्वारा एकाउंट क्लोसिंग की तैयारी है। ये तीनो तैयारी वेलेंटाइन डे के बाद शुरू होती है और वेलेंटाइन डे की तैयारी ही ऐसी तैयारी है जिसकी तैयारी इसे मनाने वाले साल भर करते है। वही लेखक होली पर होलियाना रचना लिख पाते है जो लिखने के



लिये कमर कस कर तैयार हो जाते है। कमर कसने में कसना कुछ नहीं होता बस ऐसा कहा जाता है जैसे कश्मीरी पुलाव में कश्मीर नहीं होता। पुलाव में कश्मीर न हो तो ठीक है लेकिन उस पुलाव में तो पुलाव भी नहीं होता है। इसी प्रकार व्यंग्य रचनाओं में भी कई बार सब कुछ होता है बस व्यंग्य नहीं होता। पिछली होली पर एक व्यंग्यकार जी मिले थे और उन्होंने मेरे को चुनौती दे दी कि मेरी व्यंग्य रचनाओं में व्यंग्य ढूंढ कर बताओ तो जानू और मैं हार गया।

होली पर हास्य व्यंग्य लिखने का चलन है। अगर होली जैसा रंगीला पर्व नहीं होता तो हम सैकड़ो रंग बिरंगी रचनाओं से वंचित हो जाते। होली पर कैसे न लिखे होली तो अभिव्यक्ति का सब से सशक्त माध्यम है। जितने भी लिखने वालें है उन्होंने होली पर ज़रूर लिखा है , जिन्होंने नहीं लिखा उनका समस्त लेखन संदिग्ध माना जाना चाहिये क्योकि होली की मस्ती , होली का खुलापन , होली के रंग मन की अभिव्यक्ति के लिये पुकारते है। ध्यान रहे यह हिंदी भाषा की होली है जिसमे अंग्रेज़ी भाषा वाला होली समाहित है।

होली पर लिखने में होली शब्द सही लिखना ज़रूरी है यदि जल्दबाज़ी में मात्रा इधर की उधर हो गई तो नये नये अर्थ वाले शब्द बन जाते है जैसे मधुशाला का हाला , शायर हाली , किसान का हल , गटर का होल , फ़ोन वाला हैलो , जूते की हील , वर्तमान वाला हाल , शोर वाला हल्ला।

मेरे एक लेखक मित्र होली साहित्य के विशेषज्ञ है। उनका कहना है कि अपने आलेख में व्याप्त खराबियों को जमा करो और एक व्यंग्य रचना लिखो जैसे हमेशा लिखते हो। अब इस रचना को होली के अवसर पर इस्तेमाल करना है तो उसमें रंग , गुलाल , गाल , चुनरी , चोली , भांग , फाग , पिचकारी इन शब्दों को उसमें मिक्स कर दो। अब लिखो कि नेता और अफ़सर पर कोई रंग नहीं चढ़ता , इनका रंग पल पल बदलता है। इसके बाद पानी बचाओ और सूखे रंग से होली खेलने का उपदेश दो। साबित करो कि होली खेलने के लिये दीवाना होना ज़रूरी है अगर होली के दिन पिचकारी पर प्रतिबंध लगा दिया जायेगा तो दीवाना आंख में पानी भर कर ले आयेगा। और अंत में नज़ीर साहब की इन पंक्तियों से रचना का समापन करो ङ्क

**जब फागुन रंग झमकते हो तब**
**देख बहारें होली की**
**और दफ़ के शोर खड़कते हो तब**
**देख बहारें होली की**
**परियों के रंग दमकते हो तब देख**
**बहारें होली की**
**ख़ुम , शीशे , जाम , झलकते हो**
**तब देख बहारें होली की**

प्रकाशक, मुद्रक : राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लि. के लिए 506, आई.एन.एस. बिल्डिंग, 9, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित एवं बीएफएल इंफोटेक लि., सी 9, सेक्टर-3, नोएडा से मुद्रित। सम्पादक : राजीव रंजन श्रीवास्तव, (पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार)। आर.एन.आई. नं. DELHIN/2008/24216. दिल्ली कार्यालय :फोन: 011-23718195,23357784, फैक्स: 011-43581404, नोएडा कार्यालय: फोन: 0120-4114404 फैक्स: 0120-4273770
ई-मेल: deshbandhudelhi@gmail.com वेब: www.deshbandhu.co.in

# देश विदेश

## रूस ने यूक्रेन पर किया हमला, पांच लोगों की मौत, दर्जनों घायल

**कीव,** 23 मार्च (एजेंसियां)। यूक्रेन पर रूसी मिसाइल और ड्रोन हमलों में कम से कम पांच लोगों की मौत हो गई। स्थानीय अधिकारियों ने कहा कि रूस ने मिसाइलों से दक्षिणी जापोरिजिया क्षेत्र में यूक्रेन के सबसे बड़े हाइड्रोइलेक्ट्रिक स्टेशन निप्रोहेस को निशाना बनाया। इस हमले में तीन लोगों की मौत हो गई और 15 घायल हो गए। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, पश्चिमी खमेलनित्सकी क्षेत्र में दो लोग मारे गए और 11 घायल हो गए। हमले से क्षेत्र में बिजली आपूर्ति भी बाधित हो गई है।

# मॉस्को आतंकी हमले के बाद दिल्ली में रूसी दूतावास ने अपना राष्ट्रीय ध्वज आधा झुकाया

## इस्लामिक संगठन आईएसआईएस ने ली हमले की जिम्मेदारी

**नई दिल्ली,** 23 मार्च (एजेंसियां)। मॉस्को में हुए कायरतापूर्ण आतंकी हमले में 60 से अधिक लोगों की मौत और कई लोगों के घायल होने के बाद शोक के रूप में भारत में रूसी दूतावास ने अपना राष्ट्रीय ध्वज आधा झुका दिया है।

नकाबपोशआतंकवादियों ने शुक्रवार रात करीब 8 बजे मॉस्को के क्रोकस सिटी हॉल पर धावा बोल दिया। रूसी दूतावास ने शनिवार को एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि मॉस्को में आतंकवादी हमले के पीड़ितों के लिए शोक के रूप में भारत में रूसी दूतावास ने राष्ट्रीय ध्वज आधा झुका दिया है। हम उन मृतकों के परिवारों के प्रति अपनी गंभीर संवेदना व्यक्त करते हैं और सभी के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करते हैं, जो घायल हुए हैं। इस्लामिक संगठन आईएसआईएस ने इस हमले की जिम्मेदारी ली है। संगठन ने अपने टेलीग्राम पर मैसेज में कहा हमलावर सुरक्षित रूप से अपने ठिकानों पर लौट गए। पीएम मोदी ने अपने एक्स हैंडल पर पोस्ट में कहा, हम मास्को में हुए हमले की कड़े शब्दों में निंदा करते हैं। हमारी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं पीड़ित परिवारों के साथ हैं। इस दुख की घड़ी में भारत रूस की सरकार के साथ खड़ा है।



हम उन मृतकों के परिवारों के प्रति अपनी गंभीर संवेदना व्यक्त करते हैं और सभी के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करते हैं : रूसी दूतावास

रूसी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने अपने एक्स अकाउंट पर कहा कि उन्हें हर जगह से सांत्वना के संदेश मिल रहे हैं। अमेरिका ने भी इस हमले की निंदा करते हुए इसे एक भयानक कृत्य बताया।

### पीएम मोदी ने की मॉस्को आतंकी हमले की निंदा

**रूस के साथ खड़े रहने का दिया भरोसा**



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को मॉस्को के क्रोकस सिटी हॉल में हुए आतंकी हमले की निंदा की। पीएम मोदी ने रूस के लोगों के साथ एकजुटता व्यक्त की है। इस आतंकवादी हमले में 60 से अधिक लोग मारे गए हैं। पीएम नरेंद्र मोदी ने अपने एक्स अकाउंट पर लिखा कि हम मॉस्को में जघन्य आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा करते हैं। हमारी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं पीड़ित परिवारों के साथ हैं। दुख की इस घड़ी में भारत रूसी संघ की सरकार और लोगों के साथ एकजुटता से खड़ा है। मॉस्को के पास क्रोकस सिटी हॉल में हथियारों से लैस बंदूकधारियों ने शुक्रवार को लोगों पर अंधाधुंध फायरिंग कर दी।

### शी जिनपिंग ने रूस में हुए आतंकवादी हमले पर पुतिन को भेजा संवेदना संदेश



**बीजिंग।** चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने रूस की राजधानी मॉस्को के एक कॉन्सर्ट हॉल में हुए गंभीर आतंकवादी हमले पर शनिवार को रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को संवेदना संदेश भेजा। शी जिनपिंग को जब इस घटना की जानकारी मिली तब उन्होंने चीन सरकार और चीन की जनता की ओर से पीड़ितों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की और घायलों तथा उनके परिवारों के प्रति संवेदना जताई। राष्ट्रपति ने इस बात पर जोर दिया कि चीन सभी प्रकार के आतंकवाद का विरोध करता है, आतंकवादी हमलों की कड़ी निंदा करता है।

## संयुक्त राष्ट्र प्रमुख ने गाजा में चार नागरिकों पर हुए हमले की जांच का आह्वान किया

**संयुक्त राष्ट्र,** 23 मार्च (एजेंसियां)। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने उस ड्रोन फुटेज की जांच का आह्वान किया है जिसमें गाजा में चार नागरिकों पर इजरायली हमले को दिखाया गया। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, एंटोनियो गुटेरेस के उप प्रवक्ता फरहान हक ने कहा कि महासचिव उस वीडियो से बहुत परेशान हैं जिसमें कथित तौर पर गाजा में चार फिलिस्तीनियों को इजरायली हवाई हमलों में मारा गया था। निहत्थे चलते नागरिकों को निशाना बनाया गया था।



फरहान हक ने कहा कि एंटोनियो गुटेरेस ने इन घटनाओं की गहन, स्वतंत्र और विश्वसनीय जांच का आह्वान किया है। उन्होंने कहा है कि युद्ध के सभी पक्षों को अंतरराष्ट्रीय मानवीय कानून का पालन करना चाहिए। एक अंतरराष्ट्रीय मीडिया आउटलेट से मिले वीडियो में देखा गया कि चार लोग निहत्थे रोड पर चल रहे थे। एक इजरायली ड्रोन ने उन पर हमला कर दिया। जिसमें दो लोग मौके पर मौत हो गई। वहीं एक जिंदा बचे व्यक्ति को भागने का प्रयास करते देखा गया। दूसरे हमले में वह भी मारा गया। जबकि, दूसरे अन्य व्यक्ति को रोड पर लड़खड़ाते हुए देखा गया।

## सुडोकू 6505

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 9 | | | 7 | | | |
| | | 8 | 5 | 1 | 3 | 4 | | |
| | 3 | | | | 8 | 7 | | |
| | | 5 | | | | 1 | 7 | 4 |
| | 1 | | | | | | 8 | |
| 9 | 8 | 7 | | | | 2 | | |
| | | 4 | 9 | | | | 2 | |
| | | 1 | 8 | 2 | 4 | 3 | | |
| | | | 7 | | | 9 | | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## वर्ग पहेली 6505

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | | २ | | ■ | ■ | ३ | | ४ | |
| | ■ | | ■ | ५ | | | ■ | | ■ |
| ६ | | | | | ■ | | ■ | ७ | ८ |
| | ■ | ■ | ■ | ९ | | | ■ | ■ | |
| ■ | १० | | ११ | | ■ | ■ | १२ | | |
| ■ | | ■ | | ■ | १३ | | | ■ | |
| १४ | | १५ | | ■ | | ■ | ■ | १७ | |
| | ■ | | ■ | १८ | | १९ | ■ | | ■ |
| २० | | | ■ | | ■ | २१ | | | २२ |
| | ■ | २३ | | | | | ■ | ■ | |

**बायें से दायें:-**

१. अपने ऊपर बीती घटनाओं का विस्तृत वृत्तांत
३. रणनायक
५. बल्कि, लेकिन, फिर भी
६. कारण, हेतु, उद्देश्य (उर्दू)
७. शर्म, लज्जा
९. सड़ी-गली वस्तुएं आदि की दुर्गंध
१०. मदिरालय
१२. ललक, गहरी इच्छा
१३. उपचार, चिकित्सा (उर्दू)
१४. सुकुमारता (उर्दू)
१५. संग रहने वाला
१८. ज्ञात, मालूम
२०. प्रतिष्ठा, सीमा
२१. रसीला
२३. रुधिर वर्ग (ब्लडग्रुप)

**ऊपर से नीचे:-**

१. भरोसा देना, निश्चय दिलाना
२. अज्ञानी से ज्ञानभरी बातें करना मुहावरा है भैंस के आगे...
३. पुल
४. पावन, शुद्ध
५. मौका, समय
८. श्रीकृष्ण
१०. पवित्रता (उर्दू)
११. नष्ट, तबाह (उर्दू)
१२. शर्म, हया
१३. वगैरह
१४. घोंसला, रहने की जगह (उर्दू)
१५. ऋणी (उर्दू)
१७. बादल (उर्दू)
१८. तरक्की७
१९. भांति, प्रकार
२२. खुदा, ईश्वर (उर्दू)

### वर्ग पहेली-6504

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ प | ग | २ डं | डी | ■ | ■ | ३ प | रि | ४ शि | ष्ट |
| रा | ■ | ठ | ■ | ५ व | र | खा | ■ | क | ■ |
| ६ ग | ले | ल | गा | ना | ■ | ७ र | वि | वा | ८ र |
| ण | ■ | ■ | ■ | ९ व | र | ना | ■ | ■ | थ |
| ■ | १० अ | ख | ११ रो | ट | ■ | ■ | १२ अ | थ | वा |
| ■ | नू | ■ | च | ■ | १३ वि | षा | द | ■ | ह |
| १४ अ | प | १५ ल | क | ■ | क्रे | ■ | १६ द | १७ स्त | क |
| नु | ■ | ब्द | ■ | १८ स | ता | १९ ना | ■ | व | ■ |
| २० दा | न | व | ■ | प | ■ | २१ वि | ष | क | २२ न्या |
| र | ■ | २३ र | च | ना | त्म | क | ■ | ■ | य |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : रविवार 24 मार्च, 2024 फाल्गुन शुक्ल पक्ष 15

### राशिफल

मेष - साहित्य और कला में रुचि रखने वालों के लिए आज का दिन शुभ है। स्नेहीजन के साथ हुई भेंट से आप का मन खुश रहेगा। दोपहर के बाद घर में शांतिपूर्ण वातावरण बना रहेगा। विरोधियों से आज वाद-विवाद हो सकता है।

वृषभ - आज माता के स्वास्थ्य के विषय में चिंता बनी रहेगी। स्थायी संपत्ति के काम आज टालें। नकारात्मक विचारों से दूर रहें। दोपहर के बाद आप के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य में सुधार होगा।

मिथुन - आज का दिन सुख- शांतिपूर्वक गुजरेगा। भाइयों के साथ रखे मेल-जोल से आपको लाभ होगा। मित्रों और स्वजनों से भी आज मुलाकात होगी। दोपहर के बाद नकारात्मक विचारों से मन में किसी बात की चिंता हो सकती है।

कर्क - आज आप के लिए लाभ के कई अवसर मिलने वाले हैं। परिजनों का साथ मिलेगा। वाणी की सुंदर शैली से अपना काम आसानी से बना पाएंगे। दोपहर के बाद प्रवास या पर्यटन का कार्यक्रम बन सकता है।

सिंह - आज आप दृढ़शक्ति के साथ सभी काम कर पाएंगे। घर के बड़ों से आप को लाभ होगा। मैरीड कपल के बीच प्यार ज्यादा रहेगा। आज दोपहर बाद वाणी में उग्रता हो सकती है। पारिवारिक वातावरण में भी मेल-जोल रहेगा।

कन्या - मन को आज भावना के प्रवाह में न बहने दें। किसी बात की उलझन हो, तो आज उसे किसी भी तरह दूर करने का प्रयास करें। किसी के साथ उग्र चर्चा और झगड़े में न पड़ें।

तुला - नए काम आज शुरू ना करें। आज बहुत सोच-विचार में रहने वाले हैं। इससे मनोबल में कमी आएगी। मित्रों से आप को विशेष लाभ होगा। व्यापार में भी लाभ होगा, लेकिन दोपहर के बाद इमोशनल रहेंगे।

वृश्चिक - व्यापार में आज आपकी प्रतिभा की बहुत प्रशंसा होगी। काम बहुत सरलता से पूरे होंगे। स्थायी संपत्ति के मामलों के लिए समय अच्छा है। सरकारी काम से लाभ होगा। गृहस्थ जीवन में मधुरता रहेगी।

धनु - आज आप के स्वभाव में उग्रता रहेगी। साथ में स्वास्थ्य कुछ कमजोर भी रहेगा। धार्मिक यात्रा की भी संभावना है। व्यापार में विवाद होने की आशंका बनी रहेगी, परंतु दोपहर के बाद काम में कुछ सुधार होगा।

मकर - आज बीमारी पर खर्च अधिक होगा। आकस्मिक खर्च भी हो सकता है। पारिवारिक सदस्यों के साथ उग्र बहस न हो जाएं, इसका ध्यान रखें। बाहर के खाने-पीने से आज परहेज करें। गलत कामों से आप दूर रहें।

कुंभ - आज व्यापार में भागीदारों के साथ वाद-विवाद हो सकता है। वैवाहिक जीवन में मनदु:ख के प्रसंग बनेंगे। विद्यार्थियों का विद्याभ्यास में प्रदर्शन अच्छा रहेगा। घर का वातावरण शांतिमय रहेगा। दैनिक कार्य में कुछ विघ्न आ सकते हैं।

मीन - आज का आप का दिन मध्यम फलदायी है। परिवार के सदस्यों के साथ आज मेल-जोल बने रहेंगे। दैनिक कामों में विलंब होंगे। ऑफिस में साथियों का सहयोग कम मिलेगा। जीवनसाथी के साथ मनमुटाव हो सकता है।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

# पाकिस्तान संकल्प दिवस पर जरदारी ने उठाया कश्मीर का मुद्दा

**इस्लामाबाद,** 23 मार्च (एजेंसियां)। पाकिस्तान के राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने शनिवार को देश के संकल्प दिवस पर अपने संबोधन के दौरान कश्मीर का मुद्दा उठाया। उन्होंने इसे क्षेत्र में अस्थिरता के कारणों में से एक बताया।

आसिफ अली जरदारी ने इस्लामाबाद में पाकिस्तान संकल्प दिवस परेड में कहा कि हमारे क्षेत्र में अस्थिरता का एक मुख्य कारण जम्मू-कश्मीर पर भारत का अवैध कब्जा है। हम निर्दोष निहत्थे कश्मीरी लोगों के खिलाफ भारत सरकार द्वारा की गई क्रूरताओं, मानवाधिकारों के उल्लंघन की निंदा करते हैं। उन्होंने कहा कि मैं कश्मीरियों को बताना चाहता हूं कि अत्याचार के खिलाफ उनके उचित संघर्ष में पाकिस्तान हमेशा उनके साथ खड़ा रहेगा। आसिफ अली जरदारी ने कहा कि दक्षिण एशिया में स्थाई शांति की कुंजी संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्तावों के अनुसार विवाद का समाधान है। पाकिस्तान, अपनी ओर से तब तक हर तरह का नैतिक और कूटनीतिक समर्थन देने के लिए प्रतिबद्ध है जब तक कि उत्पीड़ित लोगों को आत्मनिर्णय का अधिकार नहीं मिल जाता। दिन की शुरुआत संघीय राजधानी में 31 तोपों की सलामी और प्रांतीय राजधानियों में 21 तोपों की सलामी के साथ हुई, जिसके बाद भव्य सैन्य परेड हुई। इसमें तीनों सशस्त्र बलों और अन्य सुरक्षा बलों की टुकड़ियों ने मार्च पास्ट किया। अपने संबोधन के दौरान जरदारी ने देश के राजनीतिक दलों के बीच आंतरिक राजनीतिक विवादों पर बात की और सभी हितधारकों से बातचीत के माध्यम से राजनीतिक अस्थिरता का समाधान खोजने का आह्वान किया।



क्षेत्र में अस्थिरता का एक मुख्य कारण जम्मू-कश्मीर पर भारत का अवैध कब्जा है : आसिफ अली जरदारी

### पाकिस्तान सीमा पार से उद्योग स्तर पर फैला रहा आतंकवाद : जयशंकर



**सिंगापुर।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने शनिवार को कहा पाकिस्तान जैकोटन: भारत का मूड आतंकवादियों को नजरअंदाज करने का नहीं : जयशंकर से पड़ोसी से निपटना दुर्भाग्यपूर्ण है, जो खुलेआम आतंकवाद को एक हथियार के रूप में इस्तेमाल करता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि भारत का मूड आतंकवादियों को नजरअंदाज करने का नहीं है। नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ सिंगापुर (एनयूएस) के आईएसएएस में हुए ऐ कार्यक्रम में विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा कि हर देश एक स्थिर पड़ोस चाहता है, जो तर्कसंगत है। जयशंकर ने कहा, हम दुर्भाग्यशाली रहे हैं... आप ऐसे पड़ोसी से कैसे निपटेंगे जो इस तथ्य को नहीं छिपाता कि वह आतंकवाद को शासन तंत्र के साधन के रूप में उपयोग करता है?

# ब्लिंकन की कतर यात्रा से बढ़ी युद्धविराम की उम्मीद

**तेल अवीव,** 23 मार्च (एजेंसियां)। अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन की गुरुवार को मध्य पूर्व और शुक्रवार को इजरायल की यात्रा ने गाजा में युद्धविराम की उम्मीद बढ़ा दी है।



इजरायली प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे मोसाद प्रमुख डेविड बार्निया बातचीत के लिए दोहा वापस आ गए हैं। इजरायल और हमास के बीच संघर्षविराम बातचीत में इजरायल ने अपना रुख सख्त रखा, जिससे बातचीत में रुकावट आ गई थी। इजरायल ने अमेरिका, कतर और मिस्र समेत मध्यस्थों को बताया कि वह बंधकों के बदले इजरायल की जेलों से फिलिस्तीनी कैदियों को रिहा नहीं करेगा। रक्षा मंत्रालय के सूत्रों के अनुसार, इजरायल ने मध्यस्थों से कहा कि वे बंधकों को तीन चरणों में वापस लेने के लिए तैयार नहीं है।

### गाजा के हालात पर ईरानी विदेश मंत्री और हमास नेता के बीच हुई फोन पर बात

**तेहरान।** ईरानी विदेश मंत्रालय ने बयान जारी कर कहा है कि दो दिन पहले गाजा में हुई घटनाओं पर ईरानी विदेश मंत्री होसैन अमीर-अब्दुल्लाहियन और हमास नेता इस्माइल हनियेह ने फोन पर बातचीत की।



सिन्हुआ न्यूज एजेंसी के मुताबिक, हनियेह ने शुक्रवार को गाजा में हुए घटनाक्रम के बारे में विस्तारपूर्वक बताया। इसके अलावा उन्होंने उत्तरी गाजा की मानवीय स्थिति को गंभीर बताया।

## चीन, अंगोला को एक-दूसरे से सीखने की जरूरत : लौरेंको



**बीजिंग,** 23 मार्च (एजेंसियां)। चाइना मीडिया ग्रुप (सीएमजी) ने हाल ही में चीन के शानतोंग प्रांत की राजधानी चीनान की यात्रा पर आए अंगोला के राष्ट्रपति जोआओ लौरेंको के साथ एक विशेष साक्षात्कार किया। यह राष्ट्रपति के रूप में लौरेंको की तीसरी चीन यात्रा है। चीन के विकास और बदलावों के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा कि चीन हमेशा दुनिया को आश्चर्यचकित करता है, क्योंकि चीन का विकास निरंतर जारी है। चीन हर दिन और हर साल प्रगति कर रहा है और दुनिया को आश्चर्यचकित कर रहा है। पिछले साल चीन और अंगोला के बीच राजनयिक संबंधों की स्थापना की 40वीं वर्षगांठ थी। लौरेंको ने कहा कि अंगोला और चीन के बीच संबंध अनुकरणीय हैं, और अंगोला-चीन संबंधों ने हर साल महत्वपूर्ण विकास परिणाम प्राप्त किए हैं। जब अंगोला बड़ी कठिनाई में था और उसे युद्ध के बाद पुनर्निर्माण की आवश्यकता थी, तब चीन ने हमारी बड़ी मदद की।

## आज का इतिहास

1603 – स्कॉटलैंड के राजा जेम्स- इंग्लैंड और आयरलैंड के सिंहासन पर आसीन हुए।
1837 – कनाडा में अश्वेत नागरिकों को वोट देने का अधिकार मिला।
1855 – कलकत्ता (अब कोलकाता) से दिल्ली के बीच पहली बार टेलीग्राफ से लंबी दूरी का संदेश प्रेषित किया गया।
1878 – ब्रिटेन के युद्धपोत यूरीडाइस के पलटने से 300 लोग लापता हुए।
1882 – जर्मन चिकित्सक रॉबर्ट कोच ने माइकोबैक्टीरियम ट्यूबरकुलोसिस की खोज की घोषणा की।
1883 – न्यूयॉर्क और शिकागो के बीच पहली बार फोन पर बातचीत हुई।
1932 – अमेरिका में पहली बार चलती ट्रेन से रेडियो प्रसारण किया गया।
1953 – ब्रिटेन की महारानी की दादी क्वीन मैरी की सोते हुए मौत।
1959 – इराक ने बगदाद संधि से खुद को अलग किया।
1977 – मोरारजी देसाई भारत के चौथे प्रधानमंत्री बने, केंद्र में पहली बार गैर-कांग्रेसी सरकार बनी।
1979 – बॉलीवुड अभिनेता इमरान हाशमी का जन्म।
1993 – एज़र वीज़मैन इज़राइल के राष्ट्रपति चुने गए।
1994 – रॉबर्ट एफ कैनेडी जूनियर ने एमिली ब्लैक को तलाक दिया।
1997 – ऑस्ट्रेलियाई संसद ने दुनिया के पहले और एकमात्र इच्छामृत्यु कानून को पलटा।
1999 – पी.एन.भगवती (भारत) लगातार दूसरे कार्यकाल के लिए संयुक्त राष्ट्र मानवादिकार कमेटी के उपाध्यक्ष चयनित।

**विरोध** *भारत ने केजरीवाल की गिरफ्तारी पर जर्मन राजनयिक की टिप्पणी को अत्यंत अनुचित बताया, बोला*

# भारत में कानून के शासन के साथ जीवंत व मजबूत लोकतंत्र कायम

**नई दिल्ली, 23 मार्च (एजेंसियां)। विदेश मंत्रालय ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी पर जर्मन विदेश कार्यालय के प्रवक्ता की टिप्पणियों को 'अत्यंत अनुचित' बताते हुए शनिवार को कहा कि वह इन टिप्पणियों को देश की न्यायिक प्रक्रिया में हस्तक्षेप के रूप में देखता है।**

**जर्मन दूतावास के उप मिशन प्रमुख जॉर्ज एनजवीलर को तलब करते हुए विदेश मंत्रालय ने भारत के आंतरिक मामलों पर टिप्पणियों को लेकर उनके समक्ष कड़ा विरोध दर्ज कराया।**

विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि हम ऐसी टिप्पणियों को हमारी न्यायिक प्रक्रिया में हस्तक्षेप और न्यायपालिका की स्वतंत्रता को कम करने के प्रयास के रूप में देखते हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि भारत में कानून के शासन के साथ एक जीवंत और मजबूत लोकतंत्र है। बयान में कहा गया है कि जैसा कि देश में और लोकतांत्रिक दुनिया में अन्य जगहों पर सभी कानूनी मामलों में होता है, कानून इस मामले में तत्काल अपना काम करेगा। इस संबंध में की गई पक्षपातपूर्ण टिप्पणियां बेहद अनुचित हैं।

भारत की कड़ी प्रतिक्रिया तब आई, जब जर्मन विदेश कार्यालय ने शुक्रवार को कहा कि उसने केजरीवाल की गिरफ्तारी पर 'ध्यान दिया है' और उम्मीद करता है कि न्यायपालिका की स्वतंत्रता और बुनियादी लोकतांत्रिक सिद्धांतों के संबंध में मानक लागू होंगे। जर्मन विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता सेबेस्टियन फिशर की टिप्पणी इस बात के जवाब में थी कि देश की सरकार ने लोकसभा चुनाव से कुछ हफ्ते पहले केजरीवाल की गिरफ्तारी का आकलन कैसे किया था। फिशर ने अपने मंत्रालय की वेबसाइट में कहा कि हमने मामले पर ध्यान दिया है। भारत लोकतांत्रिक देश है। हम उम्मीद करते हैं कि न्यायपालिका की स्वतंत्रता और मौलिक लोकतांत्रिक सिद्धांतों से संबंधित मानक इस मामले में भी लागू होंगे।



भारत इन टिप्पणियों को देश की न्यायिक प्रक्रिया में हस्तक्षेप के रूप में देखता है : विदेश मंत्रालय

बयान में कहा गया है कि आरोपों का सामना करने वाले किसी भी व्यक्ति की तरह केजरीवाल निष्पक्ष सुनवाई के हकदार हैं, इसमें बिना किसी प्रतिबंध के सभी उपलब्ध कानूनी रास्ते का उपयोग करना शामिल है। निर्दोषता का अनुमान कानून के शासन का एक केंद्रीय तत्व है और उन पर लागू होना चाहिए।

प्रवर्तन निदेशालय ने आम आदमी पार्टी प्रमुख को दिल्ली सरकार के अन्य मंत्रियों की मिलीभगत से कथित उत्पाद शुल्क घोटाले का सरगना करार दिया।

## दुनिया को जानें

### विश्व की छत पर विशिष्ट तिब्बती भोजन पर्यटकों के बीच लोकप्रिय

**बीजिंग,** 23 मार्च (एजेंसियां)। विश्व की छत पर स्थित चीन का तिब्बत स्वायत्त प्रदेश पर्यटकों के लिए एक अति आकर्षक स्थान है। पिछले कुछ साल में तिब्बत में पर्यटन की समृद्धि के साथ विशिष्ट तिब्बती खाना पर्यटकों के बीच भी लोकप्रिय हो रहा है। अगर आपने तिब्बत आकर तिब्बती व्यंजन का ज़ायका नहीं लिया, तो आप की यात्रा अधूरी रहेगी।

तिब्बत की बहुत पुरानी परंपरागत संस्कृति है। तिब्बती खाना तिब्बती संस्कृति का एक अहम भाग है। चीन के अन्य क्षेत्रों की तुलना में तिब्बती खाने की दो बड़ी विशेषता है। एक, तिब्बती खाना खाने के लिए चॉपस्टिक की बजाय हाथ, चाकू व कलछी अधिक प्रचिलत है। दूसरा, तिब्बती व्यंजन के मुख्य पदार्थ पठारीय पशु व वनस्पतियां हैं। लंबे इतिहास में तिब्बती लोगों ने खाना पकाने की तरह-तरह की विधियां विकसित कीं। धीरे-धीरे विशिष्ट तिब्बती व्यंजन बन गए। तिब्बती खाने में मुख्य पदार्थ याक, बकरी, सुअर व चिकन का मांस और आलू, मूली जैसी सब्जियां हैं। उनका मुख्य भोजन छिन ख यानी पठारीय जौ, चावल व गेहूं का आटा है।

# प्रादेशिकी

## कंट्रोल रूम में मिलेगी नागरिकों को चुनाव संबंधी जानकारी

**सिरसा।** हरियाणा में सिरसा जिले के उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आर के सिंह ने बताया कि जिला के नागरिकों की सुविधा व लोकसभा आम चुनाव के लिए जिला स्तर पर कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। कोई भी मतदाता एवं आम नागरिक कंट्रोल रूम में लोकसभा आम चुनाव के संबंध में जानकारी ले सकता है। उपायुक्त ने बताया कि लोकसभा चुनाव प्रक्रिया के दौरान यदि कहीं भी आदर्श आचार संहिता की उल्लंघन की शिकायत मिलती है तो नागरिक किसी भी समय इसकी सूचना कंट्रोल रूम नंबर 1950 पर दे सकते हैं। इसके अलावा पुलिस कंट्रोल रूम नंबर सिरसा के नंबर 01666-247811/112 व डबवाली के नंबर 01668- पर भी संपर्क कर सकते हैं।

# झूठ बोलने और अफवाहें फैलाने में भाजपा नंबर वन : कांग्रेस

### मुख्य संसदीय सचिव बोले, अफवाहें फैलाकर राजनीति कर रही भाजपा

**शिमला,** 23 मार्च (देशबन्धु)। मुख्य संसदीय सचिव मोहन लाल ब्राक्टा और किशोरी लाल ने कहा है कि भाजपा झूठ बोलने व

■ भाजपा का असली चेहरा हिमाचल प्रदेश की जनता के सामने आ रहा है

अफ़वाहें फैलाने में नंबर वन है। उन्होंने कहा कि भाजपा की पूरी राजनीति झूठ पर टिकी है और सोची-समझी रणनीति के तहत अफवाहें फैला रही है। भाजपा नेता मात्र अफवाहों का बाजार गर्म कर प्रदेश की जनता को गुमराह करने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि जब से प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनी है, तब से एक चुनी हुई सरकार को गिराने की साजिश रची जा रही है। इस साज़िश की परतें धीरे-धीरे खुल रही हैं और भाजपा का असली चेहरा हिमाचल प्रदेश की जनता के सामने आ रहा है। ब्राक्टा व किशोरी लाल ने कहा कि विधानसभा चुनाव-2022 में प्रदेश के मतदाताओं ने जनविरोधी नीतियों के कारण भाजपा को सत्ता से बाहर का रास्ता दिखाया था और विपक्ष में बैठने का जनादेश दिया, लेकिन कुछ अवसरवादी ताक़तों के साथ मिलकर भाजपा ने सत्ता पर डाका डालने का प्रयास किया है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार से बागियों को फ़ाइव स्टार होटलों में ठहराया गया, उन्हें चार्टर्ड प्लेन और हेलीकॉप्टर की सैर कराई गई। यह सारी बातें अब प्रदेश की जनता से छुपी नहीं हैं। यही नहीं, भाजपा नेताओं ने प्रलोभन देकर निर्दलीय विधायकों से इस्तीफा दिलवा दिया। दोनों ने कहा कि प्रदेश की जनता जानती है कि तीन निर्दलीय कांग्रेस व भाजपा के प्रत्याशियों को हराकर विधानसभा पहुंचे थे। ऐसे में तीनों को यह स्पष्ट करना चाहिए कि किसके दबाव में उन्होंने अपने चुनाव क्षेत्र के मतदाताओं की भावनाओं का अपमान किया है। क्या इस प्रकरण में धन-बल का इस्तेमाल हुआ है या फिर निर्दलीयों पर कोई दबाव बनाया गया है। मुख्य संसदीय सचिवों ने कहा कि भाजपा नेताओं का सत्ता का लोभ छूट नहीं रहा है और यह बात भी जगज़ाहिर हो चुकी है। प्रदेश सरकार द्वारा चलाए गए जन कल्याण के कार्यों से भाजपा बौखलाई हुई है। मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व में वर्तमान प्रदेश सरकार ने डेढ़ लाख सरकारी कर्मचारियों को पुरानी पेंशन दी, महिलाओं को 1500 रुपए प्रति माह पेंशन दी, युवाओं के लिए 680 करोड़ रुपए की स्टार्ट-अप योजना शुरू की, बिना केंद्र सरकार की सहायता के आपदा प्रभावित 25 हजार से अधिक परिवारों को फिर से बसाया गया और समाज के सभी वर्गों के कल्याण के लिए योजनाएं बनाकर उन्हें धरातल पर लागू किया।



प्रदेश की जनता जानती है कि तीन निर्दलीय कांग्रेस व भाजपा के प्रत्याशियों को हराकर विधानसभा पहुंचे थे : मुख्य संसदीय सचिव मोहन लाल ब्राक्टा और किशोरी लाल

# ऐतिहासिक निर्णयों का कार्यकाल, धामी सरकार के दो साल : रेखा आर्या

### धामी के निर्णयों में समाज हर वर्ग तथा देवभूमि के हितों का समावेश

■ अमरनाथ तिवारी

**अल्मोड़ा,** 23 मार्च (देशबन्धु)। मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि धामी सरकार ने दो साल के कार्यकाल में जनभावनाओं को योजनाओं व निर्णयों में तब्दील किया और ऐसे ऐतिहासिक निर्णय लिये, जो पहले कभी नहीं हो सके। उत्तराखंड की धामी सरकार के दो साल का कार्यकाल पूरा होने के उपलक्ष्य में शनिवार को कैबिनेट मंत्री एवं सोमेश्वर की विधायक रेखा आर्या अल्मोड़ा में होटल में पत्रकारों से मुखातिब हुई। उन्होंने सरकार के बड़े निर्णयों का उल्लेख करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री ने विकास व जनहित की सोच उनके निर्णयों में साफ झलकती है। जिनमें समाज हर वर्ग तथा देवभूमि के हितों का समावेश है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने जनभावनाओं का पूरा ध्यान रखा है और उन्हीं जनभावनाओं को योजनाओं व निर्णयों में तब्दील किया है। मंत्री ने कहा कि वर्ष 2022 के चुनाव के दौरान सीएम पुष्कर सिंह धामी ने समान नागरिक संहिता लाने का वादा किया था और सरकार बनते ही इस पर काम किया। फलस्वरूप समाज नागरिक संहिता अस्तित्व में आई है। जिससे उनका वायदा पूरा हुआ। इसके अलावा नकल विरोधी कानून, धर्मांतरण विरोधी कानून, दंगा रोधी कानून, महिलाओं के लिए 30 प्रतिशत आरक्षण, राज्य आंदोलनकारियों के लिए 10 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण को ऐतिहासिक कदम बताया। उन्होंने मानसखंड कोरिडोर को भी देवभूमि के लिए बड़ी उपलब्धि बताया। इसके अलावा मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि खिलाड़ियों के प्रोत्साहन, युवाओं को नौकरी, स्वास्थ्य, सड़क, नारी सशक्तीकरण, रसोई गैस आदि के मामलों पर तमाम योजनाएं प्रदेश सरकार लाई है, जिसका लाभ हर वर्ग के लोग उठा रहे हैं। उन्होंने कहा कि धामी सरकार हर वर्ग के उत्थान के लिए लगातार कार्य कर रही है और देवभूमि उत्तराखंड को श्रेष्ठ राज्य बनाने में जुटी है। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष रमेश बहुगुणा, प्रदेश प्रवक्ता गौरव पांडे, जिला महामंत्री धर्मेंद्र बिष्ट, मीडिया प्रभारी राजेंद्र सिंह बिष्ट, पूर्व जिला अध्यक्ष रवि रौतेला, जगत तिवारी, महेश नयाल आदि शामिल रहे।




## धामी सरकार के दो साल निराशाजनक : महारा

**देहरादून,** 23 मार्च (देशबन्धु)। मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस ने धामी सरकार के दो साल के कार्यकाल पर निशाना साधा है। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहारा का धामी सरकार के दो साल के कार्यकाल को निराशाजनक बताया है। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहारा ने कहा धामी सरकार ने इन दो वर्षों में महिला सशक्तिकरण की दिशा में कोई काम नहीं किया। रिपोर्ट के मुताबिक महिला अपराध में उत्तराखंड हिमालयी राज्यों में पहले नंबर पर पहुंच गया है। उन्होंने कहा महिलाओं को सशक्त बनाने की दिशा में कार्यक्रम आयोजित करना अलग बात है, लेकिन हकीकत इससे कोसों दूर है। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहारा ने कहा अंकिता भंडारी मामले में वीआईपी के नाम का आज तक खुलासा नहीं हो पाया है। सरकार की शह पर अंकिता भंडारी हत्याकांड से जुड़े सबूत मिटाए गए। इसी तरह ममता जोशी बहुगुणा विगत 4 वर्षों से गायब है, किरण नेगी का हाल भी सबको पता है, इसलिए बोलने से कुछ नहीं होने वाला है।

**सार संक्षेप**

## दून स्पोर्ट्स एकेडमी में राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय कोच देंगे कोचिंग

**देहरादून।** उत्तराखण्ड सरकार खेलों को बढ़ावा देने के लिए प्रयास कर रही है। इसी को लेकर देहरादून के जाखन राजपुर रोड निवासी राघव गुप्ता ने भी सरकार के कदम से कदम मिलाया है और खेलों व खिलाड़ियों को बढ़ावा देने के लिए ईस्टहोप टाउन परवल रोड पर दून स्पोर्टस एकेडमी खोली है जिसमें राष्ट्रीय व अन्तरराष्ट्रीय कोच क्रिक्रेट, फुटबॉल, पेंटबॉल व स्विमिंग की कोचिंग देंगे। स्पोर्टस प्रमोशन ऑर्गेनाइजेशन उत्तराखण्ड में राघव गुप्ता की मां मधु गुप्ता अध्यक्ष रही है जिससे प्रेरित होकर राघव स्पोटर्स को बढ़ावा दे रहे हैं। जिसकी जानकारी देते हुए दून स्पोर्टस एकेडमी संचालक राघव गुप्ता ने कहा कि खेल मानसिक व शारीरिक विकास के साथ जीवन में भी एकाग्रता लाता है। उन्होनें कहा कि सरकार खेलों को बढ़ावा दी रही है जिससे उत्तराखण्ड का नाम देश व दुनिया में खिलाड़ी रोशन कर रहे हैं। सरकार ने खेलों को बढ़ावा देने के लिए नौकरियों में क्षेतिज आरक्षण दिया है जिससें की खेलों को बढ़ावा मिल सकें। अब बच्चों का रूझान भी खेलों की तरफ हो रहा है। इसकी को लेकर दून स्पोर्टस एकेडमी की स्थापना की गई है जिससे की उत्तराखण्ड के बच्चों को एक दिशा तय कर खेलों की कोचिंग मिल सकें। राघव गुप्ता ने कहा कि उत्तराखण्ड में 38 वें राष्ट्रीय खेल होने जा रहे है। जिससे कि पूरे देश की नजर उत्तराखण्ड पर है। खेलों को बच्चे अब रोजगार से जोड़ रहे है जिसके लिए उन्हें व्यवस्थित तरीके से कोचिंग की जरूरत है जिसकों दून स्पोर्टस एकेडमी पूरा करेगी। दून स्पोर्टस एकेडमी के पास एक आधुनिक ग्राउण्ड है जिसमें बच्चों को राष्ट्रीय व अन्तरराष्ट्रीय कोच कोचिंग देंगे।

## सिरसा में होली पर्व को लेकर सुरक्षा हुई चाक चौबंध

**सिरसा।** हरियाणा के सिरसा जिले में होली के त्योहार को लेकर जिला में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात कर सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए हैं। पुलिस अधीक्षक विक्रांत भूषण ने बताया कि जिले भर में सुरक्षा के चाक-चौबंद इंतजाम किए गए हैं। बुलेट मोटरसाइकिल से पटाखे छोड़कर दहशत फैलाने वालों तथा तेज गति से बाइक तथा अन्य वाहन चलाकर हुड़दंग बाजी कर शांति भंग करने वालों के साथ पुलिस सख्ती से निपटेगी। इस संबंध में यातायात पुलिस सहित सभी थाना प्रभारियों को कड़े निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत लगी धारा 144 व होली पर्व को देखते हुए समस्त जिला पुलिस जहां सुरक्षा की दृष्टि से पूरी तरह 'अलर्ट' मोड पर है ,वहीं असमाजिक तत्वों पर शिकंजा कसने तथा उन पर पैनी नजर रखने के लिए एक विशेष अभियान शुरू किया गया है। इसके तहत जिला के सभी कस्बों,नैशनल हाईवे तथा अन्य मार्गों पर जगह-जगह नाकाबंदी कर चैकिंग अभियान चला कर नियमों की अवहेलना करने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## चित्रशिला घाट पहुंचे अजय भट्ट, कुमाऊं की कुलदेवी जिया रानी का लिया आशीर्वाद

**हल्द्वानी,** 23 मार्च (देशबन्धु)। नैनीताल लोकसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी अजय भट्ट अपने चुनाव प्रचार में जगह-जगह कार्यक्रम कर रहे हैं। इसी के तहत भाजपा सांसद प्रत्याशी अजय भट्ट शनिवार को चुनाव प्रचार से पहले रानीबाग स्थित चित्रशिला घाट पहुंचे। जहां उन्होंने मोक्ष द्वार पर सभी पूर्वजों को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए उनका आशीर्वाद लिया। इसके बाद उन्होंने चित्र शीला घाट पर स्थित कुमाऊं के कुलदेव देवी जिया रानी के दरबार में हाजिरी लगाई।

इस दौरान अजय भट्ट चित्रशिला घाट स्थित भगवान शनि के मंदिर में आशीर्वाद लेने भी पहुंचे। जहां काफी देर तक मंदिर में भगवान सारी की आराधना की। साथ में भगवान शिव के मंदिर में भी जाकर भगवान शिव को जलाभिषेक कर पूजा की अर्चना की। अजय भट्ट ने कहा वह चुनाव प्रचार से पहले भगवान का दर्शन करते हैं। शनिवार के दिन चित्रशाला घाट स्थित शनि मंदिर पहुंचे। जहां उन्होंने भगवान शनि का आशीर्वाद लिया। इसके अलावा चित्रशिला घाट पर दुनिया से चले गए सभी आत्माओं से आशीर्वाद लिया। इसके अलावा जिया रानी के दरबार में पहुंचे। जहां कुमाऊं की कुलदेवी जिया रानी का दर्शन किये। उन्होंने कुलदेव देवी जिया रानी की वीर गाथाएं पूरे उत्तराखंड ही नहीं पूरे देश में जानी जाती हैं। हर साल यहां पर जिया रानी के दरबार में जागर लगता है। जिया रानी की महिमा का गुणगान किया जाता है। अजय भट्ट ने कहा विभिन्न कार्यक्रमों के तहत वह लोगों के बीच पहुंच रहे हैं। अपनी उपलब्धियां को जनता को बता रहे हैं। उन्होंने अपना चुनाव प्रचार तेज कर दिया है। जगह-जगह उनका लोगों के बीच में जाकर आशीर्वाद ले रहे हैं।

# भाजपा में शामिल नेताओं को पूरा सम्मान मिलेगा : जयराम ठाकुर

### मोदी की नीतियों में विश्वास करते हैं इसलिए भाजपा में शामिल हो रहे हैं नेता

**शिमला,** 23 मार्च (देशबन्धु)। नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि भाजपा में शामिल होने वाले हिमाचल प्रदेश के सभी नेता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की नीतियों में विश्वास करते हैं और उनके साथ काम करते हुए प्रदेश और समाज की सेवा करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में ऐसी सरकार चल रही है जिसे आम जन-मानस से कोई सरोकार नहीं है। सरकार की नाकामियों से कुछ ऐसे हालात बने होंगे जिसके कारण कांग्रेस के नेताओं को इस तरह अपनी विधायकी को छोड़ने को विवश होना पड़ा होगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश में सरकार हर मोर्चे पर नाकाम हो गई है। प्रदेश के हर वर्ग में असंतोष है। जनप्रतिनिधियों का अपमान हो रहा है। जिसके दोषी मुख्यमंत्री स्वयं हैं।

जयराम ठाकुर ने कहा कि भारतीय जनता में पार्टी में शामिल हो रहे हैं सभी नेताओं का वह हार्दिक स्वागत है एवं अभिनंदन करते हैं। उन्होंने कहा कि यह सभी नेता भारतीय जनता पार्टी के परिवार में शामिल हुए हैं। उन्होंने सभी नेताओं को विश्वास दिलाया कि भारतीय जनता पार्टी उन्हें एक परिवार के सदस्य के रूप में पूरा सम्मान देगी। आज पूरे भारत में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की जनकल्याणकारी नीति से प्रभावित होकर देश के क़द्दावर नेता भाजपा में शामिल हो रहे हैं। क्योंकि प्रधानमंत्री ने देश में विकास राजनीति की शुरुआत की है।



■ अभी भी झूठ पर झूठ बोलकर सरकार चलाने के प्रयास हो रहे हैं
■ मुख्यमंत्री की नीतियों से तंग आ कर पार्टी छोड़ने को मजबूर हुए विधायक
■ भूटान के सर्वोच्च नागरिक सम्मान के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को दी बधाई

नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि जनता से किए वादे को पूरा करने में ये सरकार पूरी तरह नाकाम हो चुकी आज भी सरकार झूठ बोलकर काम चलाना चाहती है। सरकार को यह ध्यान रखना चाहिए की अब देश में झूठ की राजनीति नहीं चलने वाली। आज भी मुख्यमंत्री और सरकार के मंत्री कह रहे हैं उन्होंने अपनी पांच गारंटियां पूरी कर दी। हकीकत यह है की सरकार ने एक भी गारंटी ढंग से पूरी नहीं की। बिना गारंटियों को पूरा किए सरकार द्वारा उन्हें पूरा करने का दावा करने का झूठ सरकार द्वारा बोला जा रहा है। इस तरह से सरेआम झूठ बोलकर अब काम नहीं चलेगा। अब जो विकास की बात करेगा। पारदर्शिता और भ्रष्टाचार मुक्त व्यवस्था की बात करेगा देश की जनता उसी के साथ खड़ी होगी। नरेन्द्र मोदी जो कहते हैं वह करके दिखाते हैं इसलिए देश के लोग सिर्फ़ उनकी गारंटी पर ही भरोसा करते हैं।

### भूटान के सर्वोच्च नागरिक सम्मान के लिए प्रधानमंत्री को दी बधाई

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को भूटान के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'ऑर्डर ऑफ द ड्रुक ग्यालपो' से सम्मानित करने को देश के लिए एक गर्व औरसम्मान की बात है। उनसे पहले यह सम्मान किसी भी ग़ैर-भूटानी व्यक्ति को नहीं मिला है। यह सम्मान पाने वाले वह पहले प्रधानमंत्री हैं। उन्होंने कहा कि यह हर भारतवासी के लिए गर्व की बात है कि बीते दस वर्षों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को 15 देशों के सर्वोच्च नागरिक सम्मान मिल चुके हैं। इसके लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।

# '22 गोइंग टू 72' अभियान से बढ़ेगा मतदान प्रतिशत

**शिमला,** 23 मार्च (देशबन्धु)। निर्वाचन विभाग हिमाचल प्रदेश ने वर्ष 2019 के आम चुनावों में 70 प्रतिशत से कम मतदान दर्ज करने वाली 22 विधानसभा क्षेत्रों में मतदान प्रतिशतता बढ़ाने के लिए मिशन मोड पर '22 गोइंग टू 72' अभियान की शुरूआत की है। इसका उद्देश्य पिछले लोकसभा चुनाव 2019 के मतदान प्रतिशत 72.42 में इस बार वृद्धि करना है। यह जानकारी आज यहां मुख्य निर्वाचन अधिकारी मनीष गर्ग ने दी। उन्होंने कहा कि इस पहल के तहत विभिन्न अराजनीतिक लोगों को अपने मताधिकार का उपयोग करने के लिए क्षेत्रवार निर्वाचन आइकन के रूप में शामिल किया जाएगा और बच्चों द्वारा बनाए गए निमंत्रण कार्ड भी मतदाताओं को वितरित किए जाएंगे। इसके अतिरिक्त लोकतंत्र के इस महापर्व में भाग लेने के लिए मतदाताओं को प्रेरित करने के लिए बूथ जागरूकता क्लबों को सक्रिय किया जाएगा और चुनावी साक्षरता क्लब चुनावी साक्षरता अभियान चलाएंगे ताकि आम जनता को बढ़-चढ़ कर मतदान के लिए प्रेरित किया जा सके। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि सभी सरकारी कार्यालयों और औद्योगिक संगठनों में मतदाता जागरूकता मंच भी स्थापित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों से पिछले आम चुनावों में सवैतनिक अवकाश के बावजूद मतदान न करने की वजह भी पूछी जाएगी। चुनाव प्रक्रिया में भाग लेने के लिए कर्मचोरियों को प्रेरित करने के लिए नोडल अधिकारी भी नियुक्त किए जाएंगे। यह नोडल अधिकारी इस बात की पुष्टि करेंगे कि मतदान के लिए सवैतनिक अवकाश की सुविधा दिए जाने के बावजूद कितने कर्मचारियों ने वास्तव में मतदान में भाग लिया है।

# भारतीय सैन्य अकादमी में साबिरवी कप 2024 का हुआ आयोजन



**देहरादून,** 23 मार्च (देशबन्धु)। सेना, नौसेना और वायु सेना की छह प्रमुख अधिकारी प्रशिक्षण अकादमियों के प्रशिक्षुओं के लिए खेल प्रतियोगिता, साबिखी कप-202 का आयोजन 18 से 23 मार्च तक भारतीय सैन्य अकादमी में आयोजित किया गया। इस स्पोर्ट्स मीट को पहले हेक्सागोनल मीट के नाम से जाना जाता था इसका नाम बदलकर 1991 में राष्ट्रीय रक्षा अकादमी (एनडीए), खडकवासला के तत्कालीन कमांडेंट, एयर मार्शल डी एस साबिखी, एवीएसएम के नाम पर 'साबिखी की कप' कर दिया गया। बैठक के वर्तमान संस्करण में राष्ट्रीय रक्षा अकादमी (एनडीए), खड़कवासला, अधिकारी प्रशिक्षण अकादमी, चेन्नई, अधिकारी प्रशिक्षण अकादमी, गया, वायु सेना अकादमी (एएफए), हैदराबाद और भारतीय नौसेना अकादमी (आईएनए), एझिमाला की टीमों ने भाग लिया।

## हिमाचल में मतदान से पहले चार बार जांची जाएंगी ईवीएम

**शिमला,** 23 मार्च (एजेंसियां)। हिमाचल प्रदेश में चुनावों में इस्तेमाल से पहले ईवीएम और वीवीपैट को मतदान से पहले चार बार जांचा परखा जाएगा। मशीनों की पहले चरण की जांच हो चुकी है। अभी तीन चरणों की जांच बाकी है। ईवीएम के आवंटन में किसी प्रकार के भेदभाव का आरोप न लगे, इसके लिए कंप्यूटर सॉफ्टवेयर की मदद से यह तय होगा कि किस पोलिंग बूथ को कौन सी ईवीएम मिलेगी। मतदान से पहले स्ट्रांग रूम में ईवीएम पुलिस सुरक्षा में रहेंगी और मतदान के बाद स्ट्रांग रूम के बाहर तीन स्तर का सुरक्षा घेरा रहेगा, जिसमें केंद्रीय बल भी तैनात रहेंगे। चुनाव के दौरान प्रदेश के 3,995 मतदान केंद्रों में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। इन मतदान केंद्रों की सभी गतिविधियां कैमरों की नजर में होंगी।

# होली के रंगों के साथ एसटीएफ के कर्मचारियों पर बरसे ईनाम

**देहरादून,** 23 मार्च (देशबन्धु)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, एसटीएफ आयुष अग्रवाल ने होली मिलन के अवसर पर एसटीएफ टीमों के पकड़े गए ईनामी अपराधियों में सराहनीय कार्य करने वाले एसटीएफ कर्मियों को उनकी ईनाम की राशियों को देकर उनकी खुशियों में होली के रंग बिखेरे। आयुष अग्रवाल की अगुवाई में एसटीएफ ने अब तक उत्तराखण्ड राज्य के 64 शातिर ईनामी अपराधियों को पकड़कर सलाखों के पीछें भेजा गया है। जिसमें से 2 लाख रूपये के 2, एक लाख रूपए के 5, 50 हजार रूपये के 9, 25 हजार रूपए के 27, 15 हजार रूपए के 4, 10 हजार रूपए के 13 एवं 5 हजार रूपए के 4 कुल मिलाकर 22 लाख 35 हजार रुपए के शातिर एवं कुख्यात ईनामी अपराधियों को पकड़ा कर सलाखों के पीछे भेजा है। शनिवार को एसटीएफ टीमों को उनके किये गये कार्यो की सराहना करते हुए सराहनीय कार्य करने वाले अधिकारी एवं कर्मचारियों को पुलिस मुख्यालय से स्वीकृत किए गए 4 लाख 05 हजार रूपये ईनामी धनराशि को होली मिलन कार्यक्रम के अवसर पर वितरित किया गया।



**राजनीति**

### पूर्व विधायक हरिदास और पूर्व बसपा प्रदेश अध्यक्ष आदित्य ने अब कमल खिलाने का किया वादा

# भाजपा की नीतियों से आज हर वर्ग और हर समाज प्रभावित

**रुड़की,** 23 मार्च (देशबन्धु)। बसपा से पूर्व विधायक हरिदास एवं पूर्व प्रदेश अध्यक्ष आदित्य ब्रजवाल ने अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर ली। यह परिवार लम्बे समय से बसपा में रहते हुए राजनीति करता आया है वर्तमान में यह पार्टी से निष्कासित चल रहे थे।

भाजपा मुख्यालय में हरिद्वार लोकसभा प्रत्याशी एवं पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत, प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट, राज्यसभा सांसद नरेश बंसल एवम अन्य पदाधिकारियों ने पूर्व विधायक हरिदास एवं उनके पुत्र पूर्व प्रदेश अध्यक्ष बसपा और उनके सैकड़ों समर्थकों को भाजपा की सदस्यता ग्रहण करवाई।

प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा की नीतियों से आज हर वर्ग और हर समाज प्रभावित है और जो राष्ट्रहित की सोचता है वह भाजपा में आना चाहता है। उन्होंने कहा पार्टी को हरिदास और उनके पुत्र का लाभ मिलेगा। लोकसभा प्रत्याशी त्रिवेंद्र सिंह रावत ने कहा हम सब मिलकर भारत को एक विकसित भारत के रूप में ले जाएंगे।



यही हमारा गंतव्य है यही पार्टी का लक्ष्य है यही हमारी सरकार काम कर रही है। उन्होंने कहा कि हरिद्वार सीट पर जीत निश्चित है और जीत का अंतर पांच लाख से अधिक होगा। राज्यसभा सांसद नरेश बंसल ने कहा आज पूरे देश में जिस प्रकार का वातावरण है और सभी व्यक्ति विकास चाहते हैं देश को आगे बढ़ाना चाहते हैं इसलिए वह नेता नीति और नियत इसको देखते हुए उसमें अपना विश्वास व्यक्त कर रहे हैं।

कहा कि चुनाव में केवल एक महीना रह गया है आप भारतीय जनता पार्टी में सम्मिलित हुए हैं आपके सबके मान सम्मान की पार्टी चिंता करेगी लेकिन इस समय आपको पूरी ताकत लगा करके अधिक से अधिक वोट पार्टी को डलवाने का काम करना है। पूर्व विधायक हरिदास ने कहा कि सरकार की नीति और नीतियों से प्रभावित होकर बहुजन समाज पार्टी में शामिल हुए हैं। कहा कि बसपा में उन्हें सालों हो गए लेकिन पिछले कुछ साल से उन्हें काम करने का मौका नहीं मिला है। पार्टी ने नाम पद सब कुछ दे दिया लेकिन उस तरीके का काम करने का मौका नहीं मिला। कहा कि हमें पहले से ही मेहनत का शौक है और हम सबके घर-घर जाकर सबके काम करते हैं। कहा कि पार्टी को अगर कहीं जरूरत होगी वह वहां खड़े होकर कार्य करेंगे।

इस अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री एवं हरिद्वार लोकसभा सीट से प्रत्याशी त्रिवेंद्र सिंह रावत, कैबिनेट मंत्री धन सिंह रावत,प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र सिंह भट्ट,राज्यसभा सांसद नरेश बंसल, प्रदेश महामंत्री आदित्य कोठारी, जिला अध्यक्ष रुड़की शोभाराम प्रजापति, पूर्व विधायक देशराज कर्णवाल, वैजयंती माला, भाजपा नेता पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष सुभाष वर्मा,पूर्व मुख्यमंत्री के पूर्व सलाहकार प्रोफेसर नरेंद्र ठाकुर सिंह आदि मौजूद रहे।

## सुडोकू 6505 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 4 | 9 | 2 | 6 | 7 | 8 | 3 | 5 |
| 7 | 2 | 8 | 5 | 1 | 3 | 4 | 9 | 6 |
| 5 | 3 | 6 | 4 | 9 | 8 | 7 | 1 | 2 |
| 2 | 6 | 5 | 3 | 8 | 9 | 1 | 7 | 4 |
| 4 | 1 | 3 | 6 | 7 | 2 | 5 | 8 | 9 |
| 9 | 8 | 7 | 1 | 4 | 5 | 2 | 6 | 3 |
| 3 | 7 | 4 | 9 | 5 | 1 | 6 | 2 | 8 |
| 6 | 9 | 1 | 8 | 2 | 4 | 3 | 5 | 7 |
| 8 | 5 | 2 | 7 | 3 | 6 | 9 | 4 | 1 |

# प्रादेशिकी

## बार एसोसिएशन के पूर्व महासचिव संजीब पारिया पर मुकदमा

**फर्रुखाबाद,** 23 मार्च (देशबन्धु)। सम्पति विवाद के मुकदमें को निपटाने के बदले लाखों रुपए की मांग करने और जबरन रुपए लेनें के मामले में पुलिस नें कारागार में निरुद्ध बार एसोसिएशन के पूर्व महासचिव के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाली फतेहगढ़ के मोहल्ला तलैया लैन निवासी सुनील कुमार बिरसिया नें दर्ज कराई। एफआईआर में कहा कि बीते सात नवंबर 2023 को वह अपनी मां कमला देवी के साथ कोषागार फतेहगढ़ से जीवन प्रमाण पत्र देकर वापस लौट रहे थे। उसी दौरान संजीब पारिया अपने 3-4 अज्ञात साथियों के साथ आ गए और उन्हें अपने साथ कचेहरी में अपने वस्ते के भीतर रूम में ले गए। संजीब पारिया नें भवन संख्या 1/36,37 की सम्पत्ति के बारे में जिला न्यायालय व हाईकोर्ट इलाहाबाद में चल रहे मुकदमों को निपटाने के लिए 25 लाख की मांग की।

# लोकतंत्र नहीं देता डकैती डालने की छूट : योगी

**लखनऊ,** 23 मार्च (देशबन्धु)। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी पर यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि कोई भी कानून से बड़ा नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि देश में लोकतंत्र है इसीलिए अरविंद केजरीवाल बार-बार दिल्ली के मुख्यमंत्री बन सके। मगर लोकतंत्र किसी व्यक्ति, पार्टी या संस्था को डकैती डालने की छूट नहीं देता। मुख्यमंत्री प्रदेश का मालिक नहीं होता। हमारा काम जनसेवक और कस्टोडियन का होता है। कोई भी, फिर चाहे मैं ही क्यों न हूं, अगर नियम विरुद्ध आचरण करूंगा तो मुझ पर भी देश का कानून लागू होगा। कोई व्यक्ति या सरकार खुद को कानून से ऊपर मानने लगे तो ये गलत है। ईडी एक स्वतंत्र नियामक संस्था है और केजरीवाल का मामले में कोर्ट में है, इसे अब कोर्ट ही तय करेगी। यह बातें शनिवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक चैनल के साथ बातचीत के दौरान कही। उन्होंने कहा कि यूपी में जो भी परिवर्तन दिखाई देता है उसका श्रेय नरेन्द्र मोदी और यूपी की जनता को दिया जाना चाहिए। प्रदेश के बारे में आज देश और दुनिया की धारणा बदली है। 2017 से पहले यहां लोगों के सामने पहचान का संकट था। हर दूसरे दिन दंगा होता था। न बेटी सुरक्षित थी न व्यापारी। सुरक्षा की स्थिति बदतर थी। प्रदेश में विकास का माहौल नहीं था। सरकारों ने अपने परिवार का विकास किया। जातीयता के नाम पर प्रदेश को



कोई व्यक्ति या सरकार खुद को कानून से ऊपर मानने लगे तो यह गलत है : **योगी आदित्यनाथ**

विभाजित किया गया। मगर, आज यह नए भारत का नया यूपी है, जो देश की उभरती हुई अर्थव्यवस्था वाला प्रदेश है। यहां सर्वाधिक निवेश को धरातल पर उतारने का कार्य हुआ है। यूपी आज इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट की योजनाओं को सबसे तीव्रता के साथ आगे बढ़ाने वाला प्रदेश बन चुका है।

**■ दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी पर बोले मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री ने आश्वस्त किया कि लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश पिछली बार से बेहतर प्रदर्शन करेगा। उन्होंने बताया कि प्रदेश में उनकी सरकार का सात साल का कार्यकाल पूरा होने जा रहा है। तीन साल सरकार ने कोरोना जैसी वैश्विक महामारी का सामना किया। हमें चार वर्ष ही अपनी योजनाओं को प्रभावी ढंग से जमीनी धरातल पर उतारने का मौका मिला। इसके बावजूद हमें यूपी की जीडीपी को दोगुना करने में सफलता मिली। आज यूपी एक रेवेन्यू सरप्लस स्टेट बन चुका है। 2017 से पहले हमें अपने कर्मचारियों को तनख्वाह देने तक का पैसा नहीं होता था। कोई बड़ा बैंक हमें पैसा नहीं देता था। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी विकास की बात करती है, ध्रुवीकरण की राजनीति नहीं करती। हम लोकआस्था का सम्मान करते हैं। हम कर्फ्यू नहीं लगाते, कांवड़ यात्रा का मार्ग प्रशस्त करते हैं। प्रदेश में स्पिरिचुअल टूरिज्म में यूपी में बहुत संभावनाएं हैं। उन्होंने कहा कि वह जितनी बार अयोध्या, मथुरा और काशी गए हैं, उतना कोई भी मुख्यमंत्री नहीं गया। यही कारण है कि 2017 से पहले की अयोध्या और अब की अयोध्या में संभावनाओं के मामले में 100 गुना ज्यादा बढ़ोतरी हुई है। लाखों लोगों को रोजगार मिला है। सीएम ने बताया कि वो अपना चुनावी अभियान मथुरा में से करेंगे। पेपर लीक के मामले पर मुख्यमंत्री ने कहा कि इसमें सख्त कार्रवाई की गई है। जो युवाओं के जीवन के साथ खिलवाड़ करेगा, उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। वहीं आजम खां के मामले में सीएम ने कहा कि उनके कर्मों के कारण उन्हें न्यायालय से सजा मिली है। भारत की न्यायपालिका स्वतंत्र है। सीएम योगी ने सीएए के सवाल पर कहा कि भारत में मुस्लिमों की आबादी आजादी के बाद हिन्दुओं से कई गुना तेजी से बढ़ी है। मगर पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान में हिन्दू आबादी कई गुना घटी है। अगर भारत सरकार यहां जन्मी सभी उपासनाविधियों को मानने वाले शरणार्थियों को सीएए के माध्यम से भारत की नागरिकता दे रही है तो इसका स्वागत करना चाहिए था।

## बदायूं की घटना को वीभत्स : मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री ने बदायूं की घटना को वीभत्स बताया। उन्होंने कहा बुलडोजर अन्यायियों और अत्याचारियों के साथ साथ इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट के लिए चलता है। सीएम ने प्रदेश में हुए एनकाउंटर पर कहा कि पुलिस नियमानुसार अपना काम करती है। बेटी और व्यापारी को कोई भी परेशान करेगा तो कानून का राज स्थापित करने के लिए जो भी उपाय है वो किया जाएगा। योगी ने कहा कि कहा कि हम हिन्दू आस्था के साथ खिलवाड़ नहीं कर पाए, इसलिए शायद मुसलमानों के मन में जगह नहीं बना पाए। हिन्दुस्तान में हमें यहां की मूल आत्मा का सम्मान करना पड़ेगा। हिन्दू भारत की मूल आत्मा है। उसका अपमान नहीं किया जा सकता, जिसको गलतफहमी होगी कि हम इस भावना का अपमान करके राजनीति करेंगे, तो हम ऐसी राजनीति को ठोकर मारते हैं। हम देश की सुरक्षा और हिन्दु आस्था के सम्मान पर कोई समझौता नहीं कर सकते। ईश्वर की कृपा और जनता का आशीर्वाद हमारे साथ है।

# इंडिया गठबंधन पूरी मजबूती से चुनाव मैदान में : अखिलेश यादव

**लखनऊ,** 23 मार्च (देशबन्धु)। समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि इंडिया गठबंधन पूरी मजबूती से चुनाव मैदान में है। जनता भी चाहती थी कि समाजवादी पार्टी और कांग्रेस पार्टी का गठबंधन हो। समाजवादी पार्टी उसी दिशा में आगे बढ़ी। समाजवादियों की हमेशा कोशिश रही है सभी को साथ लेकर चलने की। गठबंधन बन गया है। लोकसभा चुनाव में भाजपा हारेगी। जनता भाजपा के घमंड का घड़ा फोड़ेगी। भाजपा देश में चार सौ सीटे हारेगी। शनिवार को एक वक्तव्य में अखिलेश यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी ने पीडीए का नारा दिया है। पीडीए को एकजुट किया है। हमने सबको पीडीए की छतरी के तहत जोड़ा है। पीडीए सामाजिक न्याय का नारा है। पीडीए के साथ बहुत अन्याय हुआ है। भेदभाव हुआ है। इसमें पिछड़े, दलित, अल्पसंख्यक, आदिवासी, आधी आबादी महिलाएं और पीड़ित दुखी अगड़े सब शामिल हैं। नौकरियों में आरक्षण नहीं दिया। मदरसा एक्ट खत्म कर दिया। आदिवासियों को उनका हक नहीं मिला। आधी आबादी महिलाएं असुरक्षित हैं। भाजपा की सरकारों में महिलाओं के साथ अपराध की घटनाएं बढ़ी है। उत्तर प्रदेश में समाजवादी सरकार के दौरान महिला सुरक्षा के लिए बहुत काम किए गए थे, भाजपा सरकार ने सब कुछ



लोकसभा चुनाव में भाजपा के घमंड का घड़ा फोड़ेगी जनता : **अखिलेश यादव**

बर्बाद कर दिया। प्रदेश में हर दिन महिलाओं के साथ जघन्य घटनाएं सामने आ रही है। सपा मुखिया ने कहा कि इलेक्टोरल बांड मामले में भाजपा की घंटी बज गयी है। भाजपा अब इससे ध्यान हटाने के लिए नेताओं को झूठे मामलों में फंसा रही है। भाजपा लोकतंत्र की हत्या कर रही है। महंगाई, बेरोजगारी, अन्याय, किसानों की समस्यायें, किसानों की एमएसपी, महिलाओं की सुरक्षा, इलेक्टोरल बांड में भाजपा की वसूली ये सब बड़े मुद्दे हैं। भाजपा इन मुद्दों का मुकाबला नहीं कर पा रही है। वह चुनाव हार चुकी है। इसीलिए लोकतांत्रिक तरीके से लड़ाई लड़ने के बजाय पार्टियों के खाते सीज कर रही है। विपक्ष की आवाज दबाई जा रही है।

**■ महिलाओं के साथ बढ़ते अपराधों को लेकर सरकार को घेरा**

## सार संक्षेप

### छात्राओं तथा शिक्षिकाओं ने खेली होली



**मवाना।** एएस इंटर कॉलेज मवाना में होली मिलन का कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें छात्राओं ने शिक्षिकाओं के साथ होली खेली। सभी को गुलाल लगाया। प्रधानाचार्य डॉक्टर मेघराज सिंह ने कक्षा 6 के हिंदी तथा अंग्रेजी माध्यम के छात्र-छात्राओं को गुलाल लगाया। साथ ही यह शपथ दिलाई कि वह अपने मम्मी पापा से अनुरोध करेंगे कि आने वाले 19 अप्रैल को अपने मताधिकार का प्रयोग आवश्यक रूप से करें। छात्राओं ने होली के गानों पर शिक्षिकाओं के साथ डांस किया। शिक्षिकाओं तथा छात्राओं ने बताया कि उन्हें प्रधानाचार्य एवं प्रबंधन तंत्र के द्वारा बहुत अच्छा माहौल हर त्योहार को मनाने के लिए दिया जाता है। इस कारण हम अपने विद्यालय के पलों को कभी नहीं भूल पाएंगे। उधर मवाना रोड स्थित कृष्णा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस में होली महोत्सव मनाया गया। संस्थान के सभी शिक्षकों व छात्र-छात्राओं ने एक दूसरे को रंग लगाया। संस्थान के अध्यक्ष विजय राज काकरान ने भगत सिंह की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किये। छात्र-छात्राओं ने अनेक प्रकार के रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। अनेक प्रकार की खेल प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया।

### कल बंद रहेंगे समस्त अनुज्ञापन

**मेरठ।** जिला मजिस्ट्रेट मेरठ दीपक मीणा ने बताया कि संयुक्त प्रांत आबकारी अधिनियम 1910 की धारा-59 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए वर्ष 2024 में होली के पर्व के अवसर पर लोकहित में शांति व्यवस्था कायम रखने की दृष्टि से दिनांक 25 मार्च (रंग वाले दिन दुल्हैंडी) को जनपद स्थित देशी शराब, विदेशी मदिरा, बीयर, माडल शाप, भांग व स्प्रिट आदि के थोक फुटकर बिक्री के समस्त अनुज्ञापन संपूर्ण दिवस बंद रखे जाएंगे। इसके अतिरिक्त उक्त अवधि में शराब बेचने वाले संस्थान आसवनियों यवासवनियों में आने जाने वाले परेषणों पर पूर्णतः रोक रहेगी। उक्त बंदी के लिए अनुज्ञापी किसी प्रकार के प्रतिकर या भुगतान के दावे का हकदार नहीं होगा।

### भगत सिंह-सुखदेव-राजगुरू की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण

**मेरठ।** भारत माता के वीर सपूतों 'भगत सिंह-सुखदेव-राजगुरू बलिदान दिवस' के अवसर पर चौधरी चरण सिंह विवि की साहित्यिक-सांस्कृतिक परिषद् के तत्तवावधान में विश्वविद्यालय परिसर के मुख्यद्वार स्थित 'भगत सिंह-सुखदेव-राजगुरू की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण किया गया। इसमें साहित्यिक-सांस्कृतिक परिषद् के अध्यक्ष प्रो. विघ्नेश कुमार, समन्वयक प्रो. नीलू जैन गुप्ता, डॉ. जितेन्द्र गोयल, सर्वोत्तम शर्मा, आशुतोष दीक्षित, संजीब, विजेन्द्र, विजय कुमार, उत्तम नेगी, अवधेश त्यागी, अनिल, रमेश तथा विश्वविद्यालय परिसर के समस्त शिक्षकगण, अधिकारीगण, एवं कर्मचारीगण परिषद् स्टॉफ दीपक त्यागी आदि उपस्थित रहे।

**सूचना**

मैंने अपना नाम मौहम्मद आबिद से बदलकर आबिद अली रख लिया है। भविष्य में मुझे आबिद अली के नाम से ही जाना व पहचाना जाए।

**-आबिद अली पुत्र अब्दुल जब्बार, हाउस नंबर-98, गली नं.-03, केले वाली गली, शकूर नगर, मेरठ।**

# गुर्दा प्रत्यारोपण कर जनमानस को लाभ पहुंचा रहा सुभारती

**मेरठ,** 23 मार्च (देशबन्धु)। गुर्दा प्रत्यारोपण में आने वाले लाखों के खर्च को छत्रपति शिवाजी सुभारती अस्पताल ने कम करते हुए आधुनिक तकनीक के साथ बेहद कम दाम में करके मरीज को जीवनदान दिया है। साथ ही इलाज के खर्च को कम करने के बावजूद इलाज की गुणवत्ता और ऑपरेशन के मानक मुम्बई-दिल्ली के बड़े अन्य महंगे अस्पतालों के जितने ही अच्छे है। इस विषय पर प्रेस वार्ता का



आयोजन किया गया। जिसमें सुभारती अस्पताल के चिकित्सा उपाधीक्षक डॉ.कृष्णा मूर्ति, नेफ्रोलॉजिस्ट डॉ. आनन्द, नेफ्रोलॉजिस्ट डॉ. उमा किशोर, ट्रांसप्लांट सर्जन डॉ. सुरजीत, नेफ्रोलॉजिस्ट डॉ. दीपक जैन, चिकित्सा अधीक्षक डॉ. एचएस मिन्हास ने मीडिया को सम्बोधित करते हुए गुर्दा प्रत्यारोपण (रीनल ट्रांसप्लांट) के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर नेफ्रोलॉजिस्ट डॉ. आनन्द, नेफ्रोलॉजिस्ट डॉ. उमा किशोर, ट्रांसप्लांट सर्जन डॉ. सुरजीत, नेफ्रोलॉजिस्ट डॉ. दीपक जैन, चिकित्सा अधीक्षक डॉ. एचएस मिन्हास ने सुभारती अस्पताल द्वारा उच्च गुणवत्ता युक्त किए जा रहे गुर्दा प्रत्यारोपण (रीनल ट्रांसप्लांट) के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की। अंत में मीडिया प्रभारी अनम शेरवानी ने सभी मीडिया कर्मियों का आभार व्यक्त किया।

# मवाना मिल ने किसानों के बैंक खातों में भेजा 78.12 करोड़ गन्ना मूल्य

**मवाना,** 23 मार्च (देशबन्धु)। मवाना चीनी मिल ने चालू पेराई सत्र 2023-24 में 6 मार्च 2024 तक खरीदे गए गन्ने का भुगतान 78.12 करोड़ रुपए सम्बंधित गन्ना समितियों को भेज दिया गया है। गन्ना समितियों ने यह गन्ना मूल्य कृषकों के बैंक खातों में भेज दिया है। मवाना मिल ने इस पेराई सत्र में अभी तक 507.86 करोड़ रुपए गन्ना मूल्य भुगतान कर दिया है। मिल प्रबन्धन ने पर्यावरण संरक्षण एवं अस्वीकृत गन्ना प्रजातियों की बुवाई नहीं करने के बारे में किसानों को जागरूक किया है। मवाना चीनी मिल के वरिष्ठ महाप्रबन्धक (गन्ना एवं प्रशासन) प्रमोद बालियान ने बताया कि पेराई सत्र 2023-24 में 17 फरवरी से 6 मार्च 2024 तक खरीदे गए गन्ने का भुगतान 78.12 करोड़ रुपये समस्त गन्ना समितियों को भेज दिया गया है। मवाना चीनी मिल ने 22 मार्च 2024 तक 155.07 लाख कुंतल गन्ने की खरीद की है। मवाना चीनी मिल द्वारा गन्ना आयुक्त द्वारा आबंटित सभी क्रय केंद्रों का सफलतापूर्वक संचालन किया जा रहा है। पर्यावरण सुरक्षा कार्यक्रम के तहत प्राण वायु को

**■ अस्वीकृत गन्ना प्रजातियों की बुवाई न करने के बारे में किसानों को किया जागरूक**

शुद्ध बनाए रखने के लिये ग्राम बैठक व अन्य प्रचार माध्यमों से कृषकों को गन्ने की पत्तियों को खेत में नहीं जलाने के बारे में जागरूक किया जा रहा है। इसके साथ साथ गन्ना विकास कार्य के अन्तर्गत विभिन्न प्रचार प्रसार के माध्यम जैसे वॉल पेटिंग, एसएमएस, पम्पलेट एवं ग्राम बैठके कर कृषकों को गन्ना प्रजाति को. 0238 के लाल सड़न रोग से ग्रसित होने के बारे में जानकारी दी जा रही है। उन्होंने बताया कि आगामी बसंतकालीन गन्ना बुवाई में को. 0238 के स्थान पर नई उन्नतशील गन्ना प्रजातियॉ जैसे को.-0118 व को.-15023, इत्यादि की बुवाई करने के लिए किसानों को जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने सभी किसान भाईयों से साफ, ताजा, जड़ पत्ती अगोला, डूंडा एवं हरा जूना रहित गन्ना ही चीनी मिल को आपूर्ति करने की अपील की है।

# होली पर उपभोक्ताओं को मिलेगी निर्बाध बिजली : ईशा दुहन

**मेरठ,** 23 मार्च (देशबन्धु)। प्रबन्ध निदेशक ईशा दुहन ने होली उत्सव पर सभी सम्मानित उपभोक्ताओं को शुभकामनाएं दी है उन्होंने कहा है कि होली के शुभ अवसर पर सभी उपभोक्ताओं को सुचारू रूप से निर्बाध विद्युत आपूर्ति की जाएगी। प्रबन्ध निदेशक ने कहा है कि 23 मार्च की शाम 6 बजे से 26 मार्च की सुबह 7 बजे तक सभी सम्मानित उपभोक्ताओं को सुचारू रूप से निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने समस्त 14 जनपदों के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि किसी भी प्रकार का ब्रेकडाउन या विद्युत आपूर्ति में व्यवधान की सूचना प्राप्त होने पर तत्काल निस्तारण किया जाए। प्रबन्ध निदेशक ने अवर अभियन्ता, उपखण्ड अधिकारियों को बिजलीघर पर उपस्थित रहने तथा ब्रेकडाउन इत्यादि होने पर शीघ्र से शीघ्र ब्रेकडाउन अटेन्ड कर, विद्युत आपूर्ति बहाल करने के निर्देश दिए हैं। प्रबन्ध निदेशक ने निर्देश दिए हैं कि विद्युत हेल्पलाईन नं. 1912 या किसी अन्य माध्यम से प्राप्त विद्युत आपूर्ति सम्बन्धित शिकायतों पर तत्काल निस्तारण सुनिश्चित कराया जाये।

# भविष्य मिशन को गतिविधियों में लाई जाए और तेजी : मुनीश कुमार



**■ महामना मालवीय मिशन का होली मिलन समारोह आयोजित**

**मेरठ,** 23 मार्च (देशबन्धु)। महामना मालवीय मिशन द्वारा शिव पार्वती मन्दिर परिसर के पारिवारिक होली मिलन का भव्य आयोजन किया गया, जिसमे लगभग 50 आजीवन सदस्यों व उनके परिवारजनों ने भाग लेकर भव्य कार्यक्रम आनंद उठाया। महामना मिशन के अध्यक्ष मुनीश कुमार ने सभी सदस्यों का अभिनंदन कर धन्यवाद किया और अपने सम्बोधन से सदस्यों द्वारा समय-समय पर किए गए सामाजिक कार्यों हेतु जो सेवाभाव दर्शाया है उसके लिए उन्होंने सभी सदस्यों का धन्यवाद अदा किया और आह्वान किया कि भविष्य मिशन को गतिविधियों में और तेजी लाई जाए और महामना मालवीय जी के मूल्यों व आदर्शों के प्रचार-प्रसार हेतू तन मन धन से समर्पित है। इस अवसर पर अन्य उनके साथ वरिष्ठ सदस्य ई. सतीश चन्द्र ने गत दिनो में बने नए आजीवन सदस्य डा गौरव मित्तल, डा. चन्दन राय, डा. आशा विष्ठ को बुके देकर स्वागत किया। ई. मुनीश कुमार द्वारा सभी उपस्थित कार्यकारिणी सदस्य का भी जयगोपाल गुप्ता कोषाध्यक्ष, डा. पीके मित्तल, आर के अग्रवाल, वीरेन्द्र शर्मा व मुकुल रस्तोगी का इस कार्यक्रम को भव्य बनाने हेतु धन्यवाद दिया। कार्यक्रम में जहां एक तरफराधा कृष्ण झांकियां का कार्यक्रम हुआ वह दूसरी तरफ सदस्यों ने भी भाग लिया।

# वरिष्ठ अधिवक्ताओं को किया सम्मानित

**मवाना,** 23 मार्च (देशबन्धु)। मवाना सिविल बार एसोसिएशन का होली मिलन कार्यक्रम बार हाल में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ अधिवक्ता रघुवंश बैंसला ने की और संचालन महम पाल सिंह एडवोकेट ने किया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम वरिष्ठ अधिवक्ताओं को टोपी पहनकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में आदेश शर्मा एडवोकेट ने कहा कि होली का पर्व भाईचारे का पर्व है। मवाना के अधिवक्ता भाईचारे की मिसाल है। कार्यक्रम में सिविल बार के अध्यक्ष श्याम सिंह, महामंत्री प्रमोद कुमार शर्मा, पूर्व अध्यक्ष राजेंद्र तोमर, मवाना बार के पूर्व अध्यक्ष लेखराज सचदेवा, कुंवर पंकज नागर, आशीष गुप्ता एडवोकेट, सुरेंद्र एडवोकेट, अशोक नागर, समीर त्यागी आदि ने भी विचार रखें। इसके बाद डीजे की धुन पर अधिवक्ताओं ने होली में प्राकृतिक रंगों का उपयोग किया।

# उत्सव मडंप में मनाया गया मौन मुखर महोत्सव

**मवाना,** 23 मार्च (देशबन्धु)। सामाजिक साहित्यिक पत्रिका मौन मुखर के तत्वावधान में शनिवार को देर रात मौन मुखर महोत्सव मनाया गया। इसमें एक विराट कवि सम्मेलन का आयोजन हुआ। कवि सम्मेलन में दूरदराज से आए कवियों ने काव्य पाठ किया। मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख डॉ. योगेश प्रधान रहे। अध्यक्षता डॉक्टर अजयवीर गर्ग ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में मनोज कुमार, संजय मेहता, विश्वास सिंह, मनोज कंसल रहे। शुभारंभ इंजीनियर देवेंद्र पंवार, जगदीश त्यागी और चंदन सिंह चौहान ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। मां शारदे और शहीद शिरोमणि सरदार भगत सिंह के चित्रों के सम्मुख दीप प्रज्जलन अनुराग दुबलिश, डॉक्टर शक्तिसाहनी ने किया। कार्यक्रम सरदार भगत सिंह के बलिदान दिवस की पूर्व संध्या पर उत्सव



**कुर्सी घोटालों और माइक में अटकी इनकी जान है**

मंडप में हुआ। कार्यक्रम संयोजक व गीतकार संजीव भ्रमर ने सरस्वती वंदना करते हुए कहा कि एक वरदान दे दे अभय का दान दे दे, झुके न विश्व के आगे वो हिंदुस्तान दे दे।

मथुरा से पधारे ओज के प्रसिद्ध कवि मनवीर मधुर ने कहा जोश अधिक होगा उतना ही जितनी विषम घड़ी होगी, आजादी की चाहत वाली हिम्मत बहुत बड़ी होगी। कवि सतपाल सत्यम ने कहा कि हवाई दक्षिणपंथी हैं बहने वाले को प्यार देती है, ईश्वर अल्लाह प्राकृति दुर्बल को मार देती है।

**आयोजन** | *तिलक पत्रकारिता एवं जनसंचार स्कूल में राष्ट्रीय संगोष्ठी का हुआ आयोजन*

# वर्तमान समय में राष्ट्रीय उत्थान में मीडिया की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण

**मेरठ,** 23 मार्च (देशबन्धु)। तिलक पत्रकारिता एवं जनसंचार स्कूल में 'इंडियन नॉलेज सिस्टम एंड मीडिया' विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। जैसा कि विदित है कि भारतीय ज्ञान परम्परा का गौरवशाली इतिहास और विकास रहा है। कतिपय कारणों से कहें या सैकड़ों-हजारों वर्षों की पराधीनता ने भारतीय मूल्यों और शिक्षा को महत्व न देते हुए पाश्चात्य संचार के सिद्धान्तों और व्यवस्था के महत्व को बताते हुए उसे भारतीय ज्ञान पद्धति के स्थान पर प्रतिपादित करने का प्रयास किया।

**■ भारतीय ज्ञान परम्परा व मीडिया विषय पर हुई चर्चा**

जैसा कि हम सभी को ज्ञात है कि संचार समाज, राष्ट्र और संस्कृति का आधार है सामाजिक-राष्ट्रीय और सांस्कृतिक एकीकरण संचार के अभाव में असम्भव है। प्राचीन काल में वर्तमान समय की तकनीकी न होने के बावजूद संचार की प्रभाविकता के महत्व को नकारा नहीं जा सकता। सम्पूर्ण भारत में भौगोलिक और भाषायी विविधता के होते हुए भी धार्मिक और सांस्कृतिक एकता इसी प्रभावी संचार का ही सफल परिणाम थी। अमरनाथ, बद्रीनाथ, केदारनाथ, सोमनाथ, जगन्नाथ, रामेश्वरम आदि भारत की इसी संचार व्यवस्था के द्योतक कहे जा सकते हैं। वर्तमान समय में समाजिक विकास और राष्ट्रीय



उत्थान में मीडिया की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। भारतीय ज्ञान परम्परा (इंडियन नॉलेज सिस्टम) को जनमानस तक पहुंचाने में 'मीडिया' एक सशक्त माध्यम है। मीडिया के माध्यम से ही हम अपने महान ग्रन्थों, मूल्यों और परम्पराओं से अवगत होते हैं। वेद, उपनिषद्, पुराण, महाकाव्यों और ऐतिहासिक तथ्यों का ज्ञान मीडिया के माध्यम से आम जन तक सरलतम रूप में उपलब्ध होता है। नब्बे के दशक में दूरदर्शन पर प्रसारित होने वाले रामायण और महाभारत धारावाहिकों ने जिस तरह से भारतीय जनमानस पर भारत के प्राचीन ज्ञान और मूल्यों की अमिट छाप छोड़ी थी वह अद्वितीय है। नवमाध्यम (न्यू मीडिया) भी भारतीय ज्ञान को नए डिजिटल रूप में हम सभी के मध्य प्रचारित और प्रसारित कर रहा है। वेद, पुराण और महाकाव्य का डिजिटल संस्करण सभी के लिए उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त सभी भारतीय भाषाओं में भी इनके अनुवाद भी इंटरनेट पर पढ़े और सुने जा सकते हैं। संगीत और नृत्य जैसी प्रभावी संचार प्रणाली को भी मीडिया के माध्यम से ही प्रचारित और प्रसारित किया जा सकता है और मीडिया इसमें अग्रणी भूमिका का निर्वहन कर रहा है। हम इंटरनेट पर रामायण और महाभारत जैसे महाकाव्यों के संस्करण आज भी देख सकते हैं। इस राष्ट्रीय संगोष्ठी में वेद, उपनिषद, पुराण और मीडिया पर चर्चा होने के साथ ही भगवद्गीता और संचार, भारतीय महाकाव्य और संचार, श्रुति परम्परा और जनमाध्यम, सम्पूर्ण प्रभावी संचार की अभिव्यक्तिः भरत मुनि का नाट्यशास्त्र, भारतीय संत परम्परा और आध्यात्मिक संचार जैसे अन्य महत्पूर्ण विषयों पर भी अनुभवी और विद्वान विशेषज्ञ अपने विचार प्रकट करेंगें साथ ही शोधार्थी और शिक्षक अपने शोध पत्रों का भी प्रस्तुतीकरण करेंगें। इस संगोष्ठी में विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. संगीता शुक्ला, कलासंकाध्यक्ष प्रो. संजीव शर्मा, माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय, भोपाल के कुलपति प्रो. के जी सुरेश, गौतम बुद्ध विवि, ग्रेटर नोएडा की डीन प्रो. बन्दना पाण्डेय, जेसी बोस विश्वविद्यालय, फरीदाबाद से प्रो. पवन मलिक, जम्मू-कश्मीर अध्ययन केन्द्र के निदेशक आशुतोष भटनागर, जवाहर लाल नेहरू विवि से प्रो. मनुकोण्डा, संस्कृत विभाग के अध्यक्ष प्रो. वाचस्पति मिश्र सहित देश के अन्य विद्वानों के जुड़ने की भी सम्भावना है।

# दुनिया रंग-बिरंगी

## विशाल भारद्वाज की फिल्म में काम करेंगे कार्तिक आर्यन

**मुंबई।** बॉलीवुड के जानेमाने अभिनेता कार्तिक आर्यन, फिल्मकार विशाल भारद्वाज की थ्रिलर फिल्म में काम करते नजर आ सकते हैं। बॉलीवुड में चर्चा है कि कार्तिक आर्यन ने विशाल भारद्वाज के साथ एक थ्रिलर फिल्म को लेकर बातचीत की है। यह एक थ्रिलर फिल्म होगी। इस फिल्म कार्तिक आर्यन और विशाल भारद्वाज मिलकर प्रोड्यूस कर रहे हैं। इस फिल्म के वर्ष 2024 की छमाही में फ्लोर पर जाने की उम्मीद है। कार्तिक आर्यन और विशाल भारद्वाज इस थ्रिलर फिल्म पर काम कर रहे हैं। कहा जा रहा है कि कार्तिक आर्यन की यह फिल्म वर्ष 2025 में सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

रंगों का त्योहार होली पर बुंदेलखंड में विशेष धूम



# फाग गीतों की बही रसधार

■ साहित्य में श्रृंगार रस में की लाजवाब अनुभूति ■ फाग की धुनों पर झूमते-नाचते नजर आए लोग

**महोबा,** 23 मार्च (एजेंसियां)। रंगो के त्योहार होली पर देश भर की तरह बुंदेलखंड में भी विशेष धूम रहती है। इस क्षेत्र में होली की छटा कुछ और ही निराली नजर आती है और इस त्योहार के हर्षोल्लास में अपना एक अलग ही रसरंग बिखेरता है यहां गाया जाने वाला लोकगीत 'फाग'। बुंदेलखंड में फागुन में गांवों की चौपालें रसभरी फागों से गुलजार रहतीं हैं। लोग फाग की धुनो पर झूमते-नाचते नजर आते है। लोक काव्य फाग के अनूठे रंग यहां होली की मस्ती को दोगुना कर देते हैं।

होली के विविध रंगो में बुंदेलखंड की होली का कहीं कोई सानी नही है। सर्दी के मौसम की बिदाई के उपरान्त जब धूप सुर्ख होने लगती है, पतझड़ के बाद नई कोपलों से पेड़ों का श्रृंगार होता है और ऋतुराज बसंत फिजाओं में मादकता भरते हैं तब विंध्ययांचल फाग के आनंद और उल्लास में सराबोर होने लगता है। फसल की कटाई, मड़ाई और उसे घर पहुंचाने के दिन भर के काम को निबटा कर गांवों में लोग शाम के वक्त जब घर वापस लोटते है तो दैनिक कार्यों से निपटते ही उनका मन मयूर भी मस्ती के लिए मचल उठता है, तब गांव की चौपलें गुलजार हो उठती है। इसके साथ ही हारमोनियम की तान, ढोलक की थाप और झांझ मंजीरा के साथ ज़ब फाग के स्वर गूंजते है तो इसके आकर्षण में लोग दूर-दूर से खिंचे चले आते हैं। फाग का रस बरसते ही लोग सुध-बुध खो बैठते है ओर फिर रात कब गहराई उन्हें इसका एहसास ही नहीं रहता। बुंदेलखंड में फाग लोक काव्य है, यह



चोकड़िया छंद गीत की अद्भुत रचना है जो गागर में सागर भरने जैसी है। बुंदेली फाग में सामाजिक चेतना का पाठ है तो साहित्य में श्रृंगार रस में की लाज़वाब अनुभूति, रसिक जन फाग के प्रत्येक शब्द में डूब कर उसके रस का आनंद लेते है, यही वजह है की चौपाल में फाग शुरू होते ही स्त्री व् पुरुष घरों की चहरदीवारी से बाहर निकल इसके रासस्वादन को उमड़ पड़ते हैं।

बुन्देलखंडी फाग के प्रमुख रचनाकारो में ईसुरी, गंगाधर ब्यास, ख्यालीराम आदि हैं, इनमें ईसुरी की फागें सर्वाधिक लोकप्रिय और जन जन के कंठ में रची बसी है। लोक कवि ईसुरी की फागों में श्रृंगार रस की अनूठी अभिब्यक्ति है तो सामाजिक बुराईयों व कुरूतियों पर कठोरता से प्रहार किया गया है। उन्होंने लोगो को प्रेम, सदभाव, समरसता और एकजुटता का मंत्र भी दिया है।

जगनिक शोध संस्थान के सचिव डॉ. वीरेंद्र निरझर बताते है कि ईसुरी की फागें काव्य ओर शब्द विन्यास की दृष्टि से बेजोड़ हैं। आशु कवि ईसुरी का जन्म महोबा जिले कि कुलपहाड़ तहसील में अजनर क्षेत्र के बघोरा गांव में हुआ था।

### सनातन धर्म में रंगो का विशेष महत्व है : गिरी

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश किन्नर अखाड़े की अध्यक्ष महामंडलेश्वर कौशल्या नंद गिरी (टीना मां) ने कहा कि सनातन धर्म में रंगों का विशेष महत्व होता है। उत्तर प्रदेश किन्नर कल्याण बोर्ड की वरिष्ठ सदस्य कौशल्या नंद गिरी ने शनिवार को कहा कि यदि हम होली की बात करते हैं तो यह रंगो का त्यौहार है। मानव जीवन में भी रंगों का विशेष महत्व होता है। जीवन रंगों के बिना अधूरा है। जीवन को खुशनुमा बनाने के लिए कई प्रकार के रंगों की आवश्यकता पड़ती है। यही रंग हमारी इंद्रियों को आकर्षित करने के साथ हमारे विचारों और भावनाओं को भी प्रभावित करते हैं। रंगों का त्यौहार होली अपने साथ ऐसे तमाम रंगों को लेकर आता है जिनमें से हर रंग कुछ न कुछ कहता प्रतीत होता है। महामंडलेश्वर ने कहा कि पूजा के स्थान पर रंगोली बनाना कलाधर्मिता के साथ रंगों के मनोविज्ञान को भी प्रदर्शित करता है। कुंकुम, हल्दी, अबीर, गुलाल, मेंहदी के रूप में पांच रंग हर पूजा में शामिल हैं।

# विश्व भालू दिवस : आगरा स्थित केंद्र में शान से रह रहे 100 भालू

**आगरा,** मार्च 23 (एजेंसियां)। पूरी दुनिया में हर साल की तरह इस साल भी 23 मार्च को विश्व भालू दिवस मनाया जा रहा है। यह दिन दुनिया भर में भालुओं के प्रति जागरूकता और सराहना बढ़ाने के लिए समर्पित है। आगरा स्थित विश्व के सबसे बड़े संरक्षित भालू केंद्र में 100 भालू चैन और आनंद की जिंदगी बसर कर रहे हैं। 20 साल पहले इनकी संख्या 500 से ज्यादा होती थी।

वन्यजीव संरक्षण संस्था, वाइल्डलाइफ एसओएस के आगरा भालू संरक्षण केंद्र में पुनर्वासित स्लॉथ भालूओं को प्यार और देखभाल प्रदान करने के लिए संस्था की समर्पित टीम अपना कार्य जारी रखे हुए है। ताज सिटी में सूर सरोवर क्षेत्र में स्थापित ये विश्व स्तर पर सबसे बड़ा स्लॉथ भालुओं के लिए बचाव और पुनर्वास केंद्र है। 1995 में स्थापित वाइल्डलाइफ एसओएस, पर्यटकों के मनोरंजन के लिए सड़कों पर भालूओं को नचाने की क्रूर और बर्बर प्रथा को खत्म करने के लिए जानी जाती है। 'कलंदर' नाम से जानी जाने वाली यह जनजाति भालू के बच्चों को शिकारियों से खरीदकर इनका शोषण करती थी। यह भालुओं पर भयानक क्रूरता करती थी, जिसमें उनकी नाजुक थूथन को गर्म लोहे के नुकीली रॉड से छेदना और उन्हें पैसे कमाने के लिए प्रदर्शन करने के लिए मजबूर करना शामिल था।

**ताज सिटी में सूर सरोवर क्षेत्र में स्थापित स्लॉथ भालुओं के लिए बचाव व पुनर्वास केंद्र**



यह प्रथा न केवल अमानवीय थी बल्कि वन्यजीव संरक्षण अधिनियम 1972 के तहत अवैध भी थी। इन वर्षों में वाइल्डलाइफ एसओएस ने 628 स्लॉथ भालूओं को इस तरह के शोषण से बचाया है। जिसमे आखिरी भालू को 2009 में सड़कों पर तमाशा दिखाने से बचाया गया था। संस्था पूरे भारत में चार स्लॉथ भालू बचाव और पुनर्वास केंद्र संचालित करती है, जिसमें आगरा भालू संरक्षण केंद्र अपनी तरह का सबसे बड़ा है। वर्तमान में, आगरा भालू संरक्षण केंद्र लगभग 100 बचाए गए डांसिंग स्लॉथ भालूओं का घर है, जो उन्हें अपने दर्दनाक अतीत से उबरने के लिए एक सुरक्षित आश्रय प्रदान करता है। भालुओं को समर्पित पशु चिकित्सकों और पशु देखभाल कर्मचारियों से विशेष देखभाल मिलती है। वाइल्डलाइफ एसओएस के सह-संस्थापक और सीईओ कार्तिक सत्यनारायण ने कहा कि आगरा भालू संरक्षण केंद्र में प्रत्येक दिन की शुरुआत दलिया के पौष्टिक भोजन के साथ होती है। इसके बाद उन्हें फल और शाम को फिर से दलिया परोसा जाता है। उनके शरीर और दिमाग को तीव्र रखने के लिए, भालूओं को उनके जंगली बाड़ों में विभिन्न एनरिचमेंट प्रदान किए जाते हैं, जिससे उनके जीवन की गुणवत्ता को बढ़ाने के लिए प्राकृतिक व्यवहार को बढ़ावा मिलता है।

वाइल्डलाइफ एसओएस के डायरेक्टर कंजरवेशन प्रोजेक्ट्स बैजूराज एम.वी. ने कहा कि आहार संबंधी देखभाल के अलावा, भालुओं को उनके समग्र स्वास्थ्य और शक्ति के लिए मल्टीविटामिन और लिवर टॉनिक भी दी जाती है। इन व्यापक प्रयासों के माध्यम से वाइल्डलाइफ एसओएस का लक्ष्य इन भालुओं को शोषण और पीड़ा से मुक्त होकर जीवन का दूसरा मौका देना है।

# विश्व जल दिवस के उपलक्ष्य में भव्य यमुना महोत्सव का आयोजन किया

नई दिल्ली 23 मार्च (एजेंसियां)। विश्व जल दिवस के उपलक्ष्य में डीसेलेस्टियल कनेक्ट ने श्री यमुना सेवा समिति और सोपोरी एकेडमी



(एसवाईएसएस) के सहयोग से यमुना महोत्सव 2023-24 का आयोजन किया। इस भव्य आयोजन का उद्देश्य यमुना नदी की स्वच्छता को बहाल करने और बनाए रखने की आवश्यकता के बारे में जागरूकता को बढ़ावा देना था, जो 22 मार्च, 2024 को यमुना आरती घाट, ढाई पुस्ता, सोनिया विहार, दिल्ली में हुआ। सुगम्य फाउंडेशन, मंगलम फिल्म्स और यमुना संसद द्वारा समर्थित, महोत्सव ने सभी उपस्थित लोगों के लिए एक समृद्ध सांस्कृतिक और शैक्षिक अनुभव होने का वादा पूरा किया। इसमें यमुना नदी के संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डालने वाली विभिन्न गतिविधियाँ और प्रदर्शन प्रस्तुत किए गए। विकास सिंह, सुगम्य फाउंडेशन के सह-संस्थापक ने इस पहल के लिए अपना समर्थन व्यक्त करते हुए कहा, हमारी नदियों की स्वच्छता सुनिश्चित करना हमारे समुदायों और पारिस्थिति की तंत्र की भलाई के लिए महत्वपूर्ण है। ब्रज मोहन सिंह, सुगम्य फाउंडेशन के सह-संस्थापक और निदेशक ने यमुना नदी जैसे प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण में सामूहिक प्रयासों के महत्व पर जोर देते हुए, इस भावना को दोहराया। मंगलम फिल्म्स के निर्माता दिनेश मंगल ने जागरूकता बढ़ाने और सकारात्मक बदलाव लाने में फिल्मों की शक्ति पर जोर देते हुए कहा हमें अपनी फिल्म निर्माण के माध्यम से इस नेक काम का समर्थन करने पर गर्व है।

# कम उम्र में ही त्वचा की देखभाल करना बेहद जरूरी : हिना खान



**मुंबई,** 23 मार्च (एजेंसियां)। टीवी शो 'ये रिश्ता क्या कहलाता हैं' में अक्षरा के किरदार से फेम पाने वाली एक्ट्रेस हिना खान ने युवा पीढ़ी को त्वचा की देखभाल करने की सलाह दी है। एक्ट्रेस ने कहा कि कम उम्र में अपनी त्वचा की देखभाल करना बहुत जरूरी है। 'बिग बॉस 11' की प्रतियोगी हिना को अक्सर सोशल मीडिया पर अपने प्रशंसकों के साथ अपने वर्कआउट रूटीन और स्किनकेयर टिप्स शेयर करते हुए देखा जाता है Kहाल ही में मुंबई में काया के नए क्लिनिक के लॉन्च पर हिना ने कहा कि मेरा मानना है कि कम उम्र में, खासकर 20 साल की उम्र में अपनी त्वचा की देखभाल करना महत्वपूर्ण है। जिन्होंने ऐसा नहीं किया है, उन्हें मैं बताना चाहती हूं कि मैंने 30 वर्ष के बाद ही इसकी शुरुआत की। हिना ने कहा कि मैं कई डॉक्टरों से मिली हूं और उन्होंने न केवल 20 साल की उम्र में, बल्कि 18 साल की उम्र में ही त्वचा की देखभाल शुरू करने की सलाह दी। मुंहासे और दाग-धब्बों से जूझ रहे लोगों के लिए, 18 या उससे अधिक उम्र में अपनी त्वचा की देखभाल शुरू करना आवश्यक है। इसलिए मेरी सलाह है कि सही समय पर इसकी शुरूआत कर दें, आपको खुद ही परिणाम दिख जाएंगे। हिना अगली बार अंग्रेजी और हिंदी द्विभाषी फिल्म 'कंट्री ऑफ ब्लाइंड' में नजर आएंगी।

# पुराछात्र मिलन समारोह में छात्रों ने अपने अनुभव को किया साझा

**ग्रेटर नोएडा,** 23 मार्च (देशबन्धु)। गलगोटियास विवि में पुराछात्र मिलन-2024 को गलगोटियास विश्वविद्यालय कैंपस में सफलतापूर्वक आयोजित किया गया, जिसमें कुल 884 अलुमनाई छात्रों ने मीट के लिए पंजीकरण किया, जिनमें 562 प्रतिभागियों ने अपने माता-पिता और परिवार के सदस्यों के साथ कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस आयोजन में विश्वविद्यालय के वॉइस चॉसलर प्रो. डॉ. के. एम. बाबू, पूर्व वाइस चांसलर और चांसलर के सलाहकार, प्रो. डॉ. रेणु लूथरा, प्रो. वॉइस चॉसलर डॉ. अवधेश कुमार, अलुमनाई कार्यक्रम के डीन



प्रो. डॉ. अजय शंकर सिंह, छात्र कल्याण के डीन प्रो. डॉ. ए.के. जैन, विभिन्न स्कूलों के डीन, फैकल्टी अलुमनाई समन्वयक, और प्रमुख अलुमनाई शामिल थे, जिन्होंने अलुमनी मीट का उद्घाटन सरस्वती वन्दना और दीप प्रज्वलन के साथ किया। गलगोटियास छात्र संघ ने अलुमनी को आनंदित करने के लिए कई सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया और उन्हें गलगोटियास कैंपस पर अपने पुराने अनुभवों को याद करने में मदद की। इस कार्यक्रम की इस सभा ने बैचमैटस शिक्षकों, सीनियर्स, जूनियर्स, और सभी सह-अलुमनाई के साथ एक दूसरे के साथ फिर से जुड़ने का एक उत्कृष्ट अवसर प्रदान किया। सीईओ डॉ. ध्रुव गलगोटिया और विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार डॉ. नितिन गौड का कार्यक्रम की संयोजक समिति ने हृदय से धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

# तस्वा ने नोएडा में अपना दूसरा एक्सक्लूसिव ब्राण्ड आउटलेट खोला

नोएडा 23 मार्च (एजेंसियां)। तस्वा, आदित्य बिरला फैशन एण्ड रिटेल लि. और मशहूर डिजाइनर तरुण तहिलियानी के भारतीय मेन्सवियर ब्राण्ड तस्वा ने नोएडा में अपने दूसरे स्टोर का उद्घाटन किया है। यह स्टोर गौड़ सिटी मॉल में स्थित है। यह विस्तार अपने ग्राहकों को फैशन और लाइफस्टाइल के बेजोड़ विकल्प देने के लिये तस्वा की स्थायी प्रतिबद्धता दिखाता है।




नोएडा के भीड़भाड़ वाले गौड़ सिटी मॉल में महत्वपूर्ण रूप से स्थित नया तस्वा स्टोर शहर और उसके आस-पास के इलाकों के समझदार ग्राहकों को अपनी सेवा देगा। नये स्टोर के शुभारंभ पर अपने विचार रखते हुए, तस्वा के चीफ डिजाइन ऑफिसर तरुण तहिलियानी ने कहा, ''तस्वा लंबे वक्त से मेरा सपना था, जोकि आदित्य बिरला फैशन एण्ड रिटेल के जरिये संभव हुआ है। यह नाम ही किसी के सबसे बढ़िया स्वरूप को व्यक्त करता है और हमने अपने ब्राण्ड को ऐसा बनाने में कड़ी मेहनत की है। इस लॉन्च पर अपनी बात रखते हुए, तस्वा के ब्राण्ड हेड आशीष मुकुल ने कहा, 'तस्वा ने ग्राहकों के साथ उल्लेखनीय ढंग से जुड़ाव बनाया है, क्योंकि इसके उत्पाद श्रेणी में सबसे अच्छे हैं।

# तमाम चुनौतियां व 2025 तक टीबी मुक्त भारत का लक्ष्य

**नई दिल्ली,** 23 मार्च (देशबन्धु)। हर साल, हम 24 मार्च को विश्व क्षय रोग दिवस मनाते हैं। यह कार्यक्रम 24 मार्च 1882 की तारीख को याद करने का दिन है जब जर्मन फिजिशियन डॉ. रॉबर्ट कोच ने माइकोबैक्टीरियम ट्यूबरकुलोसिस नामक जीवाणु की खोज की थी, यह जीवाणु तपेदिक/क्षय रोग (टीबी) का कारण बनता है। माइकोबैक्टीरियम ट्यूबरकुलोसिस की खोज हो जाने से टीबी के निदान और इलाज में बहुत आसानी हुई। जर्मन फिजिशियन रॉबर्ट कोच की इस खोज के लिए उन्हें 1905 में नोबेल पुरस्कार दिया गया। यही कारण है कि हर वर्ष विश्व स्वास्थ्य संगठन टीबी के सामाजिक, आर्थिक और सेहत के लिए हानिकारक नतीजों पर दुनिया में जन-जागरूकता फैलाने और दुनिया से टीबी के खात्मे की कोशिशों में तेजी लाने के लिए विश्व क्षय रोग दिवस मनाता आ रहा है। माइकोबैक्टीरियम ट्यूबरकुलोसिस की खोज के सौ साल बाद विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने पहली बार 24 मार्च 1982 को विश्व क्षय रोग दिवस शुरू मनाने की शुरुआत की, तभी से हर साल 24 मार्च को विश्व क्षय रोग दिवस पूरे विश्व में मनाया जाता है।

टीबी (क्षय रोग) एक घातक संक्रामक रोग है जो कि माइकोबैक्टीरियम ट्यूबरक्लोसिस जीवाणु

विश्व क्षय रोग दिवस



की वजह से होती है। टीबी (क्षय रोग) आमतौर पर ज्यादातर फेफड़ों पर हमला करता है, लेकिन यह फेफड़ों के अलावा शरीर के अन्य भागों को भी प्रभावित कर सकता हैं। यह रोग हवा के माध्यम से फैलता है। जब क्षय रोग से ग्रसित व्यक्ति खांसता, छींकता या बोलता है तो उसके साथ संक्रामक ड्रॉपलेट न्यूक्लिआई उत्पन्न होता है जो कि हवा के माध्यम से किसी अन्य व्यक्ति को संक्रमित कर सकता है। ये ड्रॉपलेट न्यूक्लिआई कई घंटों तक वातावरण में सक्रिय रहते हैं। जब एक स्वस्थ्य व्यक्ति हवा में घुले हुए इन माइकोबैक्टीरियम ट्यूबरक्लोसिस ड्रॉपलेट न्यूक्लिआई के संपर्क में आता है तो वह इससे संक्रमित हो सकता है। क्षय रोग सुप्त और सक्रिय अवस्था में होता है। सुप्त अवस्था में संक्रमण तो होता है लेकिन टीबी का जीवाणु निष्क्रिय अवस्था में रहता है और कोई लक्षण दिखाई नहीं देते हैं। अगर सुप्त टीबी का मरीज अपना इलाज नहीं कराता है तो सुप्त टीबी, सक्रिय टीबी में बदल सकती है। लेकिन सुप्त टीबी ज्यादा संक्रामक और घातक नहीं है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के एक अनुमान के अनुसार विश्व में 2 अरब से ज्यादा लोगों को लेटेंट (सुप्त) टीबी संक्रमण है।

सक्रिय टीबी की बात की जाए तो इस अवस्था में टीबी का जीवाणु शरीर में सक्रिय अवस्था में रहता है, यह स्थिति व्यक्ति को बीमार बनाती है। सक्रिय टीबी का मरीज दूसरे स्वस्थ्य व्यक्तियों को भी संक्रमित कर सकता है, इसलिए सक्रिय टीबी के मरीज को अपने मुंह पर मास्क या कपड़ा लगाकर बात करनी चाहिए और मुंह पर हाथ रखकर खांसना और छींकना चाहिए। अगर टीबी का जीवाणु फेफड़ों को संक्रमित करता है तो वह पल्मोनरी टीबी (फुफ्फुसीय यक्ष्मा) कहलाता है।



देशबन्धु

# अर्थ जगत

**सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर**

| | |
|---|---|
| मारुति | 3.55 प्रतिशत |
| सन फार्मा | 2.77 प्रतिशत |
| टाइटन | 2.21 प्रतिशत |
| आईटीसी | 1.71 प्रतिशत |
| एलटी | 1.62 प्रतिशत |

**सर्वाधिक घटने वाले शेयर**

| | |
|---|---|
| इंफोसिस | 2.98 प्रतिशत |
| विप्रो | 2.73 प्रतिशत |
| एचसीएल टेक | 2.46 प्रतिशत |
| टीसीएस | 1.53 प्रतिशत |
| टेक महिंद्रा | 1.33 प्रतिशत |

**सर्राफा**

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 66,778 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 31,400 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 74750 |
| वायदा | 70,183 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 850 |
| बिकवाली | 880 |

**मुद्रा विनिमय**

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 67.77 | 78.57 |
| पौड स्टर्लिंग | 90.94 | 105.45 |
| यूरो | 76.54 | 88.78 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

**अनाज**

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दडा | 2750-2850 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

**मोटा आनाज**

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

**शुगर**

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 3740-3840 |
| चीनी एम | 4000-4100 |
| मिल डिलीवरी | 3620-3720 |
| गुड़ | 4400-4500 |

**दाल-दलहन**

| | |
|---|---|
| चना | 5800-5900 |
| दाल चना | 6800-6900 |
| मसूर काली | 7300-7400 |
| उड़द दाल | 10200-10300 |
| मूंग दाल | 9900-10000 |
| अरहर दाल | 11800-11900 |

## पेट्रोल व डीजल की कीमतों में बदलाव नहीं

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी आने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम में आज कोई बदलाव नहीं हुआ, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपए प्रति लीटर पर रहा।



# लागत घटने के बावजूद खपत में आयातित कोयले का हिस्सा गिरा

**नई दिल्ली,** 22 मार्च (एजेंसियां)। देश में कुल कोयला खपत में आयातित कोयले का हिस्सा चालू वित्त वर्ष के दस माह के दौरान एक साल पहले की तुलना में थोड़ा घटा है जबकि इस दौरान

■ **दक्षिण अफ्रीका व इंडोनेशिया से थर्मल कोयला आयात करता है भारत**

आयातित कोयले की लागत में काफी गिरावट आई है।

कोयला मंत्रालय का कहना है कि इस समय ताप बिजली घरों के पास कोयले का पर्याप्त स्टाक है जिससे कोल इंडिया की नीलामी में कोयले पर प्रीमियम घटा है।

कोयला मंत्रालय की शुक्रवार को जारी विज्ञप्ति के अनुसार अप्रैल-जनवरी 2023-24 के दौरान देश में कोयले की कुल खपत में आयातित ठोस ईंधन की



हिस्सेदारी घटकर 21 प्रतिशत रही, जो इससे पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि के दौरान 22.48 प्रतिशत थी।

बयान में कहा गया है कि इसी अवधि के दौरान कोयले पर आधारित ताप विद्युत घरों में ईंधन में घरेलू कोयले के साथ मिश्रण के लिए आयातित कोयले का हिस्सा भी घट कर 36.69 प्रतिशत रहा। मात्रा के हिसाब से इन ताप बिजली घरों में कुल आयातित

**इस समय ताप बिजली घरों के पास कोयले का पर्याप्त स्टाक है जिससे कोल इंडिया की नीलामी में कोयले पर प्रीमियम घटा : मंत्रालय**

कोयले का इस्तेमाल इस दौरान 1.94 करोड़ टन के करीब रहा।

मंत्रालय ने कहा , 'मिश्रण के लिए आयातित कोयले में यह कमी घरेलू कोयले के उपयोग की ओर बदलाव का संकेत देती है, जिससे आयात पर निर्भरता कम हो जाती है।

इसके विपरीत चालू वित्त वर्ष के पहले दस महीनों में पूरी तरह आयातित कोयले पर आधारित बिजली संयंत्रों के कुल कोयला आयात में एक वर्ष पहले इसी अवधि की तुलना में 94.21 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। मंत्रालय का कहना है कि चूंकि ये बिजली संयंत्र केवल आयातित कोयले के आधार पर डिजाइन किए गए हैं, और उपरोक्त अवधि के दौरान कोयले की आयात लागत में भारी गिरावट दर्ज की गई। संभवत: इस कारण इन बिजली घरों ने कोयले का आयत तेज किया ।

भारत मुख्य रूप से दक्षिण अफ्रीका और इंडोनेशिया से थर्मल कोयला आयात करता है और इस दौरान इन देशों की औसत कीमतें एक सला पहले से क्रमश: लगभग 54 प्रतिशत और 38 प्रतिशत कम हुई।

इसके अलावा, कोयले की अधिसूचित कीमत पर सीआईएल द्वारा प्राप्त नीलामी प्रीमियम में भी काफी कमी आई है। नीलामी प्रीमियम में कमी बाजार में कोयले की प्रचुर उपलब्धता का प्रमाण है। कोयला कंपनियों के पास वर्तमान में कोयला कंपनियों के पास 9.6 करोड़ टन कोयला स्टॉक है।

## पहले दो महीने में, चीन में विदेशी पूंजी निवेश की वास्तविक मात्रा 215 अरब युआन से अधिक

**बीजिंग**, 23 मार्च (एजेंसियां)। चीनी वाणिज्य मंत्रालय द्वारा 22 मार्च को जारी आंकड़ों से पता चला कि इस साल के पहले दो महीने में देश भर में 7,160 विदेशी निवेश वाले नए उद्यम स्थापित हुए जो पिछले साल की इसी अवधि की तुलना में 34.9 प्रतिशत ज्यादा हैं, जबकि विदेशी पूंजी की वास्तविक मात्रा 215 अरब नौ करोड़ युआन तक जा पहुंची, जो गत वर्ष की तुलना में 19.9 प्रतिशत कम है।

वाणिज्य मंत्रालय के विदेशी निवेश विभाग के प्रभारी के मुताबिक, पिछले साल जनवरी से फरवरी तक, चीन में विदेशी पूंजी की वास्तविक मात्रा 268 अरब 44 करोड़ युआन तक पहुंच गई, जो एक नया कीर्तिमान है। हालांकि इस साल इसमें गिरावट आई है, लेकिन यह अभी भी पिछले 10 वर्षों में तीसरा उच्चतम स्तर है। बहुराष्ट्रीय कंपनियां अभी भी चीनी बाज़ार में विकास के अवसरों के बारे में आशावादी हैं और अपना चीन में निवेश बढ़ा रही हैं।

इस प्रभारी के अनुसार, चीन की दीर्घकालिक आर्थिक वृद्धि के बुनियादी सिद्धांत नहीं बदले हैं। निवेश को आकर्षित करने में चीनी बाजार का बड़ा



■ **गिरावट के बावजूद अभी भी पिछले 10 वर्षों में तीसरे उच्चतम स्तर पर**
■ **चीन में विदेशी पूंजी की वास्तविक मात्रा 268 अरब 44 करोड़ युआन तक पहुंची**

आकार, पूर्ण आपूर्ति श्रृंखला सहायक सुविधाएं, पूर्ण बुनियादी ढांचा और प्रचुर मानव संसाधन आदि लाभ उत्कृष्ट बने हुए हैं। इसके अलावा, अर्थव्यवस्था को स्थिर करने, खुलेपन को बढ़ावा देने और विदेशी निवेश को आकर्षित करने के लिए नीतियों की एक श्रृंखला का प्रभाव दिखाई देना जारी है, जो विदेशी निवेश को आकर्षित करने के लिए अधिक अनुकूल परिस्थितियां बनाए हुए हैं।

## खाद्य तेल सहित सभी जिंसों में टिकाव रहा

**नई दिल्ली**, 23 मार्च (एजेंसियां)। दिल्ली थोक जिंस बाजार में आज खाद्य तेल समेत सभी जिंसों में टिकाव रहा। **तेल-तिलहन :** इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।



**गुड़-चीनी :** मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले दिवस के स्तर पर पड़े रहे। **दाल-दलहन :** दाल-दलहन बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल में कोई बदलाव नहीं हुआ और वे पिछले स्तर पर पड़ी रही। **अनाज :** अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम में कोई बदलाव नहीं हुआ।

सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे : **दाल-दलहन :** चना 5800-5900, दाल चना 6800-6900, मसूर काली 7300-7400, मूंग दाल 9800-9900, उड़द दाल 10100-10200, अरहर दाल 11800-11900 रुपए प्रति क्विंटल रहे। **अनाज :** (रुपए प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2600-2700 रुपए और चावल : 2800-2900 रुपए प्रति क्विंटल रहा।

## मारुति सुजुकी ने घरेलू एआई स्टार्टअप अम्लगो लैब्स में खरीदी हिस्सेदारी

**नई दिल्ली,** 23 मार्च (एजेंसियां)। मारुति सुजुकी इंडिया ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग (एआई-एमएल) के नेतृत्व वाले स्टार्टअप अम्लगो लैब्स प्राइवेट लिमिटेड में निवेश किया है। कंपनी ने शनिवार को यह जानकारी दी।

1.99 करोड़ से ज्यादा के निवेश के साथ, मारुति सुजुकी के पास स्टार्टअप में 6.44 प्रतिशत से अधिक की इक्विटी होगी। स्टार्टअप डेटा-संचालित निर्णय लेने में कंपनियों की मदद के लिए डेटा एनालिटिक्स, क्लाउड इंजीनियरिंग और एआई-एमएल के क्षेत्र में काम करते हैं।

मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड के प्रबंध निदेशक और सीईओ हिसाशी टेकुची ने कहा कि सरकार की स्टार्टअप इंडिया पहल के अनुरूप, हम




स्टार्टअप इकोसिस्टम को मजबूत करने और ऑटोमोबाइल इंडस्ट्री के लिए रिलेवेंट समाधान विकसित करने में इनोवेशन को प्रोत्साहित करने के लिए एक्टिव रूप से काम कर रहे हैं। यह निवेश मारुति सुजुकी इनोवेशन फंड के जरिए किया जा रहा है। यह कंपनी का दूसरा ऐसा निवेश है। इससे पहले, कंपनी ने जून 2022 में सोशियोग्राफ सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड में निवेश किया था।

### अमेजन इंडिया ने विक्रेता शुल्क संरचनाओं को किया संशोधित

**नई दिल्ली** ई-कॉमर्स कंपनी अमेजन ने शनिवार को कहा कि वह मुद्रास्फीति और ब्याज दरों के साथ ही उद्योग में प्रचलित शुल्क संरचनाओं के अनुरूप अपने विक्रेता शुल्क को संशोधित कर रही है। कंपनी सात अप्रैल से अपने मार्केटप्लेस 'अमेजन डॉट इन' पर विक्रेताओं के लिए अपनी शुल्क संरचना को संशोधित कर रही है। इसमें रेफरल शुल्क, समापन शुल्क और वजन प्रबंधन शुल्क के अलावा अन्य सहायक शुल्क शामिल हैं। कंपनी ने कहा कि ये संशोधन मुद्रास्फीति, ब्याज दरों, परिचालन लागत जैसे विभिन्न व्यापक आर्थिक कारकों को ध्यान में रखकर किए हैं।

## जीडीपी मामले में जर्मनी व ब्रिटेन से आगे है भारत

**नई दिल्ली,** 23 मार्च (एजेंसियां)। जर्मनी, जापान और यूके जैसे देशों में पिछले कुछ वर्षों में जीडीपी (पीपीपी) रैंकिंग में गिरावट लगातार जारी है। वहीं रिपोर्ट की मानें तो भारत ने जीडीपी (पीपीपी) में इन सालों में महत्वपूर्ण बढ़त हासिल की है।

■ **भारत की अर्थव्यवस्था में साफ दिखाई दे रही तेज वृद्धि**

जीडीपी (पीपीपी) का मतलब है खरीद की क्षमता पर आधारित सकल घरेलू उत्पाद। दिल्ली स्थित सोशल पॉलिसी रिसर्च फाउंडेशन (एसपीआरएफ) एक गैर-लाभकारी संस्था है। उसके शोध के अनुसार, 2024 तक पीपीपी के आधार पर मूल्यांकन किया जाए तो भारतीय अर्थव्यवस्था यूके की तुलना में 3.6 गुना, जापान की तुलना में 2.1 गुना और जर्मनी की तुलना में 2.5 गुना ज्यादा है। जबकि 2022 तक चीन इसके शीर्ष रैंकिंग वाले देश के रूप में उभरा था।

रिपोर्ट में कहा गया है कि पीपीपी पर वैश्विक जीडीपी के प्रतिशत को देखा जाए तो इसके अनुसार भारतीय जीडीपी (पीपीपी) की हिस्सेदारी काफी बढ़ी है, जबकि इस दौरान अमेरिका, जापान, रूस



**भारतीय जीडीपी (पीपीपी) की हिस्सेदारी काफी बढ़ी है, जबकि इस दौरान अमेरिका, जापान, रूस और अन्य देशों की हिस्सेदारी घटी : रिपोर्ट**

और अन्य देशों की हिस्सेदारी घटी है। पीपीपी दो या दो से अधिक देशों में समान वस्तुओं और सेवाओं की कीमत को समझने और उसकी तुलना करने का माध्यम है। रिपोर्ट के अनुसार देश में उच्च पीपीपी का मतलब है कि भारतीय उपभोक्ता के लिए भारत के अंदर आवश्यक वस्तुओं और सेवाओं पर जो खर्च हो रहा है वह जापान, जर्मनी या यूके के उपभोक्ताओं की तुलना में सस्ता है। भारत की अर्थव्यवस्था में तीसरी तिमाही (अक्टूबर-दिसंबर 2023) के दौरान सकल घरेलू उत्पाद में 8.4 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई जो आश्चर्यचकित करने वाली है, जिसके परिणामस्वरूप राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय के नवीनतम आंकड़ों की मानें तो वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए देश की आर्थिक विकास दर अब 7.6 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया गया है।

जीडीपी में 8.4 प्रतिशत की उच्च वृद्धि मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में दोहरे अंक की वृद्धि के साथ 11.6 प्रतिशत, जबकि कंस्ट्रक्शन सेक्टर में अच्छी वृद्धि (9.5 प्रतिशत) की वजह से देखी गई है। सांख्यिकी मंत्रालय ने कहा f भारतीय अर्थव्यवस्था में वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान सकल घरेलू उत्पाद 7.6 प्रतिशत की मजबूत स्थिति में रही, जो वित्त वर्ष 2022-23 में 7 प्रतिशत थी।

इस सप्ताह की शुरुआत में जारी आरबीआई के मासिक बुलेटिन के अनुसार, वैश्विक अर्थव्यवस्था की गति भले धीमी पड़ रही हो लेकिन, भारत की अर्थव्यवस्था में तेज वृद्धि साफ दिखाई दे रही है। नवीनतम आंकड़ों से पता चलता है कि भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था के रूप में अपनी विकास गति को बरकरार रख रहा है, जिसे वैश्विक मंदी के बीच एक बेहतरीन सूचक के रूप में देखा जा सकता है।

## स्वतंत्र विशेषज्ञ हो औषधि मूल्य नियंत्रण समिति का अध्यक्ष : मेहता

**नई दिल्ली,** 23 मार्च (एजेंसियां)। कट्स इंटरनेशनल के महासचिव प्रदीप एस मेहता का मानना है कि औषधि मूल्य नियंत्रण तंत्र में सुधार के लिए गठित समिति की अध्यक्षता एक स्वतंत्र विशेषज्ञ द्वारा की जानी चाहिए। उनका सुझाव है कि समिति में उपभोक्ता अधिकार एवं स्वास्थ्य क्षेत्र में कार्यरत गैर सरकारी संगठनों के प्रतिनिधियों को भी रखा जाना चाहिए। मेहता ने औषधि मूल्य नियंत्रण , 2013 पर फिर से विचार करने और उसमें संभावित सुधार के लिए एक उच्च स्तरीय समिति के गठन की मीडिया रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि उक्त समिति में फार्मास्यूटिकल्स विभाग, राष्ट्रीय फार्मास्यूटिकल मूल्य निर्धारण प्राधिकरण (एनपीपीए) के अधिकारी और उद्योग के प्रतिनिधि शामिल किए जाने की बात है। उन्होंने कहा कि विशेष रूप से, इसकी अध्यक्षता फार्मास्यूटिकल्स विभाग के सचिव को नहीं, बल्कि किसी प्रतिष्ठित अकादमिक विशेषज्ञ को करनी चाहिए।

### 50 से ज्यादा प्रोजेक्ट्स को बढ़ाने की तैयारी में वेदांता

**नई दिल्ली।** इस मामले में वेदांता लिमिटेड के वाइस चेयरमैन नवीन अग्रवाल ने निवेशकों के साथ चर्चा में कहा, ''हम अपने सभी साइट्स पर अतिरिक्त मूल्य बनाने के लिए लगातार विकल्प तलाशते रहते हैं। माइनिंग सेक्टर की कंपनी वेदांता लिमिटेड ने अपना कारोबार बढ़ाने और राजस्व बढ़ाने के लिए अपने कई प्रोजेक्ट्स को बढ़ाने की तैयारी की है। कंपनी अपने 50 से ज्यादा प्रोजेक्ट्स को बढ़ाने की तैयारी मे हैं। कंपनी ने उम्मीद की है कि इन प्रोजेक्ट्स को बढ़ाने से कंपनी के इंक्रीमेंटल रेवेन्यू में करीब 6 अरब डॉलर तक की बढ़त हो सकती है। वहीं कंपनी के अनुमान के हिसाब से इसका एनुअल एबिटा में ढ़ाई से तीन अरब डॉलर की वृद्धि होने का अनुमान है। इस ग्रोथ इनिशिएटिव के लिए कंपनी ने तीन कैटेगरी 'डिस्कवरी' स्टेज, 'कॉन्सेप्ट' स्टेज और 'एग्जीक्यूशन' स्टेज में बांटा है।

## सार संक्षेप

### डीजीसीए ने एयर इंडिया पर ठोका 80 लाख का जुर्माना

**नई दिल्ली।** डीजीसीए ने एयर इंडिया पर उड़ान से संबंधित नियमों का उल्लंघन करने के लिए 80 लाख रुपये का जुर्माना ठोका है। चालक दल के लिए अल्ट्रा-लंबी दूरी की उड़ानों से पहले और बाद में आराम न देने के रुल में अनियमितता बरतने के लिए यह जुर्माना लगाया गया। डीजीसीए ने हाई लेवल की सेफ्टी को देखते हुए एफडीटीएल और एफएमएस नियमों के अनुपालन को लेकर जनवरी में एयर इंडिया का स्पॉट ऑडिट किया था। ऑडिट के दौरान साक्ष्य एकत्र किए गए और रिपोर्टों का विश्लेषण किया गया। डीजीसीए के महानिदेशक विक्रम देव दत्त ने कहा कि रिपोर्टों की जांच में यह बात सामने आई कि एयर इंडिया ने कुछ मामलों में 60 साल से अधिक उम्र के दोनों फ्लाइट क्रू के साथ उड़ानें संचालित की, जो एयरक्राफ्ट रुल्स, 1937 के नियम 28 ए के उप नियम (2) का उल्लंघन है। उन्होंने यह भी कहा कि ऑपरेटर को अल्ट्रा-लॉन्ग रेंज उड़ानों से पहले और बाद में पर्याप्त साप्ताहिक आराम और फ्लाइट क्रू को लेओवर पर पर्याप्त आराम प्रदान करने में भी कमी पाई गई, जो एफडीटीएल पर नागरिक उड्डयन आवश्यकताओं के मौजूदा प्रावधानों का उल्लंघन है।

### मुकेश अंबानी को 'लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड'

**नई दिल्ली।** भारत के दूरसंचार क्षेत्र में अद्वितीय योगदान के लिए रिलायंस इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक मुकेश डी अंबानी को वॉयस एंड डेटा द्वारा प्रतिष्ठित लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया। इसके साथ ही वर्ष 2023 के लिए रिलायंस जियो इन्फोकॉम के अध्यक्ष मैथ्यू ओमन को 'पाथब्रेकर ऑफ द ईयर अवार्ड' से नवाजा गया। देश में 5जी के तेज रोलआउट में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए ओमन को यह अवार्ड मिला। अंबानी की लीडरशिप की प्रशंसा करते हुए ओमन ने कहा कि वॉयस और डेटा द्वारा मुकेश धीरूभाई अंबानी को लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड दिए जाने से हम सम्मानित महसूस कर रहे हैं। उनकी लीडरशिप में कंपनी ने दूरसंचार, खुदरा, मीडिया और खेल क्षेत्रों में शानदार प्रदर्शन किया है। आज की डिजिटल दुनिया में भारत की भूमिका क्रांतिकारी होगी।

### अपने विस्तार को लेकर योजना बना रही इंडिगो

**नई दिल्ली।** फरवरी के अंत तक कंपनी के पास 366 विमान थे, जबकि वित्त वर्ष 2013 के अंत में इसके बेड़े की संख्या 304 थी। देश की सबसे बड़ी एयरलाइन कंपनियों में से एक इंडिगो अपने विस्तार को लेकर योजना बना रही है। कंपनी को उम्मीद है कि वित्त वर्ष 2025 में उसके बेड़े में हर हफ्ते एक से अधिक विमान शामिल किए जाने का अनुमान है। इसी के साथ कंपनी ने ये भी दावा किया कि वित्त वर्ष 2024- 25 में करीब 6000 कर्मचारियों को जोड़ने का भी लक्ष्य है। एयरलाइन ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि अगले वित्तीय वर्ष में क्षमता के साथ-साथ कंपनी के पास यात्रियों की संख्या में भी दोहरे अंकों वृद्धि होने की उम्मीद है।

## एप्पल ने इन-हाउस प्रोजेक्ट पर लगाई रोक : रिपोर्ट

**सैन फ्रांसिस्को,** 23 मार्च (एजेंसियां)। आईफोन बनाने वाली टेक दिग्गज कंपनी एप्पल ने



कथित तौर पर अपनी स्मार्टवॉच के लिए डिस्प्ले स्क्रीन विकसित करने की योजना को स्थगित कर दिया है।

ब्लूमबर्ग की एक रिपोर्ट कहा गया है कि टेक दिग्गज ने माइक्रोएलईडी तकनीक के साथ स्क्रीन बनाने के लिए एक इन-हाउस प्रोजेक्ट पर रोक लगा दी है।

आईफोन निर्माता अब कथित तौर पर उन टीमों को पुनर्गठित कर रहा है जो डिस्प्ले इंजीनियरिंग संभालती हैं और साथ ही वह अमेरिका और एशिया में दर्जनों भूमिकाएं भी समाप्त कर रही हैं। एप्पल ने इस रिपोर्ट पर तुरंत कोई टिप्पणी नहीं की। डिस्प्ले प्रोजेक्ट कथित तौर पर एप्पल द्वारा अपनी तकनीक को इन-हाउस में अधिक डिजाइन करने के व्यापक प्रयास का हिस्सा था। एप्पल के सैमसंग और एलजी के ओएलईडी डिस्प्ले के साथ नए आईपैड प्रो मॉडल को लॉन्च करने की संभावना है। इस बीच, अमेरिकी न्याय विभाग और 16 राज्यों ने टेक दिग्गज एप्पल पर अपने प्रमुख उत्पाद, आईफोन के एकाधिकार को बनाए रखने का आरोप लगाया है।

## होली को लेकर पटना के बाजार में रौनक

**पटना**, 23 मार्च (एजेंसियां)। रंगो के त्योहार होली को लेकर बिहार की राजधानी पटना के बाजार में रौनक देखने को मिल रही है।

पटना में होली का बाजार रंग-गुलाल, पिचकारी और मुखौटों से सज चुका है। इस बार होलिका दहन 24 मार्च और होली 26 को मनाई जाएगी। होली को लेकर राजधानी पटना के बाजारों में काफी रौनक देखने को मिल रही है। युवाओं में विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है।



**होली को लेकर युवाओं में दिख रहा विशेष उत्साह**

बाजारों में रंग-बिरंगे अबीर एवं गुलाल की धूम है। पिचकारी, कपड़े, किराना सामान, मेवा की खरीददारी तेज है। होलिका दहन की पूजा के लिए भी पूजन सामग्री की भी खरीदारी लोग कर रहे हैं। होली के दौरान उपयोग की जाने वाली अन्य सामग्री से भी बाजार भरे-पड़े हैं। बच्चों के लिए तरह-तरह के मैजिक गुलाल गन एवं इंडियन पिचकारियां बाजार में उपलब्ध हैं। बाजार में बच्चों के लिए कार्टून कैरेक्टर वाले रंग-बिरंगे मास्क उपलब्ध हैं इसमें छोटा भीम, एवेंजर, स्पाइडर मैन, हल्क और घोस्ट, बार्बी डॉल्स, मोनो फिश, आयरन मैन, बैटमैन, रोबोट, कैप्टन अमेरिका वाले मास्क मुख्य हैं। होली बाजार में सेलिब्रिटी वाले विग भी खूब बिक रहे हैं, जिसकी कीमत 50 रुपये से लेकर 1600 रुपये तक है।बाजार में कलरफुल फॉग भी उपलब्ध हैं, इसमें सातो रंग एक साथ उड़ता है।


पिचकारी बाजार में चीन के साथ ही देशी उत्पाद भी सजाए गए हैं। ग्राहकों की भीड़ से बाजारों में बढ़ी रौनक से कारोबारी उत्साहित हैं। बच्चे से युवक तक हर कोई अपनी पसंद की पिचकारी ले रहे हैं। चीन निर्मित पिचकारियों से बाजार पट गया है। हर आकर की पिचकारी बाजार में उपलब्ध है। आरारोट एवं हर्बल सुगंधित गुलाल एवं अबीर की कई वैरायटी बाजार में बिक्री के लिए उपलब्ध है। राजधानी के लोग अब काफी ज्यादा स्वास्थ्य के प्रति सजग हुए हैं।

### होली के लिए सजे बाजार, हिमाचल के छोटी काशी में व्यापारियों को ग्राहकों का इंतजार

**मंडी।** देशवासियों में होली को लेकर अद्भुत उत्साह देखने को मिल रहा है। सभी लोग होली की तैयारियों में जुट हुए हैं। इस बीच, मंडी के व्यापारियों में भी खासा उत्साह देखने को मिल रहा है, लेकिन कुछ व्यापारी यह भी शिकायत करते नजर आ रहे हैं कि इस बार अन्य वर्षों की तुलना में अच्छी खरीददारी नहीं हो रही है। वहीं, होली से एक दिन पहले हिमाचल प्रदेश में छोटी काशी नाम से मशहूर मंडी का बाजार सज गया है, जिसमें उत्तराखंड के हरिद्वार से क्विंटलों के हिसाब से होली के रंग छोटी काशी पहुंच चुके हैं। इस बार पांच नहीं सात तरह के रंग बाजार में बिक रहे हैं। लाल, हरा, गुलाबी, पीला, हनुमानी और बैंगनी रंग 50 रुपये का 200 ग्राम मिल रहा है। यानी हर प्रकार के रंग 250 रुपए किलो तक बिक रहे हैं, जबकि पिछले साल इनकी कीमत 200 रुपए किलो थी। सेरी मंच पर होली के जश्न को दोगुना करने के लिए रंगों के साथ कई तरह के मुकुट भी दुकानों में सज चुके हैं। इनकी कीमत 50 से 100 रुपए तक है।

# खेल जगत

## पीसीबी के पूर्व अध्यक्ष शहरयार खान का 89 वर्ष की आयु में निधन



**लाहौर।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के पूर्व अध्यक्ष शहरयार खान का लंबी बीमारी के कारण शनिवार को 89 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उन्होंने दो अलग-अलग कार्यकालों के लिए पीसीबी के अध्यक्ष के रूप में कार्य किया, दिसंबर 2003 से अक्टूबर 2006 तक और अगस्त 2014 से अगस्त 2017 तक। शहरयार खान ने 1999 के भारत दौरे और आईसीसी क्रिकेट विश्व कप 2003 के दौरान पाकिस्तान पुरुष टीम के टीम मैनेजर के रूप में भी काम किया। पीसीबी ने शनिवार को जारी एक बयान में कहा कि पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड, अपने अध्यक्ष, बोर्ड ऑफ गवर्नर्स और कर्मचारियों के माध्यम से, आज सुबह लाहौर में पूर्व अध्यक्ष पीसीबी शहरयार खान के निधन पर गहरा दुख और शोक व्यक्त करता है।

### पंत का नहीं चला पंजाब के खिलाफ पंजा

# चार विकेट से हारा दिल्ली कैपिटल्स

### करन और लिविंगस्टन ने पंजाब को दिलाई जीत



**मुल्लांपुर,** 23 मार्च (एजेंसियां)। सैम करन (63) के शानदार अर्द्धशतक और उनकी लियाम लिविंगस्टोन (नाबाद 38) के साथ पांचवें विकेट के लिए 67 रन की साझेदारी की बदौलत पंजाब किंग्स ने दिल्ली कैपिटल्स को शनिवार को आईपीएल मुकाबले में चार गेंद शेष रहते चार विकेट से पीट दिया।

■ पटेल की इस धुनाई ने 2021 में जडेजा की बल्लेबाजी की याद दिला दी

दिल्ली ने इससे पहले निचले क्रम के बल्लेबाज अभिषेक पोरेल की मात्र 10 गेंदों में नाबाद 32 रन की तूफानी पारी की बदौलत 20 ओवर में नौ विकेट पर 174 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर बनाया लेकिन करन की 63 रन की पारी ने मैच का नक्शा बदल दिया। पंजाब ने 19.2 ओवर में छह विकेट पर 177 रन बनाकर टूर्नामेंट में विजयी शुरुआत की। सैम करन ने 47 गेंदों में छह चौके और एक छक्का लगाकर 63 रन बनाये। लिविंगस्टोन ने सुमित कुमार पर छक्का लगाकर मैच समाप्त किया। उन्होंने 21 गेंदों की पारी में दो चौके और तीन छक्के लगाए। करन को प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार मिला। कप्तान शिखर धवन ने 22 और प्रभसिमरन सिंह ने 26 रन बनाये।

**आईपीएल 2024**

इस मैच में एक-दो मौकों को छोड़कर दिल्ली के लिए ज़्यादा कुछ अच्छा नहीं गया। अभिषेक पोरेल ने उनकी वापसी कराई और कुलदीप यादव ने उन्हें मैच में बनाए रखा। लेकिन इशांत शर्मा की चोट उनपर भारी पड़ी। वॉर्नर और स्टब्स का कैच छोड़ना भी स्तब्ध करने वाला था। हालांकि पंत का पूरे 20 ओवर तक विकेटकीपिंग करना उनके लिए बहुत ही महत्वपूर्ण है।

एक समय दिल्ली की पारी लड़खड़ा गई थी लेकिन इंपैक्ट प्लेयर के रूप में पॉरेल को लाना दिल्ली के लिए फायदेमंद साबित हुआ।

दिल्ली ने अंतिम पांच ओवर में 50 रन जोड़े जिसमें पॉरेल ने 25 रन अकेले अंतिम ओवर में ठोक डाले। हर्षल पटेल की इस धुनाई ने 2021 में जडेजा की बल्लेबाजी की याद दिला दी जब उन्होंने हर्षल के खिलाफ ही एक ओवर में 37 रन बटोरे थे। पोरेल ने 10 गेंदों में चार चौके और दो छक्के लगाए। उन्होंने हर्षल पटेल के पारी के आखिरी ओवर की पहली पांच गेंदों पर 4,6,4,4,6 उड़ाकर दिल्ली को लड़ने लायक स्कोर तक पहुंचा दिया। इस ओवर ने हर्षल का गेंदबाजी आंकड़ा बिगाड़ दिया। हर्षल ने चार ओवर में 47 रन देकर दो विकेट लिए। दिल्ली की तरफ से डेविड वार्नर ने 29, मिशेल मार्श ने 20, शाई हॉप ने 33 और कप्तान ऋषभ पंत ने 18 रन बनाये। निचले मध्य क्रम में अक्षर पटेल ने 13 गेंदों में 21 रन बनाकर दिल्ली की पारी को कुछ गति दी लेकिन अंतिम काम पोरेल ने आखिरी ओवर में किया।

**सैम करन**



47 गेंदों में 63 रनों की शानदार पारी खेली

**लिविंगस्टोन**



सुमित कुमार पर छक्का लगाकर मैच समाप्त किया। उन्होंने 21 गेंदों की पारी में दो चौके और तीन छक्के लगाए।

# मुंबई इंडियंस की कप्तानी संभालेंगे पांडया

### पिछली लगातार तीन आईपीएल मुंबई इंडियंस खिताब जीतने में नाकाम रही

■ सत्येन्द्र पाल सिंह



■ कप्तानी छिनने के बाद रोहित कितना सहज होकर बल्लेबाजी कर पाएंगे?

■ सूर्य का फिट न होने पर बाहर रहना अखरेगा मुंबई इंडियंस को

**नई दिल्ली,** 23 मार्च (देशबन्धु)। ऑलराउंडर हार्दिक पांडया के चोट के बाद फिट हो अब गुजरात टाइटंस को छोड़ 17 वीं इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) क्रिकेट 2024 में फिर से अपनी पुरानी मुंबई इंडियंस को पांच खिताब जिताने वाले रोहित शर्मा की जगह कप्तानी संभालने से अच्छा खासा तूफान मचा है। हार्दिक पांडया मुंबई छोड़ बतौर कप्तान पहले ही प्रयास में नई फ्रेंचाइजी गुजरात टाइटंस को 2022 में खिताब जिताने में सफल रहे और फिर उनकी कप्तानी में 2023 में मौजूदा चैंपियन चेन्नै सुपर किंग्स से टीम की फाइनल में हार के बावजूद सुर्खियों में रहे। मौजूदा आईपीएल की नीलामी से पहले गुजरात टाइटंस ने हार्दिक पांडया को मुंबई इंडियंस को बेच(ट्रेड) दिया। पिछली लगातार तीन आईपीएल से रोहित शर्मा की कप्तानी में मुंबई इंडियंस खिताब जीतने में नाकाम रही। इसके चलते ही मुंबई इंडियंस ने रोहित की जगह 2024 की आईपीएल के लिए कप्तानी की जिम्मेदारी हार्दिक पांडया को क्या सौंपी की उसका घर ही बिखरता सा नजर आ रहा है। रोहित के प्रशंसक अपने हीरो को मुंबई इंडियंस के कप्तान पद से हटाए जाने में खासा गुस्सा नजर आ रहे हैं। दिखाने को कोई भी कहे मुंबई इंडियंस की टीम के बीच भी हार्दिक को कप्तानी सौंपने से एक खेमा खासा नाराज आ रहा है। अब हार्दिक की अगुआई में जबं मुंबई इंडियंस 2024 की आईपीएल में उनकी पुरानी टीम पिछली उपविजेता गुजरात टाइटंस के खिलाफ उसके घर में मैच से अपने अभियान का आगाज करने उतरेगी तो बतौर कप्तान टीम को एकजुट रखने की चुनौती होगी। मुंबई इंडियंस की आईपीएल में पिछले कई सीजन से एक बड़ी दिक्कत यह रही कि शुरू में लचर आगाज करती रही और इससे वह पिछले करीब तीन सीजन में फिर प्ले ऑफ और फाइनल की होड़ से पिछड़ती रही है। हार्दिक के सामने मुंबई इंडियंस को अपनी पुरानी टीम गुजरात टाइटंस के खिलाफ विजयी शुरुआत दिलाना आसान नहीं होगा।

**आईपीएल 2024**

दरअसल रोहित शर्मा को बीसीसीआई के मानद सचिव ने इस साल जून में वेस्ट इंडीज और अमेरिका की संयुक्त मेजबानी में होने वाले आईसीसी टी-20 विश्व कप के लिए कप्तान घोषित कर देने से उनके प्रशंसक मुंबई इंडियंस के टीम प्रबंधन से वाजिब सवाल पूछ रहे हैं आखिर रोहित को मुंबई इंडियंस के कप्तान पद से क्यों हटाया गया? हार्दिक पांडया के मुंबई इंडियंस की कप्तानी संभालने पर उससे बतौर टीम 2024 में तीन सीजन के बाद फिर और कुल रिकॉर्ड छठी बार खिताब जिता नया इतिहास लिखने की चुनौती है। मुंबई के लिए बड़ा सवाल यह रहेगा कि कप्तानी छीनने के झटके' के बाद रोहित शर्मा कितना सहज होकर बल्लेबाजी कर पाएंगे। साथ ही दुनिया के नंबर 1 टी-20 बल्लेबाज सूर्य कुमार यादव के हर्निया के ऑपरेशन के बाद अभी भी पूरी तरह फिट नहीं होने पर उनकी कमी को मुंबई इंडियंस को अखरेगी। रोहित शर्मा के सलामी जोड़ीदार विकेटकीपर बल्लेबाज इशान किशन बीसीसीआई के सेंट्रल कांट्रेक्ट से बाहर होने के बाद जेहनी तौर पर आईपीएल की चुनौती के लिए कितने तैयार होंगे यह भी मुंबई के लिए बड़ा सवाल रहेगा। तिलक वर्मा, टिम डेविड और मोहम्मद नबी जैसे ऑलराउंडर पर मुंबई इंडियंस को बड़े स्कोर तक पहुंचाने की चुनौती होगी।

## किदांबी श्रीकांत सेमीफाइनल में प्रियांशु, किरण बाहर

**बासेल,** 23 मार्च (एजेंसियां)। भारतीय शटलर किदांबी श्रीकांत ने स्विस ओपन सुपर 300 टूर्नामेंट में अपना शानदार अभियान जारी रखते हुए चीनी ताइपे के चिया हाओ ली को सीधे गेम में 21-10, 21-14 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। शुरुआत से ही, श्रीकांत ने अपना दबदबा कायम रखा और 11-5 की बढ़त बना ली और अपने प्रतिद्वंद्वी पर लगातार दबाव बनाए रखा। ली की थोड़ी देर की वापसी के बावजूद, श्रीकांत ने अपना संयम बनाए रखा और अपने बेहतर कौशल का प्रदर्शन करते हुए पहला गेम 21-10 से जीत लिया। दूसरे गेम में, श्रीकांत की आक्रमण क्षमता ली के लिए बहुत अधिक साबित हुई, क्योंकि भारतीय शटलर ने एक और जोरदार जीत के साथ सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। सेमीफाइनल में श्रीकांत का चीनी ताइपे के लिन चुन यी के खिलाफ रोमांचक मुकाबला होगा।

# गायकवाड़ की कप्तानी बहुत प्रभावशाली थी : गावस्कर



**नई दिल्ली,** 23 मार्च (एजेंसियां)। पूर्व भारतीय क्रिकेट दिग्गज सुनील गावस्कर ने चेन्नई सुपर किंग्स के लिए ऋतुराज गायकवाड़ की कप्तानी की शुरुआत की सराहना की, और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 के शुरुआती मैच में उनके शानदार गेंदबाजी बदलाव को श्रेय दिया। मुस्तफिजुर रहमान ने सीएसके के लिए अपने पदार्पण मैच में शानदार प्रदर्शन किया और अपने स्पैल की पहली दस गेंदों में चार विकेट लेकर आरसीबी के शीर्ष बल्लेबाजी क्रम को ध्वस्त कर दिया। सीएसके ने आरसीबी को 20 ओवर में 173 रन पर रोकने के बाद छह विकेट से हरा दिया। गायकवाड़ का रणनीतिक कौशल चमक गया क्योंकि उन्होंने अपने गेंदबाजों का चतुराई से उपयोग किया, विशेष रूप से मुस्तफिजुर रहमान को सटीकता के साथ तैनात किया और मैच के महत्वपूर्ण चरण के दौरान तुषार देशपांडे पर विश्वास बनाए रखा। गावस्कर ने गायकवाड़ के धैर्य और निर्णय लेने की क्षमता की सराहना की और युवा कप्तान के मार्गदर्शन में अनुभवी एमएस धोनी के प्रभाव पर प्रकाश डाला।

गावस्कर ने स्टार स्पोर्ट्स के शो क्रिकेट लाइव में कहा कि बिल्कुल! एक कप्तान के तौर पर आपका डेब्यू काफी अहम हो जाता है। आप जीत के साथ अपने कप्तानी करियर की अच्छी शुरुआत करना चाहते हैं और वैसा ही हुआ। जो बात प्रभावशाली थी वह था उनका गेंदबाजी में बदलाव। जिस तरह से उन्होंने मुस्तफिजुर का इस्तेमाल किया वह बिल्कुल शानदार था। उन्होंने कहा कि वह अंतिम ओवर के लिए तुषार देशपांडे पर भरोसा रखते हुए, दीपक चाहर की जगह लेते रहे। मुझे लगता है कि यह देखते हुए कि तुषार देशपांडे के ओवर में 25 रन पड़े, किसी अन्य गेंदबाज का उपयोग करने का अवसर था, लेकिन वह फिर भी तुषार देशपांडे पर अड़ा रहा, और देशपांडे ने शानदार अंतिम ओवर के साथ जवाब दिया। तो, हाँ, मुझे लगता है कि कप्तानी सबसे प्रभावशाली थी। और हम यहां देखते हैं, निश्चित रूप से, उनके मार्गदर्शन के लिए उनके आसपास एमएस धोनी हैं।

## श्रीलंका के मथीशा पथिराना चेन्नई पहुंचे, जल्द सीएसके टीम में शामिल होंगे

**चेन्नई,** 23 मार्च (एजेंसियां)। मथीशा पथिराना के मैनेजर अमिला कलुगालागे ने पुष्टि की है कि श्रीलंकाई तेज गेंदबाज चेन्नई पहुंच गए हैं और जल्द ही चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) टीम में शामिल होंगे। पाथिराना को बांग्लादेश के खिलाफ तीन मैचों की श्रृंखला के दूसरे टी20 के दौरान हैमस्ट्रिंग की चोट लग गई और उन्हें सीएसके के लिए शुरुआती मैचों से चूकना पड़ा, जिसमें शुक्रवार को चेन्नई में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ सीजन का ओपनर मैच भी शामिल था। हालाँकि, हाल के एक घटनाक्रम में, पथिराना के मैनेजर अमिला कलुगालेगे ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर पथिराना की एक तस्वीर साझा की, जिससे पुष्टि हुई कि स्टार पेसर चेन्नई पहुंच गया है और जल्द ही सीएसके टीम में शामिल हो जाएगा। कलुगालेगे ने एक्स पर लिखा कि वनक्कम चेन्नई, वह (मथीशा पथिराना) अभी-अभी चेन्नई पहुंचा है। पथिराना पिछले आईपीएल सीज़न में 12 मैचों में 8.90 की प्रभावशाली इकॉनमी के साथ 19 विकेट लेकर फ्रेंचाइजी के लिए सबसे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज थे। हालाँकि, श्रीलंका क्रिकेट (एसएलसी) की ओर से अभी तक कोई पुष्टि नहीं की गई है। यदि एसएलसी द्वारा मंजूरी दी जाती है, तो पथिराना आईपीएल 2024 में सीएसके के आगामी मैचों में शामिल हो सकते हैं। चेन्नई ने बांग्लादेश के तेज गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान के 4-29 के स्कोर की बदौलत रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ अपना पहला मैच छह विकेट से जीता।



## सार संक्षेप

### श्रीकांत स्विस ओपन सेमीफाइनल में, राजावत और जॉर्ज बाहर

**बेसल।** भारत के स्टार शटलर किदांबी श्रीकांत ने स्विस ओपन सुपर 300 टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए शनिवार को यहां क्वार्टर फाइनल में चीनी ताइपे के चिया हाओ ली को 21-10, 21-14 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। श्रीकांत ने शुरू से ही मैच पर अपना दबदबा बनाए रखा और शुरुआत में ही 7-1 की मजबूत बढ़त बना ली और पहला गेम जीतने से पहले दोनों गेम में अपनी लय बरकरार रखी। श्रीकांत के ड्रॉप और स्मैश के मिश्रण का चीनी ताइपे के खिलाड़ी के पास कोई जवाब नहीं था। सेमीफाइनल में उनका सामना चीनी ताइपे के लिन चुन यी से होगा। उधर, प्रियांशु राजावत और किरण जॉर्ज श्रीकांत की सफलता को दोहरा नहीं सके और उन्हें अपने-अपने पुरुष एकल मैचों में हार का सामना करना पड़ा। प्रियांशु सीधे गेमों (15-21, 19-21) में चाउ टीएन चेन से हार गए, जबकि किरण को रासमस गेम्के (23-21, 17-21, 15-21) ने हराया। महिला युगल में ट्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद को ऑस्ट्रेलिया की सेत्याना मापासा और एंजेला यू से सीधे गेम में हार का सामना करना पड़ा। भारतीय जोड़ी पूरे मैच के दौरान संघर्ष करती रही लेकिन अपने विरोधियों से आगे निकलने में असफल रही और अंततः 14-21, 15-21 से हार गई। यह हार विशेष रूप से महत्वपूर्ण है क्योंकि ट्रीसा और गायत्री वर्तमान में ओलंपिक खेलों की योग्यता रैंकिंग में 14वें स्थान पर हैं, और इससे इस साल के अंत में पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने की उनकी संभावनाओं पर असर पड़ सकता है।

### ऑस्ट्रेलियाई ग्रां प्री : पेरेज को दंडित किया गया, तीन ग्रिड स्थान नीचे गिरे

**मेलबर्न।** रेड बुल के सर्जियो पेरेज़ को शनिवार को ऑस्ट्रेलियाई ग्रां प्री में क्वालीफाइंग के दौरान हास एफ1 टीम निको हलकेनबर्ग को रोकने के बाद तीन स्थान की ग्रिड पेनल्टी लगाई गई है। यह घटना क्यू1 के दौरान हुई जब हलकेनबर्ग ने पेरेज़ का सामना किया, जिससे जर्मन को टकराव से बचने के लिए टालमटोल करने वाली कार्रवाई करने के लिए मजबूर होना पड़ा। प्रबंधकों की समीक्षा के बावजूद, यह निर्धारित किया गया कि रेड बुल समय पर पेरेज़ को हलकेनबर्ग की उपस्थिति के बारे में पर्याप्त रूप से चेतावनी देने में विफल रहा, जिसके परिणामस्वरूप मैक्सिकन ड्राइवर को जुर्माना देना पड़ा। मूल रूप से एक प्रभावशाली तीसरे स्थान पर क्वालीफाइंग के बाद पेरेज़ की ग्रिड पेनल्टी ने उन्हें छठे स्थान पर धकेल दिया, लैंडो नॉरिस, चार्ल्स लेक्लर और ऑस्कर पियास्त्री जैसे ड्राइवरों को ग्रिड पर एक स्थान ऊपर उठा दिया।

## प्री-क्वार्टर फाइनल : उत्तराखंड, दिल्ली के मुक्केबाजों का जलवा

**सब जूनियर नेशनल**

**नई दिल्ली,** 23 मार्च (एजेंसियां)। ग्रेटर नोएडा के शहीद विजय सिंह पथिक स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में चल रही तीसरी सब जूनियर नेशनल चैंपियनशिप के चौथे दिन आदित्य मेहरा, उत्तराखंड के चार अन्य मुक्केबाजों के साथ और आरती कुमार समेत दिल्ली के छह मुक्केबाज क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए। लड़कों के वर्ग में उत्तराखंड का दबदबा रहा और पांच में से चार मुक्केबाजों ने आरएससी निर्णय के साथ अपने-अपने मुकाबले जीते। आदित्य मेहरा (35 किग्रा) ने हरियाणा के अंश के खिलाफ आसान जीत दर्ज की, रेफरी ने पहले राउंड में मुकाबला रोककर उत्तराखंड को सही शुरुआत दी। प्रथम चंद (40 किग्रा) ने मध्य प्रदेश के खुशदीप को हराकर 5-0 से जीत हासिल की। प्रज्वल सिंह भंडारी (49 किग्रा), नातियाक प्रसाद (58 किग्रा) और यश कापड़ी (70+ किग्रा) की तिकड़ी ने उत्तराखंड के लिए गति जारी रखी और पहले दौर में ही आरएससी निर्णय के साथ अपने मुकाबले जीत लिए। आंध्र प्रदेश, उत्तर प्रदेश और मणिपुर के चार-चार मुक्केबाज भी जीत के साथ लड़कों के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए। लड़कियों के वर्ग में आरती कुमार (33 किग्रा) ने पहले राउंड में गुजरात की लिसा पर आरएससी की शानदार जीत के साथ दिल्ली के लिए नेतृत्व किया।

# सकामोटो ने तीसरी बार जीता फिगर स्केटिंग विश्व खिताब



**फिगर स्केटिंग विश्व चैंपियनशिप**

**टोक्यो,** 23 मार्च (एजेंसियां)। जापान की काओरी सकामोटो वर्ष 1968 के बाद से फिगर स्केटिंग विश्व चैंपियनशिप में लगातार तीन खिताब जीतने वाली पहली महिला बन गई हैं। 2022 ओलंपिक कांस्य पदक विजेता ने यहां कई ट्रिपल जंप के साथ बेहतरीन प्रदर्शन किया और अपने फ्री स्केट में 222.96 के कुल स्कोर के साथ 149.67 अंक हासिल किए, जो 17 वर्षीय अमेरिकी इसाबेउ लेविटो से 10 अंक अधिक थे। दक्षिण कोरिया की किम चाए-योन ने 203.59 अंकों के साथ कांस्य पदक जीता। 2022 और 2023 में विश्व खिताब जीतने वाले सकामोटो ने कहा कि मैं लघु कार्यक्रम में चौथे स्थान पर थी, इसलिए थोड़ा चिंतित थी लेकिन आज मैं भावनात्मक रूप से वास्तव में अच्छी जगह पर थी और मैं परिणाम से खुश हूं। सकामोटो ने सीजन में अपना दबदबा बनाया है, ग्रांड प्रिक्स सीरीज में जीत हासिल करने के बाद उन्होने चौथा जापानी राष्ट्रीय खिताब जीता है। इससे पहले शुक्रवार को संयुक्त राज्य अमेरिका के मैडिसन चॉक और इवान बेट्स ने रिदम डांस में सीज़न का सर्वश्रेष्ठ 90.08 अंक हासिल करने के बाद अपना आइस डांस खिताब बरकरार रखा। अमेरिकी जोड़ी उपविजेता इटली की चार्लेन गिग्नार्ड और मार्को फैब्री से 2.56 अंक आगे थी। कनाडा के पाइपर गाइल्स और पॉल पोइरियर तीसरे स्थान पर रहे। चॉक ने कहा कि हमें ऐसा लगा कि इस सीज़न के इस कार्यक्रम में यह हमारा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन था। हमने निश्चित रूप से अब तक के अपने सभी प्रदर्शनों में सबसे अधिक आनंद लिया और भीड़ इसका एक बड़ा हिस्सा थी।

# सबालेंका और गॉफ मियामी ओपन के तीसरे दौर में

### बेलारूसी खिलाड़ी ने आखिरकार स्पैनियार्ड की सर्विस तोड़कर 4-3 की बढ़त ले ली



**मियामी ओपन**

**मियामी,** 23 मार्च (एजेंसियां)। दुनिया की दूसरे नंबर की खिलाड़ी आर्यना सबालेंका ने लचीलेपन और फोकस का प्रदर्शन करते हुए मियामी ओपन में पाउला बडोसा पर 6-4, 6-3 की जीत के साथ तीसरे दौर में अपनी जगह पक्की की। बडोसा में एक दृढ़ प्रतिद्वंद्वी का सामना करते हुए, सबालेंका को शुरुआती सेट में प्रतिरोध का सामना करना पड़ा।

हालांकि, अपनी ट्रेडमार्क दृढ़ता का प्रदर्शन करते हुए, उन्होंने बडोसा की सर्विस तोड़कर महत्वपूर्ण बढ़त हासिल कर ली। पहले सेट में, बडोसा ने बहादुरी से संघर्ष किया और सबालेंका के खिलाफ दो ब्रेक प्वाइंट बचाते हुए उल्लेखनीय ताकत का प्रदर्शन किया और 3-2 की बढ़त बना ली। बेलारूसी खिलाड़ी ने आखिरकार स्पैनियार्ड की सर्विस तोड़कर 4-3 की बढ़त ले ली, लेकिन 4-5 से पिछड़ने के बाद अविश्वसनीय पकड़ बनाते हुए सबालेंका से दो सेट प्वाइंट छीन लिए। अपने चौथे सेट प्वाइंट के बाद, मौजूदा ऑस्ट्रेलियाई चैंपियन 1-0 से आगे हो गई। मैच में बने रहने के लिए बडोसा के साहसिक प्रयासों के बावजूद, सबालेंका का दबदबा कायम रहा क्योंकि उन्होंने पहला सेट जीत लिया और दूसरे सेट में जीत हासिल करने के लिए अपनी लय बरकरार रखी। पाउला बडोसा पर जीत के साथ, सबालेंका के पास अब 2023 की शुरुआत से 25 डब्ल्यूटीए-1000 मैच जीत हैं, वह इगा स्वीयाटेक (40), एलेना रिबाकिना (34) और कोको गॉफ (26) के बाद ऐसा करने वाली चौथी खिलाड़ी बन गई हैं। सबालेंका की जीत से अनहेलिना कलिनिना के खिलाफ तीसरे दौर का दिलचस्प मुकाबला तय हो गया है।



# डु प्लेसिस ने हार के लिए शीर्ष क्रम के बल्लेबाजी पतन को जिम्मेदार ठहराया



**चेन्नई,** 23 मार्च (एजेंसियां)। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के कप्तान फाफ डु प्लेसिस ने अनुभवी चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 के अपने शुरुआती मैच में करारी हार के बाद शीर्ष क्रम की बल्लेबाजी के पतन को जिम्मेदार ठहराया। गत दिवस हुए मैच में आरसीबी को शानदार शुरुआत के बाद लड़खड़ाते हुए देखा गया और अंततः उन्हें रुतुराज गायकवाड़ की दृढ़ सीएसके टीम के खिलाफ 6 विकेट से हार का सामना करना पड़ा। टॉस आरसीबी के पक्ष में रहा, जिसने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया, जिससे एक मजबूत लक्ष्य निर्धारित करने की उम्मीद थी। हालांकि, उनकी आकांक्षाएँ शुरू में ही धूमिल हो गईं क्योंकि पावरप्ले के पांचवें ओवर में मुस्तफिजुर रहमान की डबल स्ट्राइक ने उनके शीर्ष क्रम को ध्वस्त कर दिया। झटके के बावजूद, आरसीबी 173 रन का मामूली स्कोर बनाने में सफल रही, जिसका मुख्य कारण अनुज रावत और दिनेश कार्तिक के बीच 95 रन की मजबूत साझेदारी थी।आरसीबी के कप्तान फाफ डु प्लेसिस ने महत्वपूर्ण शुरुआती ओवरों में विकेट गंवाने पर अफसोस जताया और स्वीकार किया कि इससे उन्हें बाकी मैच के लिए बैकफुट पर जाना पड़ा। उन्होंने शुरुआती झटकों के बाद पारी को मजबूत करने के महत्व पर प्रकाश डाला और इस बात पर जोर दिया कि चेन्नई की चुनौतीपूर्ण पिच पर आरसीबी लगभग 15 से 20 रन कम रह गई। जब आप यहां खेलते हैं, तो आपको ऐसा लगता है कि आपको पहले छह घंटों के ओवरों में खेल में थोड़ा आगे निकलना होगा क्योंकि बीच में चेन्नई एक बहुत अच्छी टीम है। उन्होंने कई वर्षों तक ऐसा किया है जहां वे आपको स्पिनरों से निचोड़ते हैं।